निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



घाटशिला में आयोजित चुनावी सभा के दौरान इस अंदाज में दिखे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

• बोकारो, रविवार 9 नवम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 172 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

# पतरातू विद्युत उत्पादन निगम ने यूनिट-एक के कमर्शियल ऑपरेशन के साथ रचा इतिहास

**नवीन सिन्हा / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

## झारखंड की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम : एके सेहगल




**हजारीबाग।** झारखंड की ऊर्जा क्षमता को नई ऊंचाई देने वाले पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने अपनी पहली यूनिट के सफल व्यावसायिक परिचालन (कमर्शियल ऑपरेशन डेट) की घोषणा के उपलक्ष्य में शनिवार को पतरातू स्थित होटल आर्यावर्त में एक भव्य प्रेस मीट का आयोजन किया। इस अवसर पर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एके सेहगल के साथ पीवीयूएनएल के वरिष्ठ अधिकारी, इंजीनियर और कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रेस मीट की शुरुआत में श्रÑ सेहगल ने विभिन्न मीडिया संस्थानों से आए पत्रकारों का स्वागत करते हुए पीवीयूएनएल की प्रगति, योजनाओं और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति उनके सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यूनिट-1 का सफल परिचालन न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश की ऊर्जा आपूर्ति के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इसे झारखंड की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान मानव संसाधन विभाग के प्रभारी अधिकारी जियाउर रहमान ने विस्तृत प्रस्तुति दी। इसमें संयंत्र में अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों, फ्लाई ऐश के उपयोग, उन्नत नियंत्रण और संचार प्रणाली (एडवांस्ड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सिस्टम) तथा आगामी परियोजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की गई। प्रस्तुति में कंपनी की कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) गतिविधियों पर भी विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। इन पहलों में गर्ल एम्पावरमेंट मिशन (जीईएम), मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा और स्थानीय समुदायों के सामाजिक विकास से जुड़ी योजनाएं प्रमुख हैं। इस अवसर पर गर्ल एम्पावरमेंट मिशन पर आधारित एक प्रेरणादायक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसने महिला सशक्तिकरण और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति पीवीयूएनएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। अपने संबोधन में ए.के. सेहगल ने कहा कि पीवीयूएनएल झारखंड की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक विकास के लिए भी समान रूप से समर्पित है। उन्होंने बताया कि संयंत्र की अन्य इकाइयों का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है और आने वाले समय में राज्य को निरंतर, स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान पत्रकारों ने संयंत्र संचालन, निर्माण की प्रगति और भविष्य की योजनाओं से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका कंपनी के अधिकारियों ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। इस संवाद ने कंपनी की पारदर्शिता और जनसंपर्क के प्रति जिम्मेदारी को और सुदृढ़ किया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) अनुपम मुखर्जी, मुख्य वित्त अधिकारी नागेन्द्र मिश्रा, विभागाध्यक्ष (ठेका एवं सामग्री) विजय कुमार केजरीवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। मंच संचालन जनसंपर्क अधिकारी लाची गोला ने किया। गौरतलब है कि पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड एनटीपीसी लिमिटेड की सहायक कंपनी और झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के संयुक्त स्वामित्व वाली एक संयुक्त उद्यम कंपनी है, जिसमें एनटीपीसी की हिस्सेदारी 74 प्रतिशत और जेबीवीएनएल की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत है। कंपनी झारखंड को ऊर्जा-आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ कुल 800 मेगावाट की पांच (कुल 4,000 मेगावाट) क्षमता वाले सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट का विकास दो चरणों में कर रही है। फेज-एक में तीन इकाइयों की कुल क्षमता 2,400 मेगावाट होगी, जिसमें यूनिट-1 का व्यावसायिक परिचालन सफलतापूर्वक आरंभ हो चुका है। फ़ेज-दो के अंतर्गत दो इकाइयों की कुल क्षमता 1,600 मेगावाट होगी। वर्तमान निर्माण प्रगति के अनुसार यूनिट-2 के मार्च 2026 और यूनिट-3 के वर्ष 2027 तक चालू होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### करंट लगने से युवक की मौत

**लातेहार (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के आरागुंडी गांव में शनिवार को करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान आरागुंडी निवासी 22 वर्षीय पप्पू यादव के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। प्रभारी थाना प्रभारी रमाकांत गुप्ता ने बताया कि युवक की मौत करंट लगने से हुई है।

### पेड़ से टकराई बाइक युवक की मौत

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रायडीह प्रखंड अंतर्गत महुआ मोड़ के समीप एक अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में खकसी टोली निवासी 35 वर्षीय विमल लकड़ा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि संतोष मिंज और विनोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दुर्घटनाग्रस्त बाइक को भी जब्त कर लिया है।

### प्रेम प्रसंग में लगाई विवाहिता ने फांसी

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के लरियाडीह गांव में बीती रात एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान अनिल शर्मा की पत्नी 24 वर्षीय पूजा देवी के रूप में हुई है। घटना के समय घर में पूजा और उसकी जेठानी गायत्री देवी अपने-अपने बच्चों के साथ मौजूद थीं। सास-ससुर पारसनाथ (गिरिडीह) स्थित अपनी बेटी के घर गए हुए थे। गायत्री देवी अपने पति सुनील शर्मा से वीडियो कॉल पर बात कर रही थीं तभी किसी ने दरवाजा खटखटाया। पूछने पर पता चला कि घर पर गांव का ही रहने वाला युवक धौनी आया हुआ है। उसने बताया कि पूजा ने फांसी लगा ली है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला व्यक्ति का शव

**धनबाद (नबिटा ब्यूरो)।** झरिया थाना क्षेत्र स्थित ऐना तालाब के पास एक घर के आंगन में 45 वर्षीय चालो भुइंया का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक पेशे से दिहाड़ी मजदूर था और घटना के समय घर पर अकेला था। बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी छठ पूजा के लिए अपने मायके गई हुई थी। सुबह तक घर से कोई हलचल न होने पर आसपास के लोगों ने झांककर देखा तो चालो भुइंया का शव आंगन में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना झरिया थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज मामले की जांच में जुट गयी है।

# संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र अगले महीने यानी दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। संसदीय कार्यमंत्री किरने रिजिजू ने इसकी जानकारी दी है। रिजिजू ने कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र आगामी 1 दिसंबर से शुरू होगा जो 19 दिसंबर तक चलेगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 1 से 19 दिसंबर तक (संसदीय कार्य की अनिवार्यताओं के अधीन) संसदीय सत्र के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि हम आशा करते हैं कि यह सत्र रचनात्मक और सार्थक साबित होगा, जो हमारे लोकतंत्र को मजबूत करेगा और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। इससे पहले संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चला था। इस दौरान संसद में कुल 21 बैठकें हुईं थीं। हालांकि दोनों सदनों, राज्य सभा और लोकसभा में विपक्ष का जोरदार हंगामा देखने को मिला था। मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा हुई जिसमें 130 से ज्यादा सासंदों ने हिस्सा लिया था। वहीं लोकसभा में 14 बिल पेश किए गए थे जिनमें से 12 बिल पास हुए थे। साथ ही राज्यसभा में 15 बिलों को मंजूरी मिली थी। इस लिस्ट में आयकर बिल 2025 भी शामिल था जिसे केंद्र सरकार ने वापस ले लिया था। संसद का मानसून सत्र 21 अगस्त को समाप्त हुआ था। यह 21 जुलाई को शुरू हुआ था। पूरे मानसून सत्र के दौरान विपक्ष के लगातार विरोध प्रदर्शन के कारण कई बार सदन की कार्यवाही स्थगित हुई। बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर विस्तृत चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों का सदन के भीतर और बाहर हंगामा पूरे सत्र के दौरान जारी रहा। विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग और भाजपा पर राज्य में मतदाता सूची में हेरफ़ेर करने की साजिश करने का आरोप लगाया। विपक्ष के जोरदार विरोध के बावजूद लोकसभा ने ऑनलाइन गेमिंग विधेयक, 2025 के प्रचार और विनियमन को पारित कर दिया। साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सत्र के दौरान महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए जिसमें एक ऐसा विधेयक भी शामिल है जो गंभीर आपराधिक आरोपों में फंसे निर्वाचित प्रतिनिधियों को हटाने का प्रावधान करता है। यदि यह कानून लागू हो जाता है तो यह प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्रियों पर लागू होगा। विपक्ष ने इस बिल का कड़ा विरोध किया।

# गोड्डा में दो टैंकरों से 12 हजार लीटर नकली पेट्रोल जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोड्डा।** मुफस्सिल थाना पुलिस ने शुक्रवार की देर रात बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए दो टैंकरों से 12 हजार लीटर से अधिक नकली पेट्रोल जब्त किया। पुलिस को देर रात गुप्त सूचना मिली थी कि बंका से सरकंडा, गोड्डा होते हुए बिहार की ओर अवैध ज्वलनशील पदार्थ ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी आनंद साहा के नेतृत्व में टीम एक्शन में आई। पुलिस ने पाकुड़-गोड्डा मुख्य मार्ग स्थित सिंहवाहिनी पुल के पास रात में ही वाहन जांच शुरू की। लगभग 1:10 बजे चांदनी चौक की दिशा से पहले एक सफ़ेद मैजिक टैंकर और उसके पीछे एक ट्रक टैंकर आता दिखाई दिया। पुलिस चेकिंग देखते ही दोनों वाहनों के चालकों ने टैंकरों को रोककर घुमाने की कोशिश की लेकिन सशस्त्र बल के जवानों ने तुरंत दौड़ लगाकर दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। इस दौरान चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। रात होने और आसपास कोई नहीं होने पर आरक्षी संजीव पंडित और आरक्षी राजीत दुबे की उपस्थिति में वाहनों की जांच की गई। पुलिस ने टॉर्च की रोशनी में टैंकरों के ढक्कन खोले और भीतर रखे पदार्थ को सूंघकर देखा। इसमें पेट्रोल जैसी गंध वाला नकली ज्वलनशील पदार्थ भरा हुआ पाया गया। दोनों टैंकरों से लगभग 12 हजार लीटर नकली पेट्रोल बरामद होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने मौके पर काफी देर तक इंतजार किया लेकिन ज्वलनशील पदार्थ से जुड़े कागजात लेकर कोई भी व्यक्ति नहीं पहुंचा। किसी भी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत न किए जाने पर पुलिस ने विधिवत कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। इसके बाद वाहन मालिक, चालक और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपों में अवैध ज्वलनशील पदार्थ की खरीद-बिक्री, नकली पेट्रोल तैयार करने के लिए रासायनिक मिश्रण का उपयोग, आपराधिक षड्यंत्र, जालसाजी और राजस्व चोरी शामिल हैं।

# नाबालिग प्रेमी जोड़े का मिला शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के मेहसारी पंचायत में नाबालिग प्रेमी जोड़े का शव मिला है। अब यह मामला हत्या का है या फिर आत्महत्या का, पुलिस जांच में जुट गई है। मृतक दोनों प्रेमी जोड़े एक ही गांव के रहने वाले थे। दरअसल शनिवार की सुबह मेहसारी पंचायत वार्ड संख्या-8 में एक प्रेमी जोड़े का शव मिला। मॉर्निंग वॉक के दौरान कुछ लोगों की नजर शवों पर पड़ी। इसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। धीरे-धीरे वहां बड़ी संख्या में लोग इकठ्ठा हो गए। सूचना पर उजियापुर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। मृत लड़के की पहचान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के केराई वार्ड 11 निवासी अक्षय सिंह के पुत्र पंकज कुमार (17-18 वर्ष) के रूप में हुई। वहीं लड़की की पहचान भी उसी गांव की 16 वर्षीय किशोरी के रूप में की गई है। घटना की खबर मिलते ही लड़के के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के बड़े भाई की मानें तो उसका भाई शुक्रवार की शाम घर से निकला था लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। सुबह ग्रामीणों के माध्यम से दोनों के शव मिलने की सूचना मिली तो वे घटनास्थल पर पहुंचे। यह आत्महत्या नहीं लगती बल्कि हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है। स्थानीय लोगों की मानें तो मृत किशोरी का घर किशोर के घर से करीब एक किलोमीटर के दूरी पर है। किशोरी के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है और वह अपने चाचा-चाची के साथ रहती थी।

# झारखंड पुलिस जवान की सड़क दुर्घटना में मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर।** झारखंड पुलिस के जवान ओरिया हेंब्रम को शनिवार को पलामू पुलिस लाइन में अंतिम सलामी दी गई। इसके बाद उनका पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए पैतृक गांव पश्चिमी सिंहभूम के राजगंज भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम जवान ओरिया हेंब्रम पलामू पुलिस लाइन के गेट पर जख्मी हालत में पाए गए थे। उन्हें तत्काल मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। एमएमसीएच में शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। इसके बाद पार्थिव शरीर को पुलिस लाइन लाया गया जहां अवर निरीक्षक नागेंद्र चौधरी के नेतृत्व में उन्हें सलामी दी गई। ओरिया हेंब्रम वर्ष 1999 में झारखंड पुलिस में शामिल हुए थे। वे 2009 से पलामू जिले में पदस्थापित थे और मनातू, छतरपुर, दंगवार सहित कई स्थानों पर अपनी सेवाएं दे चुके थे। पिछले चार महीने से वे पुलिस लाइन में ड्यूटी कर रहे थे। ओरिया हेंब्रम के परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। पार्थिव शरीर को पैतृक गांव भेजने से पहले पुलिस मेंस एसोसिएशन ने दाह संस्कार के लिए परिजनों को 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। उनके भतीजे और चाचा शव लेने के लिए आए थे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में एसडीपीओ सदर मणिभूषण प्रसाद, परिचारी प्रवर सुरेश राम, परिचारी विमल कुमार चंद्रवंशी, पुलिस मेंस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जय प्रकाश पूरी, कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, सचिव लालू उरांव, केंद्रीय सदस्य मोहम्मद इसराइल, अंकेक्षक सुनील कुमार, प्रक्षेत्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह सहित पदाधिकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और संयुक्त सचिव समेत अन्य अधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# संदिग्ध हालात में मिला बुजुर्ग दंपति का शव

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा जिले के हिलसा थाना अंतर्गतकाजी बाजार मोहल्ले में शुक्रवार की रात एक बुजुर्ग दंपति की संदिग्ध हालत में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतकों में 75 वर्षीय मनोहर प्रसाद और उनकी 70 वर्षीय पत्नी सुशीला देवी शामिल हैं। मृतकों के परिवार और पड़ोसी घटना के बारे में किसी भी तरह की जानकारी देने को तैयार नहीं हैं। पड़ोसियों ने बताया कि दंपति पिछले चार-पांच दिनों से घर के अंदर ही थे। घटना का पता तब चला जब पटना में रहने वाले बेटे ने पड़ोसी से संपर्क किया और बताया कि उनके माता-पिता फोन नहीं उठा रहे हैं। पड़ोसियों ने घर के अंदर देखा तो पत्नी अर्धनग्न अवस्था में पति के साथ लिपटी हुई थीं। करीब एक साल पहले मनोहर प्रसाद एक दुर्घटना में गिरने के बाद चलने-फिरने में असमर्थ हो गए थे और तब से घर पर ही रह रहे थे।

# आम लोगों के विकास के लिए झारखंड सरकार संकल्पित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पाकुड़।** पाकुड़ विधानसभा की विधायक निसात आलम ने सदर प्रखंड परिसर में नवनिर्मित प्रखंड विकास पदाधिकारी और कर्मियों के लिए बने भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त महेश संथालिया, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार सहित अन्य अधिकारी और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। लगभग 6 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस भवन का उद्घाटन करने के साथ ही विधायक ने कई करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास भी किया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक निसात आलम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार आम लोगों के विकास के लिए संकल्पित है। उन्होंने बताया कि आज करोड़ों रुपए की जनकल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास किया गया है जिसका लाभ निश्चित रूप से क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। विधायक ने यह भी कहा कि नए प्रखंड भवन के बनने से अधिकारियों और कर्मियों को काफी सुविधा होगी जिससे वे अपने कार्यों को और बेहतर ढंग से कर पाएंगे। उन्होंने जोर दिया कि सरकारी और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सही समय पर लोगों तक पहुंचे, इसके लिए सरकार के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस मौके पर दो चिकित्सकों डॉ. मिनी खातून और डॉ. अबू इस्लाम को विधायक द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इसके अतिरिक्त कई लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। उप विकास आयुक्त महेश संथालिया ने बताया कि राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत जिला प्रशासन आम लोगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# आइइडी विस्फोट में जवान घायल

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा जंगल में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान शनिवार को आईईडी ब्लास्ट हुआ। इस घटना में सीआरपीएफ का स्वान (डॉग) शहीद हो गया जबकि उसका हैंडलर जवान घायल हो गया। ये घटना छोटानागरा थाना क्षेत्र के जंगल इलाके की है। सुरक्षा बलों की एक टुकड़ी जंगल में कॉम्बिंग ऑपरेशन कर रही थी, जब आईईडी विस्फोट हुआ। ब्लास्ट की चपेट में आने से डॉग की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं घायल जवान को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया। पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने इस घटना की पुष्टि की है। एसपी ने कहा कि कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट की आवाज सुनी गई है। अब तक ऐसी कोई सूचना नहीं है कि हमारे जवानों को गहरी चोट आई हो, सभी जवान सुरक्षित हैं।

# रामगढ़ में कोयला मजदूरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** जिले के अरगड्डा एरिया स्थित गिद्दी ए, रैली गढ़ा और गिद्दी सी लोकल सेल में कोयला मजदूरों ने अपने रोजगार हक अधिकार को लेकर शनिवार सुबह से अनिश्चितकालीन हड़ताल की थी। इसके कारण तीनों कोलियरी में कोयला ट्रांसपोर्टिंग और डिस्पैच पूरी तरह ठप हो गया था। प्रबंधन से आश्वासन मिलने के बाद दोपहर 3 बजे हड़ताल समाप्त कर दी गई। विस्थापित प्रभावित सेल संचालन समिति ने रोड सेल में कोयला नीलामी (ऑक्शन) में मजदूरों के हक अधिकार की मांग को लेकर यह कदम उठाया था। समिति के सदस्यों का कहना था कि स्थानीय लोगों को रोजगार सुनिश्चित किया जाना चाहिए। गिद्दी ए के परियोजना अधिकारी (पीओ) आरके सिन्हा ने ग्रामीणों से बातचीत की और एक सप्ताह के भीतर सेल में कोयला ऑक्शन शुरू करने का आश्वासन दिया। इसी तरह गिद्दी सी और रैली गढ़ा कोलियरी के पीओ ने भी दो दिन में सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिलाया। इन आश्वासनों के बाद ही हड़ताल खत्म करने का निर्णय लिया गया। हड़ताल पर बैठे रैयत विस्थापितों ने सीसीएल प्रबंधन को बताया कि सीसीएल ने 1984 में उनकी जमीन का अधिग्रहण किया था। इसके बदले में विस्थापित प्रभावितों को वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध कराने के लिए रोड सेल संचालित किए गए थे ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। हालांकि 2018 से सीसीएल ने अचानक मैनुअल लोडिंग बंद कर दी और उसकी

CMYK

# उपायुक्त ने पीरटांड़ प्रखंड पालगंज स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय व छात्रावास का किया निरीक्षण, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** एकलव्य आवासीय विद्यालय/छात्रावास का होगा कायाकल्प, सौंदर्यीकरण, पूरे परिसर में साफ-सफाई, पौधारोपण, छात्रावास कैम्पस में फुटबॉल ग्राउंड, ऑफिस, रिसेप्शन का नवनिर्माण आदि का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज पीरटांड़ प्रखंड पालगंज स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विद्यालय के संचालन, रखरखाव, शैक्षणिक व्यवस्था, कक्षाओ की स्थिति, बच्चों की संख्या, पढ़ाई की गुणवत्ता, पानी की सुविधाएं, पेयजल एवं स्वच्छता, शौचालय, बाउंड्री वॉल, विद्युत, कैंपस में स्थित ट्रांसफार्मर की वस्तुस्थिति, बच्चों के सेशन की जानकारी, प्लेयिंग एरिया आदि का अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने एकलव्य आवासीय विद्यालय व छात्रावास के कलाकल्प करने की बात कहीं। जिसके तहत कैम्पस के पूरे परिसर में पौधारोपण करने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर में एक गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उपायुक्त ने बच्चों के पठन-पाठन, भोजन, यूनिफॉर्म, क्लास में विद्युतीकरण, पेयजल एवं शौचालय आदि के संबंध में सुधारात्मक व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने वार्डन से बच्चों के रहने, खाने-पीने, यूनिफॉर्म आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा उपायुक्त ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मांझीडीह के संचालन एवं रखरखाव आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने पूरे कैम्पस परिसर का अवलोकन कर विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया तथा विद्यालय के सौंदर्यीकरण, पूरे परिसर में साफ-सफाई, पौधारोपण आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही शौचालय, पेयजल की स्थिति, साफ-सफाई, बच्चों के भोजन की गुणवत्ता, विद्यालय में संचालित स्मार्ट क्लास के संचालन, कंप्यूटर कक्ष, रसोई घर, सीआरसी भवन आदि को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। वहीं आगे उपायुक्त ने प्लस टू उच्च विद्यालय, पीरटांड़ का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से उनके पढ़ाई की जानकारी प्राप्त की, विज्ञान, गणित, इतिहास आदि विषयों के संबंध में बच्चों से सवाल किए और बच्चों के प्रश्न के जबाव दिए। आगे निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीयकृत अनुसूचित जनजाति बालिका उच्च विद्यालय का निरीक्षण कर छात्राओं को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य को छात्राओं को ठंडे के कपड़ों, ब्लेजर आदि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने भोजन की गुणवत्ता, भंडार घर, परिसर की साफ-सफाई, प्लेयिंग एरिया, पौधारोपण आदि के निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त ने विद्यालय प्रबंधन को बच्चों को नियमित फिजिकल टेस्ट पीटी कराने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने बच्चों को अनुशासन, नियमित व्यायाम, रूटीन वर्क समेत कई मार्गदर्शन दिए। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की ओर से जो भी सुविधाएं छात्राओं को उपलब्ध कराई जानी हैं, उन्हें किसी प्रकार की कमी के बिना मुहैया कराई जाय। ताकि विद्यार्थियों को शैक्षणिक वातावरण के साथ-साथ आवश्यक सहूलियतें भी मिल सकें। डुमरी प्रखंड में क्रियान्वित विकास योजनाओं का निरीक्षण, दिए गए जरूरी दिशा-निर्देश आगे उपायुक्त ने डुमरी प्रखंड अंतर्गत पंचायत कुलगो दक्षिणी में डीएमएफटी योजना मद के तहत क्रियान्वित उदवह सिंचाई योजना का मरम्मती निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उपायुक्त ने धान की खेतों में उतरकर फसलों की सिंचाई सुविधा का जायजा लिया तथा संबंधित एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक मरम्मत या रखरखाव कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि खेतों को निर्बाध सेवा मिल सके। उपायुक्त ने कहा कि यह परियोजना किसानों की आय बढ़ाने, फसल विविधीकरण, पलायन रोकने और ग्रामीण इलाकों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगी। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी, अंचलाधिकारी, डुमरी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# यह स्वागत कक्ष महज एक कमरा नहीं है, यह विश्वास का केंद्र है : एसपी डॉ. विमल कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज हम सब एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक अवसर पर यहाँ एकत्रित हुए हैं। गिरिडीह जिलान्तर्गत महिला थाना परिसर में स्वागत कक्ष के उद्घाटन के साथ, हम न्याय और सुरक्षा की दिशा में एक नई पहल की शुरूआत कर रहें हैं यह स्वागत कक्ष महज एक कमरा नहीं है, यह विश्वास का केंद्र है, यह संवेदना का प्रतीक है, और यह समाधान की ओर ठोस कदम है इसका मुख्य उद्देश्य महिलाएँ जो शिकायतें लेकर आती हैं, उन्हें भय-मुक्त और सम्मानजनक वातावरण प्रदान करना है।

हमारा लक्ष्य है कि शिकायतकर्ता को थाना परिसर में आते ही यह महसूस हो कि वह सुरक्षित स्थान पर है इस कक्ष के माध्यम से, हम महिला संबंधी शिकायतों के समाधान और त्वरित निष्पादन को सुनिश्चित करेंगे। यहाँ अनुभवी परामर्शदाता और महिला पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहेंगे जो न केवल कानून का पालन करेंगे, बल्कि समझदारी और संवेदनशीलता से समस्याओं का निराकरण करेंगे कई बार, कानून से ज्यादा परामर्श और संवाद की जरूरत होती है। यह स्वागत कक्ष, शिकायत को एफआईआर में बदलने से पहले, समझौते और आपसी सुलह के लिए एक प्लेटफॉर्म भी प्रदान करेगा महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं है, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए मुझे यह कहते हुए गर्व है कि गिरिडीह पुलिस हमेशा से महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों को शून्य सहनशीलता जीरो टॉलरेंस की नीति से देखती आई है। यह पहल हमारे उसी संकल्प को और मजबूत करती है। हम चाहते हैं कि गिरिडीह की हर महिला और बच्ची यह जाने कि पुलिस उनकी दोस्त है, उनका सहारा है महिला थाना के सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मैं कहना चाहता हूँ कि अपने कार्य में संवेदनशीलता का उच्च स्तर बनाए रखें। आपकी वाणी, आपका व्यवहार, और आपका समाधान करने का तरीका ही इस कक्ष की सफलता का मै माना होगा गिरिडीह जिला के सभी महिलाएँ एवं बहनों से मेरा निवेदन है कि चुप न रहें! अगर आपके साथ, या आपके आसपास किसी भी महिला के साथ कोई भी अन्याय होता है, तो तुरंत इस स्वागत कक्ष में आइए। गिरिडीह पुलिस हमेशा आपके साथ खड़ी है!

# प्रजाबाद ने जीता चौपारण में आयोजित नमो फुटबॉल टूनामेंट का खिताब

■ सांसद मनीष जायसवाल और विधायक मनोज कुमार यादव रहे मुख्य अतिथि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चौपारण (हजारीबाग)।** सांसद खेल महामहोत्सव के अंतर्गत आयोजित नमो फुटबॉल टूनामेंट का समापन बिरसा खेल मैदान, डुमरी में हुआ। फाइनल मुकाबले में प्रजाबाद (बेलाही) की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लराही को पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

टूनामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में बरही विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए।

सेमीफाइनल में लराही ने गंगाआहार को हराया, जबकि प्रजाबाद ने ओबरा टीम को मात देकर फाइनल में प्रवेश किया था। फाइनल मुकाबले में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रजाबाद के प्रेम यादव को मिला। वहीं मैन ऑफ द सीरीज का सम्मान ओबरा के दुर्गेश और लराही के कृष्णा रजक को प्रदान किया गया। विजेता और उपविजेता टीम को सांसद द्वारा नमो ट्रॉफी और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि नमो टूनामेंट का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि 'आज युवा दिनभर मोबाइल में व्यस्त रहते हैं, लेकिन खेल से जुड़कर वे अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगा सकते हैं।' विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि 'नमो टूनामेंट से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और निखारने का बेहतर मंच मिला है।' कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति अध्यक्ष सह मुखिया बिरेन्द्र रजक ने की, जबकि सचिव विजय यादव और कोषाध्यक्ष सहदेव प्रसाद यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, जीप प्रतिनिधि सुधीर कौशल, मुखिया संतोष सिंह, मंटु सिंह, जानकी यादव, मोहन साव, समिति सदस्य जनार्धन सिंह, प्रतिनिधि बालेश्वर साव, अधिवक्ता बसंत साव, बेलाही टीम के संरक्षक कपिल यादव और कोच भोला यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# रफ्तार घटाओ सुरक्षा बढ़ाओ जागरूकता अभियान

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जागरूकता का स्थान - पचंबा थाना एसएच 13 गिरीडीह जिले में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए परिवहन विभाग,राँची के निदेर्शानुसार पुलिस उपाधीक्षक यातायात जिला परिवहन पदाधिकारी, गिरिडीह , पचंबा प्रभारी एवं मोटर यान निरीक्षक, गिरिडीह के साथ संयुक्त रूप से पचंबा थाना एसएच-13 गिरिडीह के पास रफ़्तार घटाओ सुरक्षा बढ़ाओ हिट एंड रन एवं गुड सेमिरिथन योजना के बारे में जागरूकता अभियान किया गया और बताया गया की वाहन को उनकी गति सीमा के अंदर ही चलाएँ इससे जरूरत पढ़ने पर वाहन को रोकने तथा नियंत्रित करने का पर्याप्त समय मिलता है, नियंत्रित गति सीमा से बाहर वाहन चलाने पर मोटरयान अधिनियम 2019 की धारा 183 के तहत आपको दंड स्वरूप भरना पड़ सकता है, सड़क पर रेसिंग करते पकड़े जाने पर चालक को मोटरयान तो अधिनियम 2019 की धारा 189 के तहत पहले अपराध के लिए पाँच हजार या तीन महीने के कारावास या दोनों से दंडित किया जाएगा साथ ही सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें।

# गांडेय विधानसभा अंतर्गत पड़ने वाले भालपहाड़ी बांध परियोजना को मिली नई गति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड राज्य की वर्षों पुरानी और बहुप्रतीक्षित भालपहाड़ी बाँध परियोजना को लेकर अब एक नई उम्मीद जगी है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के गांडेय विधानसभा अंतर्गत आने वाले धनबाद, गिरिडीह और जामताड़ा जिलों की जीवनरेखा कही जाने वाली इस परियोजना के शीघ्र निर्माण की दिशा में केंद्र सरकार के स्तर पर सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं इस पहल के केंद्र में हैं भारत सरकार की माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी जो कोडरमा लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं।

उन्होंने इस महत्वपूर्ण परियोजना को लेकर व्यक्तिगत रुचि दिखाते हुए इसे जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल के समक्ष रखा दरअसल, गिरिडीह जिले के समाजसेवी एवं भाजपा कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार जालान ने इस परियोजना के महत्व और झारखंड के विकास में इसके योगदान को रेखांकित करते हुए अन्नपूर्णा देवी को पत्र लिखा था। उन्होंने आग्रह किया था कि भालपहाड़ी बाँध परियोजना को केंद्र सरकार की प्राथमिकता में लाकर शीघ्र स्वीकृति दी जाए अन्नपूर्णा देवी ने इस विषय को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए जल



शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल को पत्र लिखकर इस परियोजना के शीघ्र निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया। अपने पत्र में उन्होंने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि भालपहाड़ी बाँध परियोजना झारखंड के धनबाद, गिरिडीह और जामताड़ा जिलों की जीवनरेखा है। इस परियोजना से लगभग 55,344 हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई, लाखों लोगों को पेयजल सुविधा, तथा क्षेत्रीय उद्योगों को जल आपूर्ति संभव होगी। इससे न केवल कृषि और उद्योगों को बल मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। यह परियोजना 1984-85 से लंबित है और जनहित में इसके शीघ्र निर्माण की आवश्यकता है अन्नपूर्णा देवी के इस हस्तक्षेप के बाद, जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल जी ने दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को औपचारिक रूप से पत्र जारी करते हुए उत्तर दिया कि जल संसाधन परियोजनाओं की योजना और रखरखाव राज्य सरकार के अधीन होता है, जबकि केंद्र सरकार तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करती है उन्होंने बताया कि दमोदर घाटी निगम डीविसी द्वारा भालपहाड़ी बाँध परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर तैयार की जा रही है, जिसमें जलाशय सिमुलेशन अध्ययन भी शामिल है। यह रिपोर्ट प्राप्त होते ही केंद्रीय जल आयोग द्वारा इसका तकनीकी और आर्थिक मूल्यांकन किया जाएगा। पाटिल ने यह भी कहा कि आवश्यकता होने पर यह विषय झारखंड, पश्चिम बंगाल और डीविसी के साथ समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ाया जा सकता है, जिससे परियोजना के कार्यान्वयन में तेजी लाई जा सके इस पूरी प्रक्रिया की शुरूआत गिरिडीह जिले के समाजसेवी मुकेश कुमार जालान की पहल से हुई, जिन्होंने स्थानीय जनता की दशकों पुरानी मांग को केंद्र तक पहुँचाया। वहीं, अन्नपूर्णा देवी ने न केवल इस मुद्दे को गंभीरता से लिया, बल्कि अपनी सक्रिय भूमिका के माध्यम से इसे जल शक्ति मंत्रालय के सर्वोच्च स्तर तक पहुँचाया अब जब जल शक्ति मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि परियोजना की डीपीआर तैयार हो रही है और मूल्यांकन की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ होगी, तो इससे उम्मीद की जा रही है कि निर्माण कार्य भी जल्द शुरू होगा इस परियोजना के निर्माण से झारखंड के तीन प्रमुख जिलो धनबाद, गिरिडीह और जामताड़ा— के लगभग चार लाख लोगों को स्वच्छ पेयजल, सिंचाई, औद्योगिक विकास, बिजली और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक जीवन में इसका गहरा प्रभाव देखने को मिलेगा झारखंड के विकास की दृष्टि से यह पहल न केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि है, बल्कि जनता की लंबे समय से चली आ रही आकांक्षा की पूर्ति की दिशा में एक बड़ा कदम भी है।

# झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर उप विकास आयुक्त ने की में बैठक, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर गिरिडीह जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में आज उप विकास आयुक्त,स्मृता कुमारी ने डीआरडीए सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की गई। सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं आयोजन से जुड़ी एजेंसियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम की प्रत्येक गतिविधि की तैयारी समय से और समन्वयपूर्वक पूरी की जाए, ताकि आगंतुकों एवं आमजन के लिए किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक में पंडाल, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, पार्किंग, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आपदा प्रबंधन जैसे सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। संबंधित विभागों के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि प्रत्येक व्यवस्था उच्च गुणवत्ता की हो और सुरक्षा के सभी मानकों का पालन किया जाए। सभी अधिकारियों से कहा कि यह अवसर झारखंड की गौरवशाली परंपरा और संस्कृति को प्रदर्शित करने का है। कार्यक्रम के हर पहलू में झारखंडी पहचान और संस्कृति की झलक अवश्य दिखाई दे। साथ में यह भी कहा कि स्थापना दिवस समारोह में बड़ी संख्या में



आमजन, जनप्रतिनिधि एवं अतिथि उपस्थित रहेंगे, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा तैयारियों की नियमित समीक्षा करते रहें। इसके अलावा उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि मनरेगा के तहत प्रभात फेरी, मेट्स, मनरेगा मजदूर, बागवानी सखी, ग्रामीण एवं पंचायत कर्मचारी सहित जुलूस, मनरेगा नारे, गीत, बैनर, मनरेगा मांग पंजीकरण, कार्य आवंटन, जॉब कार्ड वितरण योजना पास/जॉब कार्ड जारी समेत अन्य कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। साथ ही सोशल मीडिया कैम्पैन के बारे में भी बताया गया, कि योजनाओं को सोशल मीडिया साइट्स जैसे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि पर 25इयर्स ऑफ झारखण्ड, झारखण्ड सिल्वर जुबिली, प्राउड ऑफ झारखण्ड, झारखण्ड राइजिंग हैशटैग के साथ पोस्ट किया जायेगा।

# गिरिडीह बस स्टैण्ड में एजेंट ने यात्री के साथ की मारपीट



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** गिरिडीह बस पड़ाव में शनिवार को एक परिवार के साथ बस पड़ाव में रहने वाले बबलू सिंह और उसके गुर्गो ने मारपीट करने के साथ ही महिलाओं के साथ भी बदतमीजी की। बबलू सिंह शहर के भुइया टोली का रहने वाला है और वह बस पड़ाव में ही ऑटो चालको से वसूली करता है शनिवार को जब बोकारो के जरिडीह निवासी पंकज सिंह अपने परिवार के साथ बस स्टैंड में उतरकर ऑटो में बैठे तो बबलू सिंह ने पहले ओटो ड्राइवर के साथ फिर यात्री पंकज सिंह के साथ मारपीट करने लगा इस दौरान जब महिलाएं पंकज सिंह को बचाने आई तो बबलू सिंह के गुर्गो ने महिलाओ को भी नही बक्शा, और उनके साथ भी धक्का मूक्की करते हुए गाली गलौज करने लगे। मामले को लेकर पंकज सिंह ने नगर थाना को आवेदन देकर बबलू सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराया है. वही नगर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल आरोपी फरार बताया जा रहा है।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने की जिले भर के प्रखंड अध्यक्षों की एक बैठक आयोजित की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज गिरिडीह जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केड़िया के आवासीय कार्यालय में जिले भर के प्रखंड अध्यक्षों की एक बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केड़िया ने की बैठक में आगामी 13 नवंबर को जिले के प्रखंड अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष का प्रशिक्षण शिविर रांची में होना है उसके हेतु सत प्रतिशत उपस्थिति कैसे सुनिश्चित हो इस पर जोर दिया गया तथा आगामी 25 नवंबर तक जिले भर के तमाम पंचायत कमेटियों का गठन और बी एल ए की नियुक्ति को लेकर दिशा निर्देश दिए गए तथा संगठन में कैसे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए इस पर विचार विमर्श किया गया है इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने सभी से आग्रह किया कि



समय पर संगठन सृजन का कार्य पूर्ण करें ताकि हमें जन-जन तक पहुंचने में आसानी हो और हम जनसमस्यों को हल करने की ओर आगे बढ़ सकें तथा पार्टी को ग्राम स्तर तक मजबूत बना सकें इस अवसर पर मुख्य रूप से गिरिडीह सदर प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद निजामुद्दीन बेंगाबाद प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल शास्त्री गांडेय प्रखंड अध्यक्ष अकबर अंसारी देवरी प्रखंड अध्यक्ष मनोज राय जमुआ प्रखंड अध्यक्ष निजामुद्दीन अंसारी गावां प्रखंड अध्यक्ष रणधीर चौधरी तीसरी प्रखंड अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी राजधनवार प्रखंड अध्यक्ष निरंजन तिवारी सरिया प्रखंड अध्यक्ष अभिनंदन प्रताप सिंह बगोदर प्रखंड अध्यक्ष अशोक निराला डुमरी प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर मंडल पीरटांड़ प्रखंड अध्यक्ष धनंजय गोस्वामी बिरनी से मोहम्मद असलम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव नरेश वर्मा बिलाल अहमद हुसैनी सोहेल इराकी मोहम्मद आलम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत बरही प्रखंड का किया दौरा

■ विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया तथा विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का निरीक्षण किया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**हजारीबाग।** उपायुक्त ने उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, करीयातपुर एवं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कोरियाडीह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बच्चों की उपस्थिति की जांच की। उपायुक्त ने इस दौरान 12वीं कक्षा में पहुंचे एवं अध्ययनरत बच्चों को इतिहास विषय से संबंधित प्रश्न पूछे और उन्हें मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने, विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने तथा सत्र के अंत तक सिलेबस पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

इसके बाद उपायुक्त ने आंगनवाड़ी केंद्र, पंचमाधव का निरीक्षण किया तथा बच्चों से बातचीत कर पोषण आहार, उपस्थिति एवं साफ-सफाई की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र के संचालक को नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और बच्चों की पोषण स्थिति पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। दौरे के क्रम में उपायुक्त ने बिरहोर टोला,बरियत का भी भ्रमण किया और वहाँ रह रहे बिरहोर समुदाय के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने उनके आवासीय परिसरों, स्वास्थ्य सुविधाओं और बिजली व्यवस्था का अवलोकन किया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि बिरहोर समुदाय के लिए नियमित स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु विशेष कैंप, आवासों की मरम्मती एवं बिजली कनेक्शन की मरम्मत शीघ्र सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने अंत में कहा कि प्रशासन का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना है।

# उपायुक्त ने उद्वह सिंचाई योजना की मरम्मती तथा निर्माण कार्य का किया अवलोकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव ने डुमरी प्रखंड अंतर्गत पंचायत कुलगो दक्षिणी में डीएमएफटी योजना मद के तहत क्रियान्वित उदवह सिंचाई योजना का मरम्मती निर्माण कार्य का अवलोकन किया।

इस दौरान उपायुक्त ने धान की खेतों में उतरकर फसलों की सिंचाई सुविधा का जायजा लिया तथा संबंधित एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक मरम्मत या रखरखाव कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि खेतों को निर्बाध सेवा मिल सके। उपायुक्त ने कहा कि यह परियोजना किसानों की आय बढ़ाने, फसल विविधीकरण, पलायन रोकने और ग्रामीण इलाकों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगी।



# रजिस्टर के आंकड़ों में विसंगति पर उपायुक्त नाराज




## बीडीएम व बीपीएम लाएं कार्य प्रणाली में सुधार, अन्यथा कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। जिले की उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस शनिवार को पाटन कार्यालय पहुंची। उन्होंने पाटन प्रखंड सभागार में जिले के विभिन्न वरीय पदाधिकारियों संग बैठक की। पदाधिकारियों को आयुषमान अरोग्य मंदिर व सीएचसी का निरीक्षण के लिए सूची प्रदान की। उपायुक्त ने स्वयं पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों व कर्मियों का बायोमैट्रिक अटेंडेंस, प्रसव कक्ष, मदर केयर, कंगारू मदर केयर, जन्म-मृत्यु निबंधन, दंत विभाग, दवा भंडारण, एमटीसी, अटेंडरों के बैठने वाले स्थानों, कोल्ड चेन का जीवन रक्षक दवा की उपलब्धता, प्रसव गृह की स्थिति, जन औषधि केंद्र, बाथरूम की साफ सफाई, बिजली उपकरणों की स्थिति आदि की जांच की। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छता, दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टर व कर्मचारियों की उपस्थिति व आपातकालीन सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली।

***होम डिलीवरी एवं इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी को लेकर गंभीर रहने के निर्देश***

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बीडीएम से होम डिलीवरी व इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी के रजिस्टर की गहनता से जानकारी ली। इस दौरान आंकड़ों में विसंगति पायी गई। इस पर उपायुक्त ने बीडीएम व बीपीएम को कार्य प्रणाली में सुधार लाने अन्यथा भविष्य में कार्रवाई के लिए तैयार रहने की बात कही।उपायुक्त ने प्रसव कक्ष में भर्ती महिलाओं से बातकर उनसे हॉस्पिटल का फीडबैक लिया।

***इस्तेमाल नहीं होने वाले उपकरणों को स्क्रैप करने की करें कार्रवाई : उपायुक्त***

निरीक्षण के दौरान डीसी ने पाया कि कई कमरों में विभिन्न मेडिकल उपकरण इस्तेमाल योग्य नहीं है। ऐसे सामानों को स्क्रैप कमेटी की मीटिंग कर उसका निष्पादन सुनिश्चित करने पर बल दिया। मलेरिया वार्ड का निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीज़ों का फॉलोअप रखने पर बल दिया। इसी तरह उन्होंने नेशनल ट्यूबरक्लोसिस एलिमिनेशन प्रोग्राम के रजिस्टर की भी जांच की। साथ ही सक्सेस रेट की जानकारी ली। इसी तरह उन्होंने एमटीएस, एसटीएस, युवा मैत्री केंद्र, टीकाकरण केंद्र, मेडिसिन स्टोर का निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान डीसी ने मेडिसीन स्टोर प्रभारी को दवाइयों को उनके प्रोटोकाल अनुसार संधारण नहीं करने पर नाराजगी प्रकट की। मौके पर केंद्र के प्रभारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

***विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा इन केंद्रों का किया गया निरीक्षण***

उपायुक्त के निर्देश पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने पंड़वा के गरेड़ीयाडीह व गाड़ीखास आयुष्मान अरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। इस क्रम में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ केंद्र, किशुनपुर, छत्तरपुर अनुमण्डल पदाधिकारी ने पीएचसी नवाजयपुर व आयुषमान अरोग्य मंदिर दीपौउआ, सहायक समाहर्ता ने आयुषमान अरोग्य मंदिर पचकेड़िया, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने आयुष्मान अरोग्य मंदिर शोले, हुसैनाबाद के कार्यपालक दंडाधिकारी ने नौडीहा के आयुष्मान अरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। वहीं आयुषमान अरोग्य मंदिर पाल्हेकला का बीडीओ ने जायज़ा लिया।

***पदाधिकारियों कई बिंदुओं पर जांच करते हुए किया निरीक्षण***

पदाधिकारियों ने सामान्य बुनियादी ढांचा परिवेश अंतर्गत समग्र स्वच्छता, साइननेज, मरीज प्रतीक्षालय, पेयजल की सुविधा, शौचालय की जांच की।इसी तरह प्रमुख सेवा वितरण क्षेत्र के तहत ओपीडी परामर्श, फार्मेसी, आवश्यक दावओं की उपलब्धता, लैब, प्रसव कक्ष, आंतरिक रोगी विभाग व आपातकालीन कैजुअल्टी का अवलोकन किया गया। वहीं आवश्यक सहायक सेवाएं अंतर्गत एंबुलेंस सेवा, एंबुलेंस स्टाफ, बायोमेडिकल कचरा प्रबंधन की जानकारी ली गयी।इसी तरह कर्मचारी व प्रबंधन अंतर्गत कर्मचारियों की उपस्थिति, सूचना का प्रदर्शन, रिकॉर्ड संधारण व शिकायत निवारण विषय पर भी जांच किया गया। जांच के पश्चात डीसी ने पाटन ब्लॉक में सभी पदाधिकारियों संग बैठक कर जांच रिपोर्ट की समीक्षा की।

# घाटशिला उपचुनाव में प्रचंड बहुमत से सोमेश सोरेन की जीत तय : अविनाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। दिशोम गुरुजी के सपनों व झारखंड सरकार के दिवंगत शिक्षामंत्री रामदास सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए घाटशिला की जनता एकजुट है। आगामी 11 नवंबर को होने वाले घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन समर्थित स्वर्गीय रामदास सोरेन के पुत्र झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। यह दावा युवा झामुमो नेता अविनाश देव ने किया है। अविनाश देव ने कहा कि स्वर्गीय रामदास सोरेन जी के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए घाटशिला के मतदाता तीर-कमान के निशान पर क्रम संख्या दो में बटन दबाकर सोमेश सोरेन को विधानसभा भेजेंगे। उन्होंने गांव-गांव घूमकर जनता से अपील की कि वे एकजुट होकर महागठबंधन के उम्मीदवार को जिताएं। इससे क्षेत्र में विकास की गति और तेज हो सके। कहा कि छात्र, नौजवान, किसान, मजदूर और दुकानदार सभी वर्ग सोमेश सोरेन के समर्थन में खड़े हैं। बड़ाजुड़ी, कालचिति, हीरागंज, रघुनाथपुर, चेनजोड़ा, सोरोंडाबर, कशीदा, कदमडीह, अमैनगर, मुसाबनी और लटिया सहित विभिन्न गांवों में जनता ने एकमुश्त झामुमो के पक्ष में मतदान का आश्वासन दिया है। अविनाश देव ने कहा कि यह जीत केवल सोमेश सोरेन की नहीं होगी बल्कि यह रामदास सोरेन, जगन्नाथ महतो व दिशोम गुरुजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सोमेश सोरेन की विजय से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथ मजबूत होंगे व घाटशिला क्षेत्र में अधूरे कार्यों को पूरा करने के साथ नए विकास कार्यों में तेजी आएगी। जनता का रुझान प्रचंड है व विरोधी चारों खाने चित होंगे।

# धोनी क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी जामताड़ा के लिए रवाना, खेलेंगे फ्रेंडली मैच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। पांकी रोड स्थित धोनी क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी जामताड़ा में आयोजित होने वाले फ्रेंडली क्रिकेट मैच में भाग लेने के लिए सोमवार को शक्तिपुंज एक्सप्रेस से रवाना हुए। मैत्रीपूर्ण मुकाबला विद्यासागर क्रिकेट एकेडमी जामताड़ा के साथ खेला जाएगा। टीम के साथ एकेडमी के कोच रविंद्र सिंह भी मौजूद थे। धोनी क्रिकेट एकेडमी के निदेशक सुमित बर्मन ने कहा कि पलामू क्रिकेट संघ द्वारा जल्द ही लीग प्रारंभ होने वाला है। ऐसे में खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास व अनुभव दिलाने के लिए इस प्रकार के इन्विटेशनल मैच बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य पलामू के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाना है। अन्य जिलों की मजबूत टीमों के साथ मुकाबला करने से



खिलाड़ियों के खेल, तकनीक व आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। उम्मीद है कि मैच के अनुभव से हमारे खिलाड़ी आने वाले लीग में शानदार प्रदर्शन करेंगे। खिलाड़ियों के रवाना होने से पूर्व अमरेश कुमार मेहता, दीपक तिवारी व दीपेन्द्र सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाए दी व उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की। रवाना होने वाले खिलाड़ियों में पीयूष कुमार, हर्षा गुप्ता, प्रियांशु दुबे, कुमार सुषांत देव, ईशान सिंह, प्रकाश कुमार, सुधीर कुमार, निशांत पासवान, आशीष जायसवाल, नॉतिक शेखर, आसिफ अहमद, आर्यन राज, कार्तिक कुमार के नाम शामिल है। खिलाड़ियों के रवाना होने के दौरान एकेडमी परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। परिजनों, प्रशिक्षकों व खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया व सफलता की शुभकामनाएं दी।

# झारखंड प्रदेश डीजल सीएनजी ऑटो चालक महासंघ ने किया ट्रैफिक प्रभारी को सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित छह मुहान के रिहल्सल मोड़ टेंपो स्टैंड में झारखंड प्रदेश डीजल सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश महासचिव राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात प्रभारी का स्वागत किया गया। इसकी अध्यक्षता महासंघ के पलामू अध्यक्ष रमाकांत दुबे ने की। सैकड़ों टेम्पो चालकों ने यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार दुबे का स्वागत करते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रमंडलीय महासचिव भारत कुमार द्विवेदी ने किया। मौके पर यातायात प्रभारी ने टेंपो चालकों से कहा क रोड पर गाड़ी खड़ा कर रोड जाम नहीं करें। टेम्पो का सभी कागज व चालक का लाइसेंस रहे तभी गाड़ी चलाएं। साथ ही सभी टेम्पो चालक अपना ड्रेस कोड में गाड़ी चलाएं।

# एयरपोर्ट को शुरू करने की दिशा में बड़ा कदम दूंदीबाग में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। इस्पात नगरी बोकारो से हवाई सेवा शुरू करने की दिशा में जिला प्रशासन ने शनिवार को महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एयरपोर्ट बाउंड्री से सटे दूंदीबाग इलाके में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। एयरपोर्ट के पास बने अवैध बूचड़खाने और कब्जों को उड़ान सेवा शुरू होने में प्रमुख बाधा माना जा रहा था। जिले में योगदान देते ही बोकारो डीसी अजय नाथ ने एयरपोर्ट संचालन को अपनी प्राथमिकता बताया था। डीजीसीए द्वारा लाइसेंस निर्गत न होने की मुख्य वजह एयरपोर्ट सीमा के आसपास मौजूद अवैध निर्माण और बूचड़खाने थे। शनिवार को बीएसएल के टाउन एडमिनिस्ट्रेशन विभाग, जिला प्रशासन, पुलिस और दंडाधिकारियों की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाने की शुरुआत की।

***नोटिस के बाद भी नहीं हटाया गया था अतिक्रमण***

बीएसएल संपदा न्यायालय ने अतिक्रमणकारियों को पहले ही इविक्शन ऑर्डर जारी कर नोटिस भेजा था, लेकिन किसी ने भी कब्जा नहीं हटाया। शनिवार को भारी पुलिस बल—करीब 100 जवानों—और बीएसएल सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में अभियान शुरू किया गया।

***"सहयोग जरूरी, नहीं तो उड़ान सेवा संभव नहीं" : बीएसएल जीएम***

बीएसएल के जीएम ए.के. सिंह ने बताया कि 7–8 वर्षों से एयरपोर्ट संचालन अतिक्रमण की वजह से अटका हुआ है। डीजीसीए मानकों के अनुसार एयरपोर्ट के पास मीट शॉप या हॉटमेंट होने से फ्लाइट संचालन में खतरा होता है। इसलिए सभी अवैध निर्माण हटाना जरूरी है। उन्होंने कहा, "एयरपोर्ट शुरू करना है तो सभी को सहयोग करना होगा।" बीएस सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास ने बताया कि बीएसएल स्टेट कोर्ट के आदेश के बाद कार्रवाई की जा रही है। सुरक्षा के लिए जिला पुलिस, बीएसएल गार्ड्स और मजिस्ट्रेट मौके पर तैनात रहे। इस अभियान के साथ बोकारो एयरपोर्ट शुरू होने की दिशा में उम्मीदें एक बार फिर मजबूत हुई हैं।

# झारखंड में मल्टी पर्पस स्टाफ सेवा नियमावली लागू, कर्मचारी महासंघ ने की सराहना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। कैबिनेट से पास होने के बाद झारखंड सरकार ने राज्य में बहुप्रतीक्षित झारखंड राज्य बहुद्देशीय सहायक (मल्टी पर्पस स्टाफ) सेवा नियमावली 2025 को अधिसूचित कर दिया है। इस नियमावली के लागू होने के साथ विभिन्न सरकारी विभागों में लंबे समय से लंबित बहुउद्देशीय सहायक पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ ने सरकार द्वारा की गई पहल की सराहना की। जिसकी खबर के बाद सरकार ने यह निर्णय लिया है। महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि इस नियमावली के बन जाने से राज्य सरकार के सभी विभागों में कार्यरत कर्मियों की भर्ती सेवा शर्तें, पदोन्नति, स्थानांतरण और अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया निर्धारित हो गई है। ***मल्टी पर्पस स्टाफ नियमावली में क्या है खास***

मल्टी पर्पस स्टाफ नियमावली के अनुसार बहुउद्देशीय सहायकों को कार्यालय में विभिन्न सामान्य प्रशासनिक कार्यों जैसे फाइल मूवमेंट, अभिलेख रख-रखाव, बैठकों में सहयोग, दस्तावेजों की स्कैनिंग, कंप्यूटर आधारित सहायक कार्य और कार्यालय परिसर की स्वच्छता जैसे कार्य करने होंगे।अब तक राज्य सरकार के विभागों में कर्मियों की स्पष्ट भूमिका तय नहीं होने से कार्य निष्पादन में कठिनाई होती थी। नई व्यवस्था से न केवल कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा मिलेगी, बल्कि विभागों के बीच समन्वय भी मजबूत होगा। गौरतलब है कि राज्य गठन के बाद से ही चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति प्रोन्नति को लेकर कोई नियमावली नहीं होने से अलग-अलग तरीके से विभागों में नियुक्तियां होती थी। जिसमें कई तरह की खामियां आ रही थी। ऐसे में वैसे कर्मचारी जो लंबे समय से कार्यरत हैं उन्हें प्रोन्नति को लेकर उम्मीदें जरूर जग गई हैं।

# हर घर नौकरी और महिलाओं को 30 हजार देने का तेजस्वी ने किया वादा

**चुनावी सभा**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। महागठबंधन के घोषित मुख्यमंत्री प्रत्याशी तथा बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर महागठबंधन की सरकार बनी तो बिहार के हर घर में एक सरकारी नौकरी के साथ ही मकर संक्रांति के अवसर पर महिलाओं को 30 हजार के साथ कई सुविधाएं उपलब्ध कराए जाएंगे। तेजस्वी शनिवार को नवादा के आइटीआइ मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवादा से महागठबंधन के राजद प्रत्याशी पूर्व विधायक कौशल यादव को माला पहनकर लोगों को उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसके पूर्व तेजस्वी यादव गोविंदपुर में राजद



के प्रत्याशी पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। तेजस्वी ने नवादा जिले के नेमदारगंज में नीतू सिंह को विजय बनाने की अपील की तथा सिरदला में पिंकी भारती को वोट देकर विजय बनाने की अपील की। पकरी वर्मा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा कि अनीता कुमारी को वोट देकर विजय बनाए। महागठबंधन सरकार बनने पर बिहार में विकास की गति को तेज की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार बनी तो मां बहन योजना के तहत महिलाओं को राशि देने के साथ ही हर घर में एक-एक नौकरी दिए जाएंगे। तेजस्वी ने कहा कि महागठबंधन सरकार 200 यूनिट बिजली मुफ्त देगी। किसानों का बिजली बिल माफ होगा तथा परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की प्रतियोगिता परीक्षा फीस माफ कर दी जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा में बैठने वाले बेरोजगार युवक काफी परेशान रहते हैं, इसलिए उनकी फीस को माफ कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष तक आपने नीतीश कुमार को मौका दिया है। एक बार तेजस्वी को मौका देकर देखिए नया बिहार बनाकर छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे हेलीकॉप्टर को रोकने के लिए एनडीए के द्वारा एक साथ 30-30 हेलीकॉप्टर बिहार चुनाव में लगाया गया है लेकिन तेजस्वी अकेले सभी का नाक में दम कर रखा है। उन्होंने कहा कि इस बार महागठबंधन की सरकार बनी तो बिहार का कायाकल्प हो जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि नवादा के उम्मीदवार कौशल यादव, गोविंदपुर के प्रत्याशी पूर्णिमा यादव, वारसलीगंज के प्रत्याशी अनीता देवी, रजौली के प्रत्याशी पिंकी भारती तथा हिसुआ के कांग्रेस प्रत्याशी नीतू सिंह को भारी बहुमत से विजय बनाएं तभी महागठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में युवाओं की सरकार बनेगी , बेहतर कार्य बिहार में विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब महागठबंधन सरकार बनेगी तो बिहार से युवाओं को शिक्षा, दवाई, कमाई की बेहतर व्यवस्था कर दी जाएगी। किसी को भी नौकरी के लिए बिहार से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। तब बिहारी अपने आप को गौरवांवित महसूस करेंगे। आज बिहार में बेरोजगारी के कारण युवा तरसते हैं। वही जुमलेबाजी की सरकार में बैठे लोग मस्त नजर आ रहे हैं। नवादा विधानसभा के राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी कौशल यादव ने भी सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने की अपील की। इस मौके पर राजद नेता श्रवण कुशवाहा, उदय यादव, पूर्व विधान पार्षद सलमान रागिब मुन्ना आदि मौजूद थे।

# दो टैंकर जब्त 18 हजार लीटर अवैध ईंधन बरामद



**नकली पेट्रोल का खुलासा**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा**। जिले में नकली पेट्रोल के अवैध कारोबार का बड़ा भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने करीब 18,000 लीटर नकली पेट्रोल जब्त किया है। पुलिस ने इस गोरखधंधे में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों समेत दो तेल टैंकर भी बरामद किए हैं। हालांकि अवैध धंधे से जुड़े कोई भी कारोबारी अब तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका है।

जमनी पुल के पास दो टैंकर पकड़े, चालक मौके से फरार एसडीपीओ अशोक रविदास ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र से नकली पेट्रोल लेकर कुछ टैंकर बिहार भेजने की तैयारी में हैं। सूचना के आधार पर जमनी पुल के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो संदिग्ध टैंकर नजर आए, लेकिन पुलिस को देखते ही उनके चालक मौके से फरार हो गए। दोनों टैंकरों को जब्त कर थाने लाया गया, जहां जांच में पता चला कि उनमें बड़ी मात्रा में नकली पेट्रोल भरा हुआ था।

पीपरजोरीया में छापेमारी, 10 पानी टंकी और 18 हजार लीटर नकली पेट्रोल बरामद पुलिस ने देवदांड़ थाना क्षेत्र के पीपरजोरीया गांव में भी छापेमारी की। यहां ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर नकली पेट्रोल तैयार करने का अड्डा पकड़ा गया। छापेमारी के दौरान 10 बड़ी पानी टंकियों में रखा करीब 18 हजार लीटर नकली पेट्रोल और निर्माण सामग्री बरामद की गई। हालांकि, यहां भी आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले फरार हो गए। पुलिस पूरे नेटवर्क का खाका खंगालने में जुटी है और धंधे में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# चिराग पासवान की हुंकार, अगले पांच साल स्वर्णिम काल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को नवादा जिले के रजौली प्रखंड अंतर्गत अमावां गांव में एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित किया। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान 11 नवंबर से पूर्व यह जनसभा एनडीए की ताकत दिखाने के लिहाज से महत्वपूर्ण थी। चिराग पासवान ने मतदाताओं से जोरदार अपील करते हुए कहा कि आने वाले पांच साल बिहार के लिए 'स्वर्णिम काल' होंगे, बशर्ते केंद्र और राज्य दोनों जगह एक ही गठबंधन यानी 'डबल इंजन' (एनडीए) की मजबूत सरकार बने।

***विकास के लिए 'डबल इंजन' अनिवार्य***

केंद्रीय मंत्री ने विकास की गति तेज करने के लिए केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में समान विचारधारा वाली सरकार से ही बिहार अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ पाएगा। उन्होंने दावा किया कि 6 नवंबर को पहले चरण के मतदान के रुझानों से यह स्पष्ट हो गया है कि 14 नवंबर को मतगणना के बाद एनडीए की सरकार एक बार फिर बिहार में बनने जा रही है।

***लोजपा (रामविलास) के प्रत्याशियों के लिए मांगा समर्थन***

चिराग पासवान ने रजौली विधानसभा से पार्टी प्रत्याशी विमल राजवंशी और गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र से विनीता मेहता को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन उम्मीदवारों का सदन में होना इसलिए जरूरी है ताकि वे सत्ताधारी पक्ष के अंग बनकर क्षेत्र की समस्याओं को सरकार तक पहुंचा सकें। उन्होंने चेतावनी दी कि विपक्ष के नेता बहाने बनाकर 5 साल तक समस्याओं को टालते रहेंगे।



***गरीब कल्याण और एम-वाई समीकरण पर जोर***

चिराग पासवान ने एनडीए सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मोदी की उज्ज्वला, आयुष्मान कार्ड और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पेंशन वृद्धि और महिलाओं को उद्यमी बनने हेतु दी जा रही आर्थिक सहायता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उनके पिताजी रामविलास पासवान की पहल पर 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है, जो अमीरी-गरीबी के बीच के भाई को दूर कर रहा है। उन्होंने महागठबंधन पर जात-पात और मजहब के नाम पर समाज को बांटने और सिर्फ एक ही परिवार तक मुख्यमंत्री पद सीमित रखने का आरोप लगाया। इसके विपरीत, चिराग ने अपना 'एम-वाई' समीकरण स्पष्ट किया, जिसमें 'एम' में महिला और 'वाई' में यूवा साथी हैं। उन्होंने दोहराया कि उनका लक्ष्य 'जात-पात धर्म से उठकर सबको एक साथ लेकर आगे बढ़ने' और 'बिहार फर्स्ट और बिहारी फर्स्ट' की सोच के साथ राज्य को विकसित बनाना है। जनसभा में हजारों समर्थकों की भीड़ मौजूद रही और चिराग पासवान ने 11 नवंबर को दोनों उम्मीदवारों को वोट देकर विधानसभा भेजने का अनुरोध किया। इस दौरान मंच साझा करने वाले नेताओं में लोजपा (आर) के राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र कुमार मुन्ना, पूर्व विधायक बनवारी राम, जिला परिषद सदस्य बसंती देवी, पूर्व मुखिया मुसाफिर चौधरी, मेसकौर जिला परिषद सदस्य सरोज राजवंशी,रजौली उत्तरी जिला परिषद सदस्य इंद्रदेव राम, लोजपा के जिला अध्यक्ष मनोज सिंह, हम पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक मांझी, नरेश राजवंशी,कारु राम, पूर्व प्रमुख हरिश्चंद्र राजवंशी, सुरेंद्र राजवंशी, रुद्र प्रताप सिंह, गौरव शांडिल्य गगन, अनुग्रह सिंह, सुजीत कुमार, छोटू सिंह, मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार, संतोष वर्मा, रामविलास वर्मा, राजेश शर्मा, पूनम कुमारी, रण्जीत सिंह, सुरेंद्र कुमार गोलू, सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं हजारों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिहार के विकास के लिए एनडीए की सरकार है जरूरी : चिराग पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिले के गोह में आज एनडीए की विशाल जनसभा आयोजित हुई। सभा में हजारों की भीड़ उमड़ी और गांधी मैदान जयकारों से गूंज उठा। इसमें लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि "बिहार के विकास के लिए एनडीए की सरकार जरूरी है।" उन्होंने जनता से एनडीए के अधिकृत प्रत्याशी डॉ. रणविजय कुमार के पक्ष में मतदान की अपील की। चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और अब बिहार में भी विकास की गंगा बहाने का समय आ गया है। मंच पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने फूलों की माला पहनाकर चिराग पासवान का स्वागत किया। सभा को भाजपा प्रत्याशी डॉ. रणविजय कुमार ने भी संबोधित किया और लोगों से एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :

**ई. निविदा संख्या : ईएल/39/खुली/2025–26, क्र.सं. 1 : कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : (अ)** चैनपुर : धनबाद डिविजन के तहत चैनपुर (सीएनपीआर) यार्ड में मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) का प्रावधान। **(ब)** धनबाद : वंदे भारत और अमृत भारत के रखरखाव के लिए कोचिंग डिपो डीएचएन में पिट नंबर 1 पर रखरखाव सुविधा का उन्नयन। **(स)** बिराटोली (बीआईआरटी) स्टेशन पर रेलवे के स्वामित्व वाले इलेक्ट्रॉनिक इन मोशन वेब्रिज की स्थापना का प्रस्ताव। **(द)** डीएमबीआर, डीएनईए, एएमएलओ और बेरमो में पाइप जलापूर्ति का प्रावधान और सुधार से संबंधित वैद्युतिक कार्य । **(कार्य समापन अवधि : बारह माह), क्र.सं. 2 कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 55,81,519.59, **क्र.सं. 3 बिड सिक्युरिटी :** रू. 1,11,600.00, **क्र.सं. 4 बिड मूल्यांकन प्रणाली :** एक पैकेट प्रणाली,

**ई. निविदा संख्या : ईएल/40/खुली/2025–26, क्र.सं. 1 : कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : (अ)** धनबाद डिविजन के धनबाद में 33/11 केवी सबस्टेशन में विद्युत परिसंपत्तियों का सुदृढ़ीकरण **(ब)** धनबाद डिविजन में मुख्य ट्रांसमिशन लाइनों में पुराने और कम रेटेड बिजली केबलों के लिए बिजली आपूर्ति प्रणाली का विस्तार। **(कार्य समापन अवधि : बारह माह), क्र.सं. 2 कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 1,43,16,178.79, **क्र.सं. 3 बिड सिक्युरिटी :** रू. 2,21,600.00, **क्र.सं. 4 बिड मूल्यांकन प्रणाली :** एक पैकेट प्रणाली,

**ई. निविदा संख्या : ईएल/41/खुली/2025–26, क्र.सं. 1 : कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** धनबाद डिविजन में रंगीन लाइट सिग्नलिंग (सीएलएस) पैनलों के लिए तीन वर्षों के लिए वार्षिक मरम्मत अनुबंध। **(कार्य समापन अवधि : छत्तीस माह), क्र.सं. 2 कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 10,11,185.96, **क्र.सं. 3 बिड सिक्युरिटी :** रू. 20,200.00, **क्र.सं. 4 बिड मूल्यांकन प्रणाली :** एक पैकेट प्रणाली,

● **ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई निविदा बंद होने की तिथि : दिनांक 01.12.2025 को 11:00 बजे। ई निविदा खुलने की तिथि : दिनांक 01.12.2025 को 11.30 बजे के बाद। ● वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट **ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/1252/डीएचएन/वि./टी/25–26/68

# सड़क पर मिली वीवी पैट की पर्चियां

- डीएम तथा एसपी जांच में पहुंचे
- राजद ने आयोग पर उठाए सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** विपक्षी दलों की ओर से वोट चोरी के लगातार लग रहे आरोप के बीच समस्तीपुर के सरायरंजन में सड़क पर वीवीपैट की पर्ची मिलने को बड़ा मामला माना जा रहा है।हालांकि इसको प्रशासन की ओर से कहा जा रहा है कि यह मॉक पोल से जुड़ा है।

बावजूद इसे सही तरीके से डिस्पोज नहीं करने की लापरवाही तो है। जिले के सरायरंजन विधानसभा के गुड़मा गांव में शनिवार को एक साथ सैकड़ों की संख्या में वीवीपैट की पर्ची फेंकी मिली। इतनी अधिक संख्या में पर्चियों के बाहर मिलने से हड़कंप मच गया।

इस मामले में राष्ट्रीय जनता दल ने चुनाव आयोग से सवाल पूछा है। साथ ही विपक्ष की ओर से लगातार वोट चोरी के लगाए जा रहे आरोप के बीच इस लापरवाही ने कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं।

आनन-फानन में इसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन को दी गई। सूचना पर डीएम सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रोशन कुशवाहा, एसपी अरविंद प्रताप सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी विनोद कुमार समेत आला अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। इसका जायजा लेते हुए कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी।

उक्त स्थल की दूरी डिस्पैच सेंटर से आधा किलोमीटर की बताई गई है। डीएम घटनास्थल का निरीक्षण कर ही रहे थे कि इसी दौरान निर्दल प्रत्याशी कुणाल कुमार और जनसुराज के प्रत्याशी सज्जन मिश्र भी मौके पर पहुंचे।

प्रत्याशियों ने प्रशासन से समुचित कार्रवाई की मांग की है। प्रत्याशियों के साथ मौके पर सैकड़ों की संख्या



में समर्थक भी भीड़ भी जुट गई। लोग प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करते नजर आए। लोगों की भीड़ को देखते हुए एहतियात के तौर पर पुलिस टीम की तैनाती की गई।

कई थानों की पुलिस टीम के साथ सदर एसडीपीओ वन संजय कुमार ने स्वयं मोर्चा संभाला। वहीं माइकिंग के जरिए लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

डीएम ने स्वयं ही माइक के जरिए जांच करने की बात कही है। बताया गया कि प्रशासन ने सभी पर्चियों को जब्त कर लिया है। प्रारंभिक जांच पड़ताल के बाद में स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है।

जिला प्रशासन द्वारा लापरवाही बरतने वाले कर्मियों को निलंबित किया जा रहा है। इधर, डीएम ने कहा कि कमीशनिंग के दौरान पांच फीसदी मशीनों में एक-एक माक पोल होता है। उक्त पर्ची उसी से जुड़ा हो सकता है।

पुख्ता तौर पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। सभी को जब्त कर जांच की जा रही है। पर्ची पर वीवीपैट के नंबर अंकित होते हैं। यह तकनीक जांच का विषय है। प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

वहीं एसपी ने बताया कि उक्त घटना के संदर्भ में सरायरंजन थाना में विधिवत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक अनुसंधान कराई जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा लापरवाही बरतने वाले कर्मियों को निलंबित किया जा रहा है।

राजद की ओर से इस मामले को उठाने और एक्स पर पोस्ट करने के बाद चचाओं का बाजार गर्म हो गया है। समर्थक तरह-तरह के आरोप लगा रहे हैं।

सामान्य लोगों का भी कहना है कि चुनाव के इस माहौल में उसको सही से डिस्पोज नहीं किए जाने की लापरवाही तो है। प्रशासन को इसको देखना चाहिए। प्राथमिकी की जांच में में क्या बात सामने आती है ? इसका सभी को इंतजार है।

## लाठी-डंडे में दो जख्मी

**बेनीपुर ।** बहेड़ा थाना क्षेत्र के दो गांवों में चुनावी एवं पुरानी रंजिश में मारपीट हुई। इसमें दो लोग घायल हो गए। जरिसो गांव में चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। इसमें एक पक्ष ने तेज धारदार हथियार से एक व्यक्ति को घायल कर दिया। घायल स्व.राज कुमार झा के पुत्र मनोज कुमार झा पप्पू को स्थानीय लोगों ने बेनीपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना को लेकर पीड़ित मनोज कुमार झा पप्पू ने बहेड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि चुनाव कार्य संपन्न होने के बाद में गांव के ही चौक पर बैठा था। इस बीच गांव के ही दिलीप झा का पुत्र विक्रम झा से चुनाव को लेकर तू-तू, मैं-मैं हुई। इसके बाद उसने गाली गलौज करते हुए जान मारने की नियत से तेज धारदार हथियार से छाती पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया तथा गर्दन से लगभग एक लाख के सोने की चेन छीन लिया। थानाध्यक्ष हरिद्वार शर्मा ने बताया कि जरिसो गांव में मारपीट की घटना हुई है घायल के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मंच से हरा गमछा देख भड़के तेजप्रताप यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मानपुर।** वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र मानपुर प्रखंड के संनौत गांव में दिन जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजप्रताप यादव ने जनसभा को संबोधित किया। मंच पर आते ही उन्होंने अपने पिता के अंदाज में तीखे तंज कसे और जमकर जोश भरा।

तेजप्रताप बोले, प्रदेश की सरकार ने आम आदमी को पापड़ बेलने पर मजबूर कर दिया है। बेरोजगारी चरम पर है। सरकार जनता को लूटने में लगी है। जगह-जगह बहुरूपिए घूम रहे हैं, उनसे सतर्क रहना होगा।

इसी बीच उनकी नजर भीड़ में एक शख्स पर पड़ी, जिसके कंधे पर हरे रंग का गमछा था। तेजप्रताप का मूड तुरंत बदल गया। उन्होंने माइक पकड़ते हुए कहा, अभी एगो हरा पार्टी वाला आ गया। जयचंदवा के पार्टी का। पांचगो जयचंदवा मिलकर हमरा घर से बाहर कर दिए। ई गमछा हटाओ।

फिर क्या था, भीड़ भी ठहाकों से गूंज उठी। तेजप्रताप बोले- हम सलाम करते हैं उन जयचंदों को जिन्होंने हमें बाहर किया, क्योंकि आज हम जनता के बीच हैं। जनता ही हमारा घर है।

कुछ देर बाद फिर उनकी नजर एक और हरा गमछे पर पड़ी। उन्होंने उसी जोश में कहा- देखो, एक अउर जयचंदवा के पार्टी वाला आ गया। हरा-हरा गमछा लेकर। उतारो ई गमछा। यहां भगवान कृष्ण का पीला गमछा चलता है, समझे।

मंच के नीचे खड़े युवा ठहाके लगाते रहे, जबकि तेजप्रताप बार-बार जयचंद शब्द दोहराते हुए अपने भाषण में भावनात्मक अंदाज जोड़ते रहे। जाते-जाते लोगों से समर्थन मांगा।

पूरी सभा के दौरान भीड़ में ठहाके, शोर और तालियों की गूंज थी। तेजप्रताप अपने बिंदास तेवर और पिता वाले लहजे से एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का केंद्र बन गए।

# भाजपा कार्यालय के बाहर राजद कार्यकर्ताओं का हंगामा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव शनिवार को आरजेडी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने जमुई आए थे। इस दौरान राजद प्रत्याशी शमशाद आलम द्वारा जुलूस निकाला गया, जिसमें राजद कार्यकर्ताओं ने बीजेपी ऑफिस के बाहर हंगामा किया। इसे लेकर जमुई सदर थाना में केस दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार तेजस्वी यादव के कार्यक्रम के उपरांत बिना अनुमति के राजद प्रत्याशी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जुलूस निकाला। लेकिन, इस दौरान भाजपा कार्यालय के बाहर राजद कार्यकताओं ने खूब उत्पात मचाया।

भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि राजद कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय में तोड़फोड़ की ओर धार्मिक नारे लगाए। इस दौरान देश विरोधी नारे लगाने का भी दावा किया जा रहा है।

इस मामले को लेकर भाजपा की केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने



प्रेसवार्ता किया। उन्होंने बताया कि जमुई की भाजपा प्रत्याशी श्रेयसी सिंह को वहां के राजद प्रत्याशी द्वारा धमकाया जा रहा है।

राजद प्रत्याशी ने श्रेयसी सिंह के चुनाव कार्यालय में तोड़फोड़ की है। वहीं, इसे लेकर उत्तर प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने भी राजद पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजद कार्यकर्ताओं ने करीब 40 मिनट तक एंबुलेंस को रोक रखा। इस पूरे मामले को लेकर केस दर्ज कराया गया है। सदर थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि दंडाधिकारी के बयान पर राजद प्रत्याशी के खिलाफ बिना अनुमति के जुलूस निकालने को लेकर केस दर्ज किया गया है।

# सड़क ऊंची और मकान नीचा, कोर्ट ने लगाया ब्रेक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा ।** नगर निगम क्षेत्र में सड़कों के गलत निर्माण पर उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। चैंबर ऑफ कामर्स की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह कार्रवाई हुई है। इस संबंध में हाई कोर्ट ने एक नवंबर को आदेश जारी किया है।

दरभंगा चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष पवन कुमार सुरेका, प्रधान सचिव सुशील कुमार जैन, उपाध्यक्ष कृष्णदेव साह, कोषाध्यक्ष मुकेश खेतान, सचिव अभिषेक चौधरी एवं इस कार्य विशेष हेतु प्रतिनियुक्त मुकुंद बैरोलिया ने संयुक्त रूप से बताया कि लंबे समय से दरभंगा शहर में सड़कों और नालियों का निर्माण हो रहा है। कहने को तो शहर का कायाकल्प हो रहा है।

मजबूत चौड़ी सड़कें और नालियां बन रही हैं, लेकिन वस्तुस्थिति इससे भिन्न है। दुनिया का यह एक ऐसा अजूबा शहर है, जहां सड़कें लोगों के मकान के लेबल से ऊंची और नालियां सड़कों के लेबल से ऊंची बनाई जा रही हैं।

बारिश होने पर पानी पहले आपके मकान और दुकान में घुसेगा। उसका स्तर ऊंचा होने पर वह सड़क पर बहेगा और सड़क के डूब जाने पर नालियों में जाएगा। इस समस्या पर यहां की जनता ने काफी विरोध जताया और सरकार से गुहार लगाई। चैंबर ने स्थानीय प्रशासन को अपनी चिंता और समस्या से अवगत करवाया। लेकिन कोई निदान नहीं निकला। विवश होकर चैंबर ने उच्च न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के समक्ष उनके 19 अप्रैल 2010 और 16 मई 2013 के आदेश का हवाला दिया।

न्यायालय ने इस पर संज्ञान लेते हुए सड़क और नालों के निर्माण पर तत्काल रोक लगा दी है। पूर्व में न्यायालय का यह स्पष्ट आदेश था कि सड़क निर्माण के समय जितनी मोटी ढलाई की जानी है उतनी मोटी परत पहले सड़क की छिली जाए।

चैंबर ने न्यायालय के पूर्व के इसी आदेश को आधार बनाया था। अब न्यायालय ने प्रशासन से उनका जवाब मांगा है कि वे बताएं कि क्या निर्माण कार्य में न्यायालय के पूर्व के आदेश का अनुपालन किया गया है।

# बाबा गरीबनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी के साथ बदतमीजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** गरीबनाथ मंदिर में प्रधान पुजारी विनय पाठक के साथ बदसलूकी की गई। मंदिर में लगे सीसी कैमरे में इसका वीडियो कैद हो गया है। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित हो रहा है।

घटना के बाद शाम तक नगर थाने की पुलिस वहां झांकने तक नहीं गई। हालांकि पुलिस का कहना है कि घटना की शिकायत नहीं मिली है। जबकि वहां दो पुजारी अमरनाथ पाठक और संतोष पाठक की ओर से नगर थाने में आवेदन देने की बात कही गई है।

इस संबंध में प्रधान पुजारी से पूछे जाने पर कहा कि मंदिर में लगे सीसी कैमरे के फुटेज में सारा मामला कैद है। कहा कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से देखेगी तो सारा मामला स्पष्ट हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत श्रीगरीबनाथ न्यास समिति के अध्यक्ष से की जाएगी। वहां से जैसा आदेश



आएगा, उसके बाद आगे की कार्यवाही होगी।प्रसारित वीडियो में दिख रहा है कि मंदिर के ग्राउंड में जहां पर रसीद कटती है, वहां पर पुजारी अभिषेक पाठक को किसी से झगड़ा हुआ।

इसकी जानकारी प्रधान पुजारी को मिलने पर उनको कार्यालय में बुलाया। उसके बाद वे प्रधान पुजारी अपने चाचा से लड़ गए। इस दौरान मारपीट की घटना हुई। वीडियो में विनय पाठक के कमरे से अभिषेक पाठक निकलते हुए दिख रहे हैं।

वह गुस्से में कुछ कहते दिख रहे हैं। पीछे से विनय पाठक भी बाहर निकलते हैं। उनसे अभिषेक पाठक उलझते हुए दिखते हैं। इसके बाद वहां हंगामा होता है। आपस में नोकझोंक के बीच मारपीट की स्थिति भी बन गई। कई लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत किया।

इस मामले में अभिषेक पाठक ने कहा कि मंदिर के पंडित धांधली करते हैं। वे बाहर के पुजारी से पूजा कराते हैं। वह वसूली करते हैं। इसकी शिकायत न्यास के अध्यक्ष से भी की थी। कार्रवाई नहीं हुई तो उन पंडितों को आज बाहर निकाले। इसके बाद संतोष पाठक एवं अन्य ने मारपीट की।

इधर, नगर थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि मंदिर में मारपीट की शिकायत नहीं मिली है। कोई आवेदन भी नहीं मिला है। शिकायत आती तो पुलिस वहां जांच के लिए जरूर जाती। बता दें कि मंदिर परिसर में इस तरह की घटनाएं आए दिन होती रहती है, फिर भी इसको लेकर न्यास समिति कोई ठोस फैसला नहीं ले पा रही। इसके कारण वहां पुरोहितों के बीच हमेशा टेंशन बना रहता है।

# कुकर फटने से मां-बेटी झुलसी, भर्ती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नरबतपुर गांव में रविवार को खाना बनाते समय बड़ा हादसा हो गया। रसोई में प्रेशर कुकर फटने से एक महिला और उसकी किशोरी बेटी गंभीर रूप से झुलस गई। घटना के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने आनन-फानन में दोनों को चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें नाजुक हालत में सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान नरबतपुर निवासी धर्मेंद्र यादव की पत्नी पुष्पा देवी और पुत्री सुंदरी कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, खाना बनाते समय अचानक कुकर तेज आवाज के साथ फट गया।

इससे गर्म दाल और भाप पुष्पा देवी के शरीर पर फैल गई, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। रसोई में मौजूद उनकी बेटी सुंदरी भी झुलसकर घायल हो गई। परिवार ने बताया कि पुष्पा देवी की हालत चिंताजनक बनी हुई है, जबकि सुंदरी का इलाज जारी है। हादसे के बाद गांव में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे घरेलू असावधानी का परिणाम बताया और रसोई में सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी है। पुलिस ने मामले की जानकारी प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है।

प्रेशर कुकर का सुरक्षित उपयोग घरेलू हादसों को रोकने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसमें सबसे पहले गुणवत्तायुक्त और आइएसआइ मार्क वाला कुकर चुनना चाहिए। उपयोग से पहले गैस्केट, वेंट पाइप और सेफ्टी वाल्व की नियमित जांच करें कि वे साफ, लचीले और किसी तरह से जाम नहीं हों।

खाना पकाते समय पानी की उचित मात्रा डालें, कुकर को अधिक न भरें, ढक्कन ठीक से बंद करें, आंच मध्यम रखें और सीटी आने के बाद गैस कम कर दें। पकने के बाद प्रेशर पूरी तरह रिलीज होने तक इंतजार करें। कभी जबरदस्ती न खोलें, और बच्चों को रसोई से दूर रखें।नियमित रखरखाव से विस्फोट का खतरा न्यूनतम हो जाता है।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत महिलाओं में जगाया गया मतदान का अलख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले में 11 नवंबर 2025 को होने वाले मतदान को लेकर मतदाता जागरूकता का अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम श्रीकांत शास्त्री के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत व्यापक डोर-टू-डोर अभियान चलाया गया, जिसमें विकास मित्रों, आंगनवाड़ी सेविकाओं, जीविका दीदियों और टोला सेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान के दौरान नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें मतदान के महत्व और अपने मताधिकार के प्रयोग की अपील की गई।

इस पहल में बैलट बिटिया नामक स्टीकर और बैज घरों, दीवारों तथा सड़कों के आसपास लगाए गए, ताकि लोग जब अपने घरों से बाहर निकलें तो मतदान की तिथि और उसके महत्व की याद बनी रहे। इस दृश्य अपील ने नागरिकों में मतदान के प्रति निरंतर जागरूकता और उत्साह का



माहौल तैयार किया।

ग्रामीण महिलाओं और युवाओं ने सामूहिक रूप से मेरा वोट, मेरा अधिकार का नारा बुलंद किया, जिससे लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक भागीदारी की प्रेरणा मिली। अभियान का लक्ष्य समाज के हर वर्ग, विशेषकर महिलाओं, प्रथम मतदाताओं और वंचित समुदायों तक मतदान का संदेश पहुंचाना और एक सशक्त लोकतांत्रिक वातावरण का निर्माण करना रहा।

जिला निर्वाचन कार्यालय ने इस अभियान को इस तरह से संचालित किया कि हर घर और हर व्यक्ति तक मतदान की सूचना और जागरूकता पहुंचे।अभियान में भाग लेने वाले विकास मित्रों और सेविकाओं ने कहा कि घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करना लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे इस अभियान से यह स्पष्ट संदेश गया कि मतदान सिर्फ अधिकार नहीं, बल्कि नागरिकों की जिम्मेदारी भी है। औरंगाबाद जिले में इस पहल ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में मतदान के प्रति उत्साह और विश्वास पैदा किया है, जिससे चुनाव में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने की उम्मीद जगी है।

# गेटमैन की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

## मालगाड़ी के चक्के से निकल रहा था धुंआ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** शनिवार को शेखपुरा स्टेशन से 5 किमी दूर सहनौरा रेलवे फाटक पर मालगाड़ी में बड़ा हादसा होते-होते टल गया। रेलवे फाटक पर तैनात गेट मैन पावन कुमार की सतर्कता से यह हादसा टला।

इसके कारण सहनौरा का रेलवे फाटक लगभग 25 मिनट बंद रहा, जिसके कारण कोसुंभा-शेखपुरा मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार खड़ी हो गई।

बताया गया शनिवार की दोपहर बाद कोयला लदी के बड़ी मालगाड़ी गया से शेखपुरा की तरफ आ रही थी। शेखपुरा स्टेशन से 5 किमी पहले कोसुंभा रेलवे क्रासिंग के पास कोयला लदी माल गाड़ी के एक डिब्बे के चक्के से तेज धुआं निकल रहा था। इस दौरान मालगाड़ी अपनी पूरी गति में बढ़ रही थी।

कोयला लदी चलती मालगाड़ी के चक्के से तेज धुआं निकलते देखकर क्रासिंग के गेट मैन ने दो किमी आगे सहनौरा रेलवे फाटक के गेटमैन को फोन पर इसकी सूचना दी।

सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए गेटमैन पवन कुमार ने लाल झंडी दिखाकर ट्रेन को रुकवा दिया तथा चालक को इसकी सूचना दी। इसके कारण मालगाड़ी ठीक रेलवे फाटक पर रुक गई,जिससे सड़क मार्ग आधा घंटे तक अवरुद्ध रहा।

बाद में मालगाड़ी के चालक और गेट मैन ने मिलकर चक्के से निकल रहे धुएं को बुझाया, तब मालगाड़ी शेखपुरा की तरफ आगे बढ़ी।

शेखपुरा स्टेशन के पदाधिकारी ने बताया मालगाड़ी के चालक ने बाद में शेखपुरा पहुंचकर इसकी सूचना दर्ज कराई है।

# सदर अस्पताल का गैस प्लांट खराब, निजी वेंडरों से खरीदी जा रही गैस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** कोरोना की दूसरी लहर के बाद वर्ष 2021 में पीएम केयर फंड से सदर अस्पताल परिसर में लगभग एक करोड़ की लागत से आक्सीजन प्लांट स्थापित किया गया था, जिसके कारण कोरोना की तीसरी लहर में लोगों को काफी राहत मिली थी।

लेकिन इधर लगभग दो सालों से मामूली खराबी के कारण आक्सीजन प्लांट बंद है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्लांट का कंप्रेशर खराब है। प्लांट से आक्सीजन के उत्पादन के साथ-साथ उसकी सप्लाई भी बंद है।

दो सालों में भी स्वास्थ्य विभाग से सदर अस्पताल के आक्सीजन प्लांट की मरम्मत नहीं हो सकी, जिसके कारण सदर अस्पताल के मरीजों को उस प्लांट से आक्सीजन की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

खराब कंप्रेशर के अलावा प्लांट में और भी कई खामियां बताई जा रही हैं। जिसे ठीक करने में भारी खर्च बताया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि आक्सीजन प्लांट की मरम्मत के लिए कम से कम दो लाख रुपये की जरूरत है। खर्च के लिए सदर अस्पताल के पास फंड नहीं



है। सदर अस्पताल के साथ-साथ जिला स्वास्थ्य समिति के पास फंड का अभाव है, जिसके कारण इसकी मरम्मत नहीं हो रही है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, प्लांट के खराब कंप्रेशर को बदलने के लिए अहमदाबाद से संपर्क किया गया था। लेकिन बताया गया है कि पैसा जमा कराए जाने के बाद ही वहां से इंजीनियर भेजकर उसे ठीक कराया जाएगा।

प्लांट से अस्पताल की इमरजेंसी, ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम, चाइल्ड वार्ड तथा एसएनसीयू में आक्सीजन की पाइप से जुड़ा हुआ है। इधर गुरुवार को ही सदर अस्पताल में इलाज के दौरान आक्सीजन न मिलने से एक मरीज की मौत हो गई थी।

फिलहाल निजी वेंडरों से ऑक्सीजन की खरीदारी होती है, जिसमें हजार रुपये खर्च होता है। सदर अस्पताल में 15 से 20 ऑक्सीजन गैस के सिलेंडर औसत प्रतिदिन खर्च होते हैं।

एक सिलेंडर की कीमत लगभग 100 रुपये ली जाती है। इस तरह से प्रतिदिन 1500 रुपये आक्सीजन की खरीदारी में कम से कम खर्च होता है। इस तरह दो साल के अंदर आक्सीजन की खरीदारी में सदर अस्पताल 10 लाख से अधिक रुपये खर्च कर चुका है। हालांकि प्लांट को चालू करने में इससे काफी कम पैसे खर्च होंगे।

## संदिग्ध मांस को ले हंगामा

**हाजीपुर।** लालगंज थाना क्षेत्र की रिखर पंचायत अंतर्गत चकमुबारक गांव में शनिवार की दोपहर संदिग्ध व प्रतिबंधित मांस बेचने का आरोप लगाकर आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने नट समुदाय के करीब एक दर्जन घरों में आग लगा दी। अगलगी की इस घटना में कई घर पूरी तरह जलकर राख हो गए और करीब पांच लाख रुपये से अधिक की संपत्ति नष्ट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। मिली जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों को सूचना मिली थी कि गांव में संदिग्ध व प्रतिबंधित मांस की तस्करी की जा रही है। इसी दौरान ग्रामीणों ने बाइक से बोरे में मांस लेकर जा रहे एक व्यक्ति से जब स्थानीय लोगों ने पूछताछ की, तो वह बाइक छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने उक्त स्थल की तलाशी ली, तो नट समुदाय के कुछ घरों के पीछे बोरे में भरा मांस बरामद हुआ। पूछने पर जब कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला, तो भीड़ उग्र हो गई और हंगामा करने लगी।

# नीतीश कुमार ने न्याय के साथ बिहार का किया चौतरफा विकास : अतिया मंजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने बीस साल के शासनकाल में बिहार का चौतरफा विकास किया है।

उन्होंने जाति धर्म से ऊपर उठकर न्याय के साथ सबका विकास किया है। उक्त बातें एक प्रेस वार्ता में सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता अतिया मंजर ने कही। उन्होंने कहा कि आज बिहार में शिक्षा ,स्वास्थ्य ,ग्रामीण विकास ,सड़क ,बिजली और कृषि के क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास का कार्य हुआ है।अतिया ने बताया कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास मॉडल का पूरे देश में अन्य राज्य सरकारें भी अनुकरण कर रही है।

शनिवार को जोकीहाट विधान सभा में जदयू प्रत्याशी मंजर आलम के पक्ष में विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का भ्रमण करने के बाद उन्होंने कहा कि पहले लोग बिहारी कहने में अपने आपको को अपमानित महसूस करते थे ,लेकिन आज बिहारी कहलाने में लोगों को गर्व होता है।

आतिया ने कहा कि बिहार में रोजगार और महिला सशक्तिकरण के लिए काफी काम हुआ है। यही कारण है कि आज नीतीश कुमार बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री बन चुके हैं। महिलाओं को आरक्षण ,अल्पसंख्यक



समुदाय के लिए दर्जनों विकास कार्य खासकर कब्रिस्तान की घेराबंदी ,मदरसा का सुदृढ़ीकरण ,अल्पसंख्यक छात्रावास और विद्यालय निर्माण जैसे कार्य कर अल्पसंख्यक समुदाय को बड़ा तोहफा दिया है। खासकर जीविका दीदी को दस हजार रुपया ,पेंशन की राशि चार सौ से ग्यारह सौ रुपया और बिजली 125 यूनिट बिजली फ्री कर लोगों को बड़ी राहत दी है ,अतिया मंजर ने जोकीहाट विधान सभा का दौरा करने के बाद बताया कि यहां से जद यू प्रत्याशी पूर्व मंत्री मंजर आलम के पक्ष में लोगों का रुझान है ।इंशाल्लाह यहां के जनता का जदयू उम्मीदवार मंजर आलम को अपार समर्थन वो दुआ मिलेगी।

# प्रथम चरण के चुनाव में मिलेगी महागठबंधन को बढ़त : पवन खेड़ा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के कार्यसमिति सदस्य और मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन पवन खेड़ा ने आज मौर्या होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में देश के गृह मंत्री अमित शाह पर अधिकारियों के साथ गुप्त बैठकें करने का आरोप लगाया।संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एआईसीसी के कार्यसमिति सदस्य और मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि इंडिया महागठबंधन प्रथम चरण में स्पष्ट तौर पर 72 सीटों पर बढ़त बनाएगी। यह सभी बूथों और विधानसभाओं से आंकड़े इकट्ठे करने के बाद आपके सामने रख रहे हैं। महागठबंधन की बढ़त से भयभीत होकर एंडी के द्वारा रैलियों और जनसभाओं को अगले चरण में कम किया जा रहा है। इस परिणाम से भयभीत देश के गृह मंत्री अमित शाह घबड़ाए नजर आ रहे हैं इसलिए वे सीसीटीवी, लिफ्ट और ट्रैफिक बंद करके अधिकारियों के साथ गुप्त बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लाइन बंद करने के अलावे भय की स्थिति यह है कि सीसीटीवी कैमरा के ऊपर कागज चिपका कर कैसी बैठकें की जा रही है ये बताना चाहिए गृह मंत्री को कि आखिर उनकी क्या मजबूरी रही है जो उन्हें बैठकें करनी पड़ रही है। आखिर चुनाव के प्रथम चरण बीतने पर उनको कैसी बेचैनी हावी है कि साजिशें करनी पड़ रही है।

एआईसीसी के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि प्रथम चरण में बिहार की जनता ने स्पष्ट तौर पर महागठबंधन का साथ निभाया और हमारे द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दों पर वोट दिया है। यही स्थिति दूसरे चरण में भी बनी रहेगी और इसी से गृह मंत्री के रातों की नींद उड़ी है और भयभीत होकर लगातार बिहार में कैंप कर रहे हैं लेकिन यह स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं कि किन अधिकारियों के साथ ये बैठकें कर रहे हैं और वो भी सीसीटीवी बंद करके। संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे और बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय मौजूद रहे।

## आजादी के 75 साल बाद भी आपकी जिंदगी में कोई बदलाव नहीं : आजाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** हाई स्कूल चेनारी के प्रांगण में शनिवार को आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए आजाद समाज पार्टी के सुप्रीमो एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी आपकी जिंदगी में कोई बदलाव नहीं आया है। आज भी आप बेबसी, लाचारी और फटेहाल जिंदगी जीने को मजबूर हैं। बेरोजगारी चरम पर है । आखिर कब तक आप अन्याय सहते रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार जनता को अपने वोट के बिखराव को रोकना होगा। उन्होंने अपील की कि वोट के चोट को पहचानिए और इस बार प्रत्याशी अमित कुमार पासवान को विजयी बनाइए। चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि अमित पासवान गरीब का बेटा है जो बीते पांच वर्षों से जनता के दुख-सुख में साथ खड़ा रहा है। उन्होंने अन्य प्रत्याशियों पर निशाना साधते हुए कहा कि कई उम्मीदवार टिकट पाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं, लेकिन जीडीए प्रत्याशी अमित पासवान आपका अपना बेटा है।

# चुनावों में हो रही धांधली पर प्रियंका गांधी का करारा प्रहार

## प्रियंका ने चुनाव आयुक्तों को दी कड़ी चेतावनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि जनता भाजपा की असलियत पहचान गई है और उसके खिलाफ हो रही है, इसीलिए सत्ताधारी पार्टी ने चुनाव आयोग की मदद से वोट चोरी करनी शुरू कर दी है। बिहार विधानसभा के चुनाव प्रचार के दौरान कदवा, बरारी और पूर्णिया में आयोजित विशाल जनसभाओं में कांग्रेस महासचिव ने चुनावों में हो रही धांधली पर करारा प्रहार करते हुए वोट चोरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, दोनों अन्य चुनाव आयुक्तों विवेक जोशी और एसएस संधू को भी शामिल बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के इन तीनों अधिकारियों में शर्म नहीं बची है, ये लोकतंत्र की रक्षा का अपना दायित्व निभाने की बजाय जनता के अधिकार छीन रहे हैं। इन्होंने बिहार में भी 65 लाख वोट काट दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि देश इन्हें माफ नहीं करेगा। सेवानिवृत्ति के बाद भी समय आने पर इन्हें जवाब देना पड़ेगा क्योंकि ये लोकतंत्र के साथ विश्वासघात कर रहे हैं। भीड़ से खचाखच भरे मैदानों में अपने तेज तर्रार भाषण में कांग्रेस महासचिव ने प्रधानमंत्री मोदी की भाषा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे कट्टा, दुनाली, हत्या, अपहरण, गोली, फिरौती, रंगदारी जैसी बातें करते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी अपने पद की गरिमा भी नहीं रख रहे हैं। भीड़ के वोट चोरी को लेकर आक्रोशित नारों के बीच प्रियंका गांधी ने सीधा प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए कहा कि जनता उन्हें पहचान गई है। अब जनता उनके झूठ से गुमराह नहीं हो रही, ध्यान भटकाने और धर्म का नाम लेने से काम नहीं चल रहा। इसलिए वह वोट चोरी पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए नरेंद्र मोदी के उस साम्राज्य के खिलाफ लड़ रही है जो जनता को दबाने और फूट डालने का काम करता है। उन्होंने इस संघर्ष को अंग्रेजी साम्राज्य के खिलाफ लड़ी गई लड़ाई जैसा बताया। उन्होंने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा बिहार में निकाली गई वोटर अधिकार यात्रा की अभूतपूर्व सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह यात्रा वोट चोरों से जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए निकाली गई थी। बिहार की बदहाली के लिए 20 साल से सत्तारूढ़ जदयू-भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कांग्रेस महासचिव ने सवाल किया कि बिहार के शिक्षित नौजवान भी बेरोजगार क्यों है और दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर क्यों हैं।

# शेरघाटी विधानसभा के लिए डिस्पैचिंग सेंटर पूरी तरह तैयार, चुनावी व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र (226) में प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में है। मतदान प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से डिस्पैचिंग सेंटर पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है। यहां चुनाव कर्मियों, पुलिस बल और वाहन चालकों के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि मतदान सामग्री के वितरण और वापसी के लिए ब्लॉक-वार डिस्पैच व्यवस्था की गई है जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। चुनावी कार्य में लगे कर्मियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए मेडिकल सेल, कोषांग काउंटर, पेयजल, निम्बू पानी, कैंटीन, सत्तू, चाय आदि की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि डिस्पैचिंग सेंटर पर विधि-व्यवस्था को भी मजबूत किया गया है। सुरक्षाबलों की तैनाती के साथ-साथ यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। ताकि किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। सभी चुनावी दलों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। प्रशासन ने दावा किया है कि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान कराने के लिए हर स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गई है।

# एनटीपीसी के 51वें स्थापना दिवस पर धूमधाम से मना स्वर्ण जयंती समारोह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो






**पटना।** एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने पटना स्थित अपने परिसर में एनटीपीसी के 51वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती समारोह अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया। समारोह की शुरुआत क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1) विजय गोयल द्वारा एनटीपीसी ध्वज फहराने एवं उपस्थित कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के साथ सस्वर एनटीपीसी गीत गाने से हुई। मुख्य अतिथि श्री गोयल ने डीजीआर सुरक्षा जवानों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक परेड की सलामी ली, उसका निरीक्षण किया तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। एनटीपीसी की अब तक की उपलब्धियों के सम्मान और इस ऐतिहासिक क्षण को यादगार बनाने के लिए उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों एवं उनके परिजनों के साथ केक काटा। इससे पूर्व अपने संबोधन में श्री गोयल ने पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिजनों, सीआईएसएफ, डीजीआर एवं संविदा कर्मियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एनटीपीसी के गौरवशाली इतिहास का संक्षिप्त उल्लेख करते हुए पूर्वी क्षेत्र-1 की विभिन्न परियोजनाओं एवं स्टेशनों की प्रमुख उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा मेधा प्रतियोगिता, पावर क्विज एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुजाता लेडीज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल, मैथ्यू ई. कोवूर, महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं), विश्वनाथ चन्दन, उप महाप्रबंधक (नैगम संचार), सुजाता लेडीज क्लब की वरिष्ठ सदस्याएं तथा बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मी सपरिवार उपस्थित रहे। समारोह के दौरान एनटीपीसी इंजीनियरिंग ऑफिस, नोएडा से स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम का वेबकास्ट भी दिखाया गया जिसमें अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह का संबोधन प्रसारित हुआ। पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों ने इसे सपरिवार देखा।

अपने संबोधन में श्री सिंह ने एनटीपीसी की विकास यात्रा, तकनीकी नवाचारों और नई पहलों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने इन उपलब्धियों के लिए सभी कर्मचारियों के समर्पण और योगदान की सराहना की तथा निगम में जारी तकनीकी परिवर्तनों को सफल बनाने के लिए सभी के संयुक्त प्रयासों का उल्लेख किया।

# राजद गठबंधन को मौका मिला तो हर घर में नौकरी और युवाओं को रोजगार : तेजस्वी

## टिकारी के काबरगढ़ मैदान में उमड़ा जन-सैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** टिकारी विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक काबरगढ़ मैदान में शनिवार की दोपहर चुनावी माहौल चरम पर था जब बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव हेलीकॉप्टर से पहुंचे। राजद प्रत्याशी अजय कुमार दांगी के समर्थन में आयोजित इस विशाल जनसभा में उमड़ी भीड़ ने चुनावी तापमान और बढ़ा दिया। तेजस्वी यादव ने अपने जोशीले संबोधन में कहा कि अगर जनता राजद गठबंधन को मौका देगी तो हर घर में नौकरी, युवाओं को रोजगार और बिहार में फैक्ट्रियां लगाने का काम सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आज भी बिहार के लोग रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं जिसे रोकने के लिए नई औद्योगिक नीति लाई जाएगी। तेजस्वी ने 'माई-बहिन मान योजना' की घोषणा करते हुए कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना राजद की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती हमेशा से बदलाव की प्रतीक रही है और अब युवाओं को अपने भविष्य के लिए लालटेन जलाने का समय आ गया है। उन्होंने किसानों के लिए बिजली फ्री करने को कहा। सभा की अध्यक्षता सुरेश यादव ने की तथा संचालन राजद प्रभारी डॉ. रामाशीष कुमार ने किया। मौके पर सांसद अभय कुशवाहा, जिलाध्यक्ष सुभाष यादव, पूर्व विधायक शिव बच्चन यादव, आंती मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, जिला पार्षद सुरेश यादव, शरीफा देवी, रेणु कुमारी, चेयरमैन अजहर इमाम, मो. इंतेशाब, मुखिया संघ अध्यक्ष शिव कुमार चौहान, रवि कुमार, बंटी यादव, संध्या कुमारी, द्वारिका चंद्रवंशी, अशोक आजाद, पूर्व मुखिया अमित यादव, वीरेंद्र यादव सहित कई स्थानीय नेता मंच पर उपस्थित रहे।

# 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर कर सकेंगे मतदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है, परंतु उसके पास किसी वजह से मतदाता परिचय पत्र उपलब्ध नहीं है तो भी वह मताधिकार का उपयोग कर सकेगा। मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। इसी प्रकार यदि किसी कारण से किसी नागरिक को मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं होती है, लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो भी वह मतदान कर सकेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, गया ने बताया कि जो मतदाता वोटर आईडी कार्ड प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा। 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक, डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है। अप्रवासी भारतीय मतदाताओं (एनआरआई) को केवल पहचान के लिए अपना मूल पासपोर्ट दिखाना होगा। यदि ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने के कारण मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

# धार्मिक आयोजनों में महिलाओं की भागीदारी एकजुटता को मजबूत करती है : डॉ गीता जैन

## नारनौलीय अग्रवाल महिला संघ ने किया सुंदरकांड पाठ का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** नारनौलीय अग्रवाल महिला संघ द्वारा आज एक्जीविशन रोड, पटना के लव-कुश टावर स्थित आध्यात्मिक सत्संग समिति हॉल में भव्य सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन दोपहर तीन बजे से किया गया। इस अवसर पर गणेश वंदना एवं अग्रसेन महाराज की वंदना करते हुए सौ से अधिक महिलाओं ने श्रद्धा एवं उल्लास के साथ सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ प्रारम्भ किया। कार्यक्रम में रामभक्ति का अद्भुत वातावरण बना और पूरा हाल 'श्रीराम जय राम जय जय राम' की जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक स्वर में यह सुंदर चौपाई गाई गई जिसने वातावरण को भाव-विभोर कर दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते हुए प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. गीता जैन ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में महिलाओं की भागीदारी समाज में संस्कार, संवेदना और एकजुटता को मजबूत करती है।

# जॉब ऑफर स्कैम गंभीर चिंता का विषय : शशि कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नौकरी तलाशने वालों के लिए बढ़ते जॉब ऑफर स्कैम एक गंभीर चिंता का विषय बन गए हैं। इनडीड इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर शशि कुमार के अनुसार नौकरी तलाशने में समय और प्रयास लगता है, लेकिन बढ़ते घोटाले इस प्रक्रिया को तनावपूर्ण और भ्रामक बना रहे हैं। घोटालेबाज आजकल खुद को नियोक्ता बताकर सोशल मीडिया या टेक्स्ट मैसेज के माध्यम से संपर्क करते हैं और उच्च वेतन, लचीले समय व तुरंत नियुक्ति का लालच देकर लोगों को फंसाते हैं। वास्तविक नियोक्ता कभी भी सोशल मीडिया या टेक्स्ट मैसेज से उम्मीदवारों से संपर्क नहीं करते। सावधानी के मुख्य बिंदु : ईमेल की जांच करें – ऑफर भेजने वाले का ईमेल हमेशा कंपनी के आधिकारिक डोमेन से मेल खाना चाहिए। अज्ञात नंबर से आए कॉल या मैसेज का जवाब देने से पहले कंपनी की वेबसाइट पर संपर्क विवरण की पुष्टि करें। अविश्वसनीय वेतन या अस्पष्ट पद विवरण वाले ऑफर से सावधान रहें। वैध नौकरी की जानकारी हमेशा कंपनी की वेबसाइट या विश्वसनीय प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होती है। कभी भी संभावित नियोक्ता को कोई भुगतान न करें, न ही अपनी व्यक्तिगत जानकारी या बैंक डिटेल्स साझा करें। अनजान लिंक या ईमेल पर क्लिक करने से बचें। इनडीड के अनुसार नौकरी तलाशने वालों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्लेटफॉर्म नियमित रूप से सुरक्षा संबंधी रिमाइंडर, बैनर और ईमेल के माध्यम से जागरूकता फैलाता है।

# सासाराम से एनडीए प्रत्याशी जीती तो खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की होगी स्थापना : चिराग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम/तिलौथू।** सासाराम विधानसभा क्षेत्र के तिलौथू में स्थानीय राधा संता महाविद्यालय में शनिवार को एनडीए समर्थित उम्मीदवार स्नेह लता कुशवाहा के पक्ष में केंद्रीय मंत्री व लोजपा आर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने चुनाव प्रचार करने पहुंचे जहां एनडीए कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। चिराग पासवान हेलीकॉप्टर से उतरकर जैसे ही सभा स्थल पर पहुंचे वैसे ही एनडीए कार्यकर्ता एवं सभा स्थल पर मौजूद लोगों ने फूलमाला से भव्य स्वागत किया। इसके बाद महिला एवं युवाओं द्वारा चिराग पासवान जिंदाबाद, एनडीए जिंदाबाद जैसे नारों से सभा स्थल गूंज उठा। वही चिराग पासवान को स्टेज पर पहुंचते ही एनडीए कार्यकर्ताओं ने फूलमाला के साथ वह अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सभा स्थल पर लोगों के जन सैलाब को देखते हुए चिराग ने कहा कि मैं धन्य हूं जहां लोगों ने मुझे भरपूर प्यार और आशीर्वाद दिया। आपलोग एनडीए प्रत्याशी को जीत दिलाते हैं तो यहां फूड प्रोसेसिंग उद्योग की स्थापना जरूर करूंगा क्योंकि मैं खुद केंद्र सरकार में फूड प्रोसेसिंग मंत्री हूं। अंत में एनडीए प्रत्याशी स्नेहलता कुशवाहा के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत बिहार स्टेट आइकॉन नीतू चंद्रा का डिहरी शहर में रोड शो

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने हेतु स्टेट स्वीप आइकन एवं प्रसिद्ध फिल्म कलाकार नीतू चंद्रा द्वारा डिहरी शहर में रोड शो का आयोजन किया गया। इस दौरान वे लोगों के बीच पहुंचीं और अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करते हुए 11 नवंबर को शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। रोड शो के दौरान नीतू चंद्रा ने कहा कि 'एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। मजबूत लोकतंत्र के लिए जागरूक मतदाता की भूमिका सबसे खास होती है। आप सभी अपने परिवार, दोस्तों और आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करें।' सभी मतदाताओं से अपील की जाती है कि आगामी 11 नवंबर को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाएं। 'आपका एक वोट, लोकतंत्र की ताकत। उन्होंने युवाओं एवं महिलाओं से विशेष रूप से आगे आकर मतदान में भाग लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि देश और राज्य के भविष्य के निर्माण में सीधा योगदान है। कार्यक्रम के दौरान सड़क किनारे खड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी निलेश कुमार, अपर निर्वाचन पदाधिकारी संतोष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार, अंचल पदाधिकारी अविनाश कुमार, एम ओ खुशबू कुमारी सहित कई पदाधिकारी जिप्सी वहां पर सवार मतदाता जागरूकता रैली में शामिल होकर लोगों का अभिवादन करते हुए नजर आए।

# निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** रोहतास जिला में आगामी 11 नवम्बर को होने वाले बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संचालन हेतु आज जिला पदाधिकारी उदिता सिंह, पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार, निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक तथा सीएपीएफ नोडल अधिकारी मोहम्मद जफर हसन की उपस्थिति में केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल (सीएपीएफ) के अधिकारियों की ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी उदिता सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा मतदान कर्मियों एवं मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने बताया कि जिले के सभी संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों की पहचान कर ली गई है जहां सीएपीएफ की तैनाती प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। उन्होंने बलों को बूथ तक पहुंचने के मार्ग, एरिया डोमिनेशन, फ्लैग मार्च एवं गश्त की रणनीति से अवगत कराया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी तैनात बलों को निर्देश दिया कि वे निर्वाचन कार्य के दौरान अनुशासन, सतर्कता एवं निष्पक्षता का पूर्ण पालन करें। उन्होंने बताया कि सभी कंपनियों को आवश्यक जानकारी एवं संचार व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है जिससे मतदान दिवस पर किसी प्रकार की कठिनाई न हो। सामान्य प्रेक्षक ने उपस्थित अधिकारियों से संवाद करते हुए निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप पूर्ण निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ चुनाव कार्य संपादित करने की अपील की। उन्होंने बलों से कहा कि वे स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर मतदाताओं में विश्वास और सुरक्षा का माहौल बनाए रखें। बैठक में पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# लोकतंत्र को लेकर एक जरूरी सजगता

बिहार में विधानसभा के लिए हो रहे चुनाव के पहले चरण में गुरुवार को जिस पैमाने पर लोगों ने बढ़-चढ़ कर मतदान किया, उससे साफ है कि राज्य में लोकतंत्र को लेकर एक जरूरी सजगता है और मतदान के लिए लगी लंबी कतारों में उसी की अभिव्यक्ति दिखी। इस बार आंकड़ों के मुताबिक 64.66 फीसद मतदान हुआ, जिसे राज्य में हुए चुनावों में एक कीर्तिमान माना जा रहा है।

इससे साबित होता है कि बिहार भले ही कई मानकों पर विकास की दौड़ में पिछड़ गया है, लेकिन वहां आज भी लोगों के भीतर अपने लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर अतिरिक्त जागरूकता है और आखिर यही हक राज्य को विकास की राह पर आगे बढ़ने का सबसे अहम कारक बनेगा। गौरतलब है कि पहले चरण के लिए राज्य के अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ। बाकी सीटों पर दूसरे चरण में 11 नवंबर को मतदान होगा। नतीजे 14 नवंबर को घोषित होंगे। लेकिन इसकी संभावना जताई जा रही है कि अगले चरण में भी मतदान का यही रुख बना रहेगा। अब स्वाभाविक ही ऐसे आकलन सामने आने लगे हैं कि क्या लोगों का इतनी भारी संख्या में मतदान के लिए निकलना सत्ता विरोधी रुझान का संकेत हो सकता है। वहीं सत्ताधारी पक्ष का अपना अनुमान है कि मतदाताओं का समर्थन फिर से उन्हें ही मिलेगा। नतीजा चाहे जो हो, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कई अहम कारकों ने ज्यादा मतदान के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाईं। मसलन, बिहार में चुनाव से पहले जिस तरह मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया चली और बड़ी संख्या में लोगों के नाम बाहर हुए, उसमें मतदाताओं के भीतर अपने आपको सूची में बनाए रखने के लिए अतिरिक्त चिंता पैदा हुई। इसे उन्होंने मतदान में हिस्सा लेकर जाहिर किया। वहीं, राज्य में छठ पर्व की वजह से दूसरे राज्यों से भी लोग भारी तादाद में अपने गांव पहुंचे होंगे और मतदान की तारीख उनकी शहर वापसी से ज्यादा दूर नहीं थी। इसके साथ अलग-अलग दलों की ओर से किए गए वादों और दी गई सुविधाओं का सवाल भी कसौटी पर है। एक ओर, सत्ताधारी राजग की ओर से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस हजार रुपए महिलाओं के खाते में दिए गए, वहीं इंडिया गठबंधन ने महिलाओं के लिए माई-बहन योजना और हर परिवार को सरकारी नौकरी के अलावा अन्य वादे किए हैं।

**आज, वैश्विक स्तर पर कई देशों में विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याएं दिखाई दे रही हैं, जिनका हल ये देश निकाल नहीं पा रहे हैं। आज विश्व के सबसे अधिक विकसित देश अमेरिका में भी मुद्रा स्फीति, बेरोजगारी, ऋण की राशि का असहनीय स्तर पर पहुंच जाना, विदेशी व्यापार में लगातार बढ़ता घाटा, नागरिकों के बीच आय की असमानता का लगातार बढ़ते जाना (अमीर नागरिक और अधिक अमीर हो रहे हैं एवं गरीब नागरिक और अधिक गरीब हो रहे हैं), बजट में वित्तीय घाटे का लगातार बढ़ते जाना एवं इन आर्थिक समस्याओं के चलते देश में सामाजिक ताने बाने का छिन्न भिन्न होना, जैसे, जेलों की पूरी क्षमता का उपयोग और इन जेलों में कैदियों के रखने लायक जगह की कमी होना, तलाक की दर में बेतहाशा वृद्धि होना, मकान की अनुपलब्धि के चलते बुजुर्गों का खुले में पार्कों में रहने को मजबूर होना, आदि ऐसी कई प्रकार की आर्थिक एवं सामाजिक समस्याएं दिखाई दे रही हैं। उक्त समस्याओं के चलते ही अब अमेरिकी अर्थशास्त्रियों द्वारा खुले रूप से कहा जाने लगा है कि साम्यवाद पर आधारित अर्थव्यवस्थाओं के असफल होने के उपरांत अब पूंजीवाद पर आधारित अर्थव्यवस्थाओं के भी असफल होने का खतरा मंडराने लगा है, और यह अब कुछ वर्षों की ही बात शेष है। उक्त समस्याओं के हल हेतु अब पूरा विश्व ही भारत की ओर आशाभारी नजरों से देख रहा है और तीसरे आर्थिक मॉडल की तलाश कर रहा है।**

# वैश्विक स्तर पर कई देशों में विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याएं

**प्रह्लाद सबनानी**

भारतीय आर्थिक दर्शन का वर्णन चारों वेद (ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद), 18 पुराण, उपनिषद, विदुरनीति, कौटिल्य अर्थशास्त्र, थिरुवल्लुवर, मनुस्मृति, शुक्रनीति, डॉक्टर एम जी बोकारे द्वारा लिखित हिंदू अर्थशास्त्र, श्री दत्तोपंत ठेंगढ़ी द्वारा रचित पुस्तक ÷थर्ड वे÷ आदि शास्त्रों एवं धार्मिक पुस्तकों में मिलता है। इस प्रकार भारतीय आर्थिक दर्शन की जड़ें सनातन हिंदू संस्कृति से जुड़ी हुई हैं। भारतीय आर्थिक दर्शन की नीतियों का अनुपालन करते हुए ही प्राचीन काल में भारत में विभिन्न राजाओं द्वारा अपने अपने राज्यों की अर्थव्यवस्था सफलतापूर्वक चलाई जाती रही है।

भारतीय आर्थिक दर्शन में ÷विपुलता के सिद्धांत÷ की व्याख्या मिलती है जिसके अनुसार, बाजार में वस्तुओं की आपूर्ति सदैव ही मांग से अधिक रहती थी। इस सिद्धांत के चलते चूंकि उत्पादों की बाजार में पर्याप्त आपूर्ति रहती थी अतः वस्तुओं के बाजार भाव में वृद्धि नहीं दिखाई देती थी, अतः भारत में प्राचीनकाल में मुद्रा स्फीति की समस्या सर्वथा, थी ही नहीं। जबकि, आज विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रा स्फीति की समस्या सबसे बड़ी समस्या है जिसका हल निकालने में ये देश सक्षम नहीं दिखाई दे रहे हैं। विपुलता के सिद्धांत के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में ही विभिन्न उत्पादों का उत्पादन किया जाकर स्थानीय हाट बाजार में इन उत्पादों का विक्रय किया जाता था, जिससे स्थानीय स्तर पर ही स्वावलम्बन का भाव जागृत होता था। कुछ इलाकों में 40/50 गांवों के बीच साप्ताहिक हाट की व्यवस्था विकसित की गई थी। इन साप्ताहिक हाटों में लगभग सभी प्रकार के उत्पादों का विक्रय किया जाता था। चूंकि स्थानीय स्तर पर निर्मित विभिन्न उत्पादों की पर्याप्त मात्रा में बाजार में उपलब्धि रहती थी, अतः इन उत्पादों की कीमतें भी अपने आप ही नयंत्रित रहती थीं और इस प्रकार प्राचीन भारत में मुद्रा स्फीति के स्थान पर घटते हुए मूल्य के अर्थशास्त्र का वर्णन मिलता है। पूरे विश्व में, इस संदर्भ में, वर्तमान स्थिति भारतीय आर्थिक दर्शन के ठीक विपरीत दिखाई देती है जो किसी भी स्थिति में उचित नहीं कही जा सकती है। दरअसल, मुद्रा स्फीति का सबसे बुरा असर गरीब वर्ग पर पड़ता है और आज वैश्विक स्तर पर उत्पादन इकाईयां विभिन्न वस्तुओं की बाजार में आपूर्ति को विपरीत रूप नियंत्रित करती हैं ताकि इन उत्पादों की बाजार में कीमत बढ़ सके एवं इन उत्पादन इकाईयों के लाभ में वृद्धि दर्ज हो सके। पूंजीवाद पर आधारित अर्थव्यवस्था में उत्पादन इकाईयों का मुख्य उद्देश्य ही



अधिकतम लाभ कमाना होता है और इस मूल्य वृद्धि से समाज के गरीब एवं मध्यम वर्ग पर कितना बोझ बढ़ रहा है, इससे उन्हें कोई मतलब नहीं रहता है। प्राचीन भारत में मुद्रा स्फीति की समस्या इसलिए भी नहीं रहती थी क्योंकि प्राचीनकाल में भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुसार ÷प्रतिस्पर्धा के सिद्धांत÷ का अनुपालन सुनिश्चित होता था। ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट बाजार में उत्पादों के विक्रेताओं के बीच में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रहती थी। उत्पाद बेचने वाले स्थानीय विक्रेताओं की पर्याप्त संख्या रहती थी एवं साथ ही इनके बीच अपने अपने उत्पाद बेचने की प्रतिस्पर्धा रहती थी ताकि अपने अपने उत्पाद शीघ्र ही बेचकर वे अपने अपने ग्रामों में सूरज डूबने के पूर्व वापिस पहुंच सकें। इस प्रकार के कारणों के चलते कई बार तो विक्रेता अपने उत्पादों को सस्ते भाव में बेचना चाहता था अतः बाजार में उत्पादों के मूल्यों में कमी भी दिखाई देती थी। आज, वैश्विक स्तर पर निगमित क्षेत्र में कार्यरत कम्पनियों के बीच आपसी प्रतिस्पर्धा तो एक तरह से दिखाई ही नहीं देती है बल्कि वे आपस में मिलकर उत्पादक संघ (कार्टेल) का निर्माण कर लेती हैं और इन कम्पनियों द्वारा निर्मित उत्पादों के बाजार मूल्यों को अपने पक्ष में नियंत्रित किया जाता हैं ताकि वे इन उत्पादों के व्यापार से अपने लिए अधिकतम लाभ का अर्जन कर सकें। इस पूंजीवादी नीति से इन कम्पनियों की लाभप्रदता में तो वृद्धि होती है परंतु आम नागरिकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। अतः उक्त पूंजीवादी आर्थिक नीति के चलते आम नागरिकों पर निर्मित होने वाले आर्थिक दबाव को कम करने की दृष्टि से विक्रेताओं द्वारा लाभ अर्जन के संदर्भ में भी भारतीय आर्थिक दर्शन के नियमों का अनुपालन किया जा सकता है। भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुसार, ÷मूल्य सिद्धांत÷ के अंतर्गत, विक्रेता द्वारा स्वयं के द्वारा निर्मित वस्तु की उत्पादन लागत पर 5 प्रतिशत की दर से लाभ जोड़कर उस वस्तु का विक्रय मूल्य तय किया जाना चाहिए एवं यदि उस वस्तु का निर्यात किसी अन्य देश को किया जा रहा है तो उस वस्तु के उत्पादन लागत पर 10 प्रतिशत की दर से लाभ जोड़कर उस वस्तु का विक्रय मूल्य तय किया जाना चाहिए। इस नीति के अनुपालन से प्राचीन भारत में विभिन्न उत्पादों के बाजार मूल्य लम्बे समय तक स्थिर रहते थे एवं इनके मूल्यों में वृद्धि लगभग नहीं के बराबर दिखाई देती थी। आज पूंजीवादी नीतियों के अंतर्गत विभिन्न उत्पादों के विक्रय मूल्यों पर किसी भी प्रकार का नियंत्रण नहीं है। विशेष रूप से दवाईयों के मूल्य के सम्बंध में नीति का उल्लेख यहां किया जा सकता है। केन्सर एवं दिल की बीमारी से सम्बंधित दवाईयों के बाजार मूल्य लाखों रुपयों में तय किए जाते हैं क्योंकि इन दवाईयों को बेचने का एकाधिकार ÷पैटेंट कानून÷ के अंतर्गत केवल इन दवाईयों का उत्पादन करने वाली कम्पनियों के पास रहता है। केवल लाभ कमाना ही इन कम्पनियों का मुख्य उद्देश्य है, जबकि सनातन हिंदू संस्कृति में किसी अस्वस्थ नागरिक को दवाई उपलब्ध कराने का कार्य सेवा कार्य की श्रेणी में रखा गया है। उक्त वर्णित दवाईयों की बाजार में उपलब्धता बढ़ाकर एवं इन दवाईयों के विक्रय मूल्य को नयंत्रित रखकर कई जीवन बचाए जा सकते हैं। परंतु, पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के अंतर्गत तो लाभ कमाना ही मुख्य उद्देश्य है। आज विश्व के कई देशों में बेरोजगारी की समस्या विकराल रूप धारण करती हुए दिखाई दे रही है एवं इन देशों के पास बेरोजगारी की समस्या को हल करने का कोई उपाय भी सूझ नहीं रहा है। भारत के प्राचीन ग्रंथो में बेरोजगारी की समस्या के संदर्भ के किसी प्रकार का जिक्र भी नहीं मिलता है। ÷स्वयं के नियोजन के सिद्धांत÷ का अनुपालन करते हुए उस समय पर विभिन्न परिवारों द्वारा स्थापित अपने उद्यमों को ही आगे आने वाली पीढ़ी आगे बढ़ाती जाती थी, इससे युवाओं में ÷नौकरी÷ करने का प्रचलन भी नहीं था। अपने पारम्परिक व्यवसाय में ही युवा पीढ़ी रत हो जाती थी अतः बेरोजगारी की समस्या भी बिलकुल नहीं पाई जाती थी। आज पूंजीवादी व्यवस्था के अंतर्गत कोरपोरेट जगत की स्थापना के चलते नागरिकों में ÷नौकरी÷ का भाव जागृत किया गया है। आज प्रत्येक युवा नौकरी की कतार में लगा हुआ दिखाई देता है, लगभग 30 वर्ष की आयु होते होते जब उसे उसकी चाहत के अनुसार नौकरी नहीं मिल पाती है तो वह अपने जीवन के लिए समझौता कर लेता है और किसी भी संस्थान में किसी भी प्रकार की नौकरी करने को मजबूर हो जाता है। कई इंजीनियर एवं पोस्ट ग्रैजूएट युवा, मजबूरी में आज विभिन्न उत्पादों की डिलीवरी करने एवं टैक्सी चलाने जैसे कार्यों को भी करते हुए दिखाई देते हैं। आज यदि अपने पुश्तैनी व्यवसाय को यह युवा आगे बढ़ा रहे होते तो सम्भवतः उनकी आमदनी भी अधिक होती और उक्त प्रकार के कार्य करने हेतु वे मजबूर भी नहीं होते। भारत के प्राचीन ग्रंथों में ÷शून्य ब्याज दर के सिद्धांत÷ का भी वर्णन मिलता है। राज्यों के पास धन के भंडार भरे रहते थे एवं समाज में यदि किसी नागरिक को अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिए धन की आवश्यकता रहती थी तो वह राजा से धन उधार लेकर अपना व्यवसाय स्थापित कर सकता था एवं राजा द्वारा नागरिकों को दी गई उधार की राशि पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं लिया जाता था। क्योंकि, यह उस राज्य के राजा का कर्तव्य माना जाता था कि वह अपने राज्य के नागरिकों को उचित मात्रा में व्यवसाय करने के लिए धन उपलब्ध कराए। इस प्रकार, भारत के प्राचीन खंडकाल में ब्याज की दर भी शून्य रहा करती थी। इससे, स्थानीय नागरिक भी अपना व्यवसाय स्थापित करने की ओर प्रेरित होते थे एवं नौकरी करने का चलन नहीं के बराबर रहता था।

## रामायण, महाभारत काल से महत्वपूर्ण रही बिहार की धरती, अब सबसे पिछड़े होने का दंश

**आशीष कुमार**

मौजूदा बिहार राज्य को इतिहास पन्नों में खंगालें तो वैदिक युग में ये प्रदेश विदेह, अंग, मगध, और वज्जि (वैशाली) महाजनपदों में बंटा हुआ था। इन महाजनपदों का इतिहास देखें तो विदेह (मिथिला क्षेत्र) में राजा जनक का शासन था उनकी पुत्री सीता से भगवान राम का विवाह हुआ था। अंग का जिक्र महाभारत काल में आता है और ये दानवीर कर्ण के शासन के अधीन हुआ करता था। मगध (मौजूदा समय में पटना और गया का क्षेत्र) क्षेत्र को नंदवंश और फिर मौर्य वंश के शासन से इतिहास में शोहरत मिली। वहीं वज्जि (वैशाली) महाजनपद की बात करें तो इसे विश्व के प्रथम गणराज्य होने का गौरव हासिल है। यानी कुल मिलाकर बिहार का अतीत देश के अन्य राज्यों की तरह समृद्धशाली और गौरवपूर्ण रहा है।

अब बात करते हैं आधुनिक बिहार का तो ये अपने अस्तित्व में आने से पहले पश्चिम बंगाल का हिस्सा हुआ करता था। 22 मार्च 1912 को ब्रिटिश शासन ने बिहार और उड़ीसा (अब ओडिशा) नाम से नया प्रांत बनाया और इस तरह बिहार बंगाल से अलग होकर उड़ीसा के साथ एक स्वतंत्र प्रशासनिक इकाई बन गया। आगे चलकर अंग्रेजों ने एक अप्रैल 1936 को उड़ीसा को बिहार से अलग कर दिया गया और बिहार बतौर प्रांत पूरी तरह स्वतंत्र इकाई बन गया।

साल 1947 में 15 अगस्त को देश का अंग्रेजों से हमेशा के पीछा छूटा और दुनिया के नक्शे पर पैदा हुए मुल्क ने विभाजन के घाव लिए विकास की राह पर चलना शुरू किया। बिहार प्रांत ने भी कंधे से कंधा मिलाकर कदम बढ़ाना शुरू किया। बिहार के लोग सियासत की पुरपेंच गलियों में चलना बखूबी जानते हैं। उन्हें ये भी पता होता है कि गली के आगे बढ़ते नुक्कड़ पर कौन सी मंजिल मिलेगी। उड़ती चिड़िया के पर गिनने में महारत रखने वाले बिहार के लोग ये भी जानते हैं कि मौजूदा वक्त में बिहार बदहाल है, मानवीय सूचकांक जितने भी मापदंड हैं, उनमें बिहार लगातार फिसलता या लड़खड़ाता नजर आता है लेकिन सवाल पैदा होता है क्यों?

इस सवाल को मथने पर जो कड़वा सच बाहर निकलता है, वो सीधे तौर पर सूबे कि सियासत, सिसायतदानों और यहां के रहने वाले लोगों को ही कटघरे में खड़ा करता नजर आता है। साल 1952 के पहले विधानसभा चुनाव से लेकर साल 2020 तक 17 विधानसभा चुनाव देख चुका ये सूबा अब 18वां विधानसभा चुनाव देख रहा है। एनडीए और इंडिया गठबंधन की खेमेबंदी कहां तक सफल होती है ये तो 14 नवंबर को पता चलेगा और उससे पहले गुरुवार छह नवंबर और 11 नवंबर को बिहार के लोग वोटिंग करके अपने किस्मत के फैसला पर खुद मुहर लगाएंगे। लेकिन, बड़ा और अहम सवाल ये है कि लगभग 13 करोड़ की जनसंख्या वाले इस राज्य को इस चुनाव से हासिल क्या होगा? पहले के 17 विधानसभा चुनावों हुए, उनसे क्या हासिल हुआ?

डॉ श्रीकृष्ण सिंह से लेकर अब नीतीश कुमार तक कुल 34 लोग अलग-अलग समय में मुख्यमंत्री रहे। जिसमें सबसे लंबे समय तक साल 1946 से 1961 तक डॉ. श्रीकृष्ण सिंह मुख्यमंत्री रहे। प्रदेश की पहली महिला मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने तीन कार्यकाल में साल 1997 से 2005 तक प्रदेश की कमान संभाली और मौजूदा मुख्यमंत्री सबसे अधिक पांच बार मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड कायम कर चुके हैं। लेकिन फिर सवाल यही उठता है कि हाशिये पर पड़े आम आदमी का क्या? उसे क्या मिला। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, चिकित्सा, आवास, भोजन और पानी जैसी मूलभत जरूरतों के लिए भी प्रदेश का आदमी आज भी संघर्ष कर रहा है। अशिक्षा, जातिगत भेदभाव, धर्म, भाषा, क्षेत्रीयता और आपराधिक बर्चस्व की लड़ाई ने बिहार के सामाजिक ताने-बाने को कुछ इस तरह से छिन्न-भिन्न किया है कि राजनीति के केंद्र में विकास, संसाधन, महिला सशक्तिकरण, कानून व्यवस्था और दूसरे सामाजिक पैमाने वो प्रभाव नहीं दिखा सके जो हमें दूसरे राज्यों में देखने को मिलते हैं। यहां के ग्रामीण और शहरी इलाकों में इतनी असमानता है कि हम एक सूबे की बात न करके उत्तरी ध्रुव और दक्षिणी ध्रुव का जिक्र कर रहे हों। कभी-कभी ये कहा जाता है कि 90 के दशक में लालू प्रसाद यादव के दौर में 'सामाजिक न्याय की राजनीति' का दौर शुरू हुआ।

# धन और संपत्ति के वितरण में असमानता अब चरम पर पहुंच चुकी

**ललित गर्ग**

विश्व अर्थव्यवस्था पर किए गए हालिया अध्ययन विशेषकर जी-20 पैनल की रिपोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि धन और संपत्ति के वितरण में असमानता अब चरम पर पहुंच चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार आज दुनिया की नई बनी संपत्तियों का लगभग तिरेसठ प्रतिशत हिस्सा मात्र एक प्रतिशत अमीर लोगों के पास है जबकि निचले पचास प्रतिशत गरीब लोगों के हिस्से में केवल एक प्रतिशत संपत्ति आई है। यह असमानता केवल आर्थिक नहीं बल्कि नैतिक, सामाजिक और मानवीय संकट का भी संकेत है। यह स्थिति एक आदर्श विश्व संरचना के लिये भी बड़ी बाधा है। यह ऐसी त्रासद, विद्रोहपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति है जिसमें एक तरफ लोग मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सड़कों पर उतर रहे हैं तो दूसरी ओर अमीर से और अमीर होते लोगों की विलासिता के किस्से तमाम हैं। उदारीकरण व वैश्वीकरण के दौर के बाद पूरी दुनिया में आर्थिक असमानता रूकने का नाम नहीं ले रही है, इससे एक बड़ी आबादी में विद्रोह एवं क्रांति के स्वर उभर रहे हैं।

सन् 2000 से 2024 के बीच विश्व अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व वृद्धि हुई, तकनीकी विकास हुआ, उत्पादन बढ़ा और वैश्वीकरण के नाम पर बाजारों का विस्तार हुआ, लेकिन इस विकास का लाभ समान रूप से नहीं बंटा। अमीर और अमीर होते गए, गरीब और गरीब। सन 2000 में जहां विश्व की कुल संपत्ति का पैंतालीस प्रतिशत हिस्सा शीर्ष एक प्रतिशत लोगों के पास था, वहीं 2024 तक यह बढ़कर तिरेसठ प्रतिशत से भी ऊपर पहुंच गया। इसी अवधि में आधी से अधिक आबादी के हिस्से की संपत्ति घटकर केवल एक प्रतिशत रह गई। यह आंकड़े केवल संख्या नहीं, मानवता की दिशा के संकेत हैं कि हम प्रगति के नाम पर असंतुलन का साम्राज्य खड़ा कर रहे हैं। जो विद्रोह का कारण बन रहा है, हिंसा एवं अलगाव का भी कारण बन रहा है।

जी-20 पैनल के अध्ययन के अनुसार, वर्तमान में वैश्विक स्तर पर असमानता भयावह स्तर तक जा पहुंची है। निस्संदेह, भारत भी इस स्थिति में अपवाद नहीं है। देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों ने केवल दो दशक में अपनी संपत्ति में 62 फीसदी की वृद्धि की है। दुनिया की इस चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अमीर लगातार अमीर होते जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गरीब अभाव, तंगी एवं जहालत के दलदल से बाहर आने के लिए छटपटा रहे हैं। इस आर्थिक असमानता का ही नतीजा है कि अमीर व गरीब के बीच संसाधनों का असमान वितरण और बदतर स्थिति में पहुंच गया है। ऑक्सफैम इंडिया की रिपोर्ट बताती है कि देश के शीर्ष दस प्रतिशत लोगों के पास कुल संपत्ति का लगभग सतहत्तर प्रतिशत हिस्सा है जबकि निचले साठ प्रतिशत लोगों के हिस्से में मात्र 4.7 प्रतिशत संपत्ति आती है। बीते दशक में



अरबपतियों की संख्या दोगुनी हो गई लेकिन मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग की आमदनी स्थिर रही या घटी। एक ओर महानगरों में गगनचुंबी इमारतें, विलासिता और अति उपभोग की चकाचौंध है, तो दूसरी ओर गाँवों और झुग्गियों में रोटी और दवा के लिए संघर्षरत लोग हैं। यही विरोधाभास हमारी विकास यात्रा का सबसे बड़ा प्रश्न बन गया है।

निस्संदेह, पैनल की हालिया रिपोर्ट नीति-निर्माताओं को असमानता के इस बढ़ते अंतर को पाटने के तरीके तलाशने और नये साधन खोजने के लिये प्रेरित करेगी। पिछले ही हफ्ते, केरल सरकार ने दावा किया था कि राज्य ने अत्यधिक गरीब तबके की गरीबी का उन्मूलन कर दिया है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने इन दावों को लेकर संदेह जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीबी मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी आश्चर्यकारी सफलता के साथ आगे बढ़ रहा है। करीब 25 करोड़ लोगों को गरीब से बाहर लाया गया है। इस साल की शुरुआत में, विश्व बैंक ने भी बताया था कि भारत 2011-12 और 2022-23 के बीच 17 करोड़ लोगों को गरीबी की दलदल से बाहर निकालने में सफल रहा है। मोदी सरकार के जन-केंद्रित विकास और सामुदायिक भागीदारी के लाभों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निस्संदेह, इस पहल ने करोडों अत्यंत गरीब परिवारों को भोजन, स्वास्थ्य सेवा और आजीविका के बेहतर साधनों तक पहुंचने में मदद की है। फिर भी देश में धन-संपत्ति की असमानता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि असंतोष और हिंसा की जड़ है। जब परिश्रमी व्यक्ति को उसका उचित मूल्य नहीं मिलता, जब समाज में अवसर और सम्मान का समान वितरण नहीं होता, तब भीतर आक्रोश और विद्रोह जन्म लेता है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी ने कहा है कि जब पूंजी की आय दर आर्थिक वृद्धि दर से अधिक हो जाती है, तब समाज में असमानता बढ़ती है और लोकतंत्र की जड़ें हिल जाती हैं। आज यही हो रहा है। आर्थिक असंतुलन से सामाजिक असंतुलन उपज रहा है, अविश्वास और द्वेष का वातावरण बन रहा है। कोरोना महामारी ने इस असमानता को और गहरा किया। जब करोड़ों लोग बेरोजगार और निर्धन हो गए, तब कुछ गिने-चुने उद्योगपतियों और कंपनियों की संपत्ति कई गुना बढ़ गई। इसका अर्थ यह है कि संकट भी अब वर्ग विशेष के लिए अवसर बन गया है। युद्धों, ऊर्जा संकट और बढ़ती महंगाई ने गरीब देशों की स्थिति को और भी कठिन बना दिया। अमीर देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने इन संकटों से भी मुनाफा कमाया जबकि विकासशील देशों में भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य की उपलब्धता घटती गई। विकास का अर्थ हमने केवल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि तक सीमित कर दिया है। समाज में नैतिकता, समानता, सहानुभूति और पर्यावरणीय न्याय जैसे तत्व विकास की परिभाषा से गायब हो गए हैं। अमीर देशों की कंपनियां गरीब देशों के संसाधनों का दोहन करती हैं, और गरीब देशों के श्रमिक उनके उत्पादन का आधार बन जाते हैं। यह एक नया आर्थिक उपनिवेशवाद है, जहां अब सत्ता नहीं, पूंजी शासन करती है। गरीबी उन्मूलन की तस्वीर को केवल संख्याएं ही पूरी तरह नहीं उकेर सकती हैं। गरीबी कम करने के प्रयासों के दावों के मुताबिक जमीनी स्तर पर गुणात्मक बदलाव भी नजर आना चाहिए, आम जीवनस्तर उन्नत होता हुआ भी दिखना चाहिए। हालांकि, अर्थशास्त्री आमतौर पर संपत्ति कर लगाने के पक्षधर नहीं होते हैं, लेकिन सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अति-धनी लोग सरकारी खजाने में अपना उचित योगदान दें। अब चाहे कोई अमीर हो या गरीब, सबका ध्यान विकास पर केंद्रित किया जाना चाहिए। तभी देश उत्पादकता के क्षेत्र में आगे बढ़कर गरीबी उन्मूलन की दिशा में सार्थक प्रगति कर सकता है। यह पहल ही नये भारत, विकसित भारत के सपने को साकार करने में मददगार साबित हो सकती है।

धन का न्यायपूर्ण पुनर्वितरण, समान अवसर और समाजोपयोगी नीति। कर व्यवस्था ऐसी हो जो अमीरों से अधिक कर लेकर गरीबों की शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर को सुदृढ़ करे। अवसरों की समानता तभी संभव है जब शिक्षा और स्वास्थ्य सभी के लिए समान रूप से सुलभ हों। लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है ताकि नीति पूंजी के लिए नहीं, नागरिक के लिए बने।

# राहुल-तेजस्वी के लिए नहीं है वैकेंसी : अमित शाह

## एनडीए की सरकार बनायें, एक-एक घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे : केन्द्रीय गृहमंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के कोढा विधानसभा क्षेत्र के मूसापुर में शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित साह ने एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने काफी जोश के साथ जय श्री राम का नारा लगाया और विपक्षियों पर टूट पड़े। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रथम चरण में हुए मतदान से ही यह स्पष्ट हो गया है कि महागठबंधन की सरकार नहीं बनने वाली है।

प्रथम चरण के मतदाताओं ने एनडीए सरकार बनाने की नींव दे डाली है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में एनडीए की सरकार ने राम मंदिर बनवाने का काम किया है। वही माता सीता की भूमि सीतामढ़ी में भी मां सीता के भव्य मंदिर निर्माण को लेकर मैं और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भूमि पूजन कर लिया है। जैसे ही सीता माता का भव्य मंदिर बिहार में बनता है। उसके बाद सीतामढ़ी और अयोध्या के बीच वंदे भारत ट्रेन चलाई जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ दिन पूर्व तेजस्वी यादव चुनावी जनसभा को संबोधित करने आए थे और उन्होंने कहा था कि जितना काम लालु जी ने किया है उतना काम नरेंद्र मोदी जी सात जन्मों में भी नहीं कर सकते हैं। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि जी बिल्कुल नहीं कर सकते हैं! क्योंकि नरेंद्र मोदी




चारा चोरी, जमीन घोटाला जैसे चीज कभी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि पूर्व मे केंद्र की सरकार में लगातार आतंकवादी हमले होते थे। लेकिन जब से एनडीए की सरकार बनी है तभी से जितने बार भी आतंकियों ने हमला किया है। हमने उनका मुंहतोड़ जवाब दिया है। आप लोगों ने देखा कि हम लोगों ने सर्जिकल स्ट्राइक,एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे जबावी हमले कर आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने आश्वासन देते हुए यह भी कहा कि भारत अब आतंकियों की गोली का जवाब गोला से देगा और यह गोला सीमांचल की धरती पर बनेगा ना कि यूरोप और अमेरिका से लाया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि यह दोनों पार्टी अपने वंशों को सत्ता पर लाने के लिए राजनीति कर रही है। लालू जी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाने का प्रयास कर रहे हैं जबकि सोनिया जी अपने पुत्र को प्रधानमंत्री बनाने के प्रयास में है। लेकिन ऐसा संभव नहीं है उन लोगों के लिए कोई वैकेंसी खाली नहीं है। क्योंकि देश के प्रधानमंत्री पद पर नरेंद्र मोदी काबिज हैं और प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर नीतीश कुमार काबिज हैं और इन दोनों की जोड़ी में बिहार और भारत का काफी ज्यादा विकास हुआ है। जनसभा को संबोधित करने के दौरान उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित हो रही कई सारी जनकल्याणकारी योजनाओं को भी गिनाया और एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में

### ■ सीएम पद पर नीतीश कुमार और पीएम पद पर नरेंद्र मोदी हैं काबिज

मतदान करने की अपील की। वही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि भारी बहुमत से एनडीए गठबंधन सरकार बन रही। लालू यादव के बेटा पेट में दर्द हो रहल छैः दस अभी गया है,दो लाख और जाएगा। इस दौरान गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, कोढा विधानसभा से एनडीए समर्थित प्रत्याशी कविता पासवान ,बरारी विधानसभा से एनडीए समर्थित प्रत्याशी विजय सिंह निषाद ,जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री निखिल कुमार चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय, महामंत्री सौरभ मालाकार, जदयू जिलाध्यक्ष सूरज प्रकाश राय सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे। विधि व्यवस्था संधारण के लिए वरीय प्रभार में नगर आयुक्त संतोष कुमार, सदर एसडीएम आलोक चंद्र चौधरी, सदर एसडीपीओ टु रंजन कुमार सिंह सहित वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पर प्रशासनिक व्यवस्था बेहतर रहा। केन्द्रीय गृहमंत्री को सुनने के लिए काफी भीड़ उमड़ पड़ी।

# प्रियंका ने कहा गर्व से कहो, मैं बिहारी हूं

## प्रियंका गांधी ने बरारी में भरी महागठबंधन के पक्ष में हुंकार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी/कटिहार।** बरारी के भगवती मंदिर मेला मैदान में महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी तौकीर आलम के समर्थन में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

उनके पहुंचते ही मैदान में हजारों की खचाखच भीड़ उमड़ पड़ी। और पूरा परिसर 'प्रियंका गांधी जिंदाबाद' व 'महागठबंधन विजय हो' के नारों से गूंज उठा। अपने जोशीले संबोधन में प्रियंका गांधी ने कहा कि 'धूप की आदत हमें है, क्योंकि यह जनता की ताकत की धूप है।' उन्होंने कहा कि बिहार की धरती ने देश की नींव रखी है। यहीं के किसानों ने ऐसा आंदोलन किया जिससे महात्मा गांधी तक आवाज पहुँची। बिहारियों में इतनी हिम्मत है कि वे किसी भी सत्ता या साम्राज्य के आगे झुकते नहीं। उन्होंने कहा कि जब बिहार के लोग पूरे देश में काम करने जाते हैं और कोई पूछता है कि आप कहाँ के हैं, तो उन्हें गर्व से कहना चाहिए। मैं बिहारी हूँ। प्रियंका गांधी ने युवाओं, किसानों और बेरोजगारी की समस्याओं को लेकर केंद्र व राज्य सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आज बिहार के युवाओं के सपनों से खिलवाड़ हो रहा है, पेपर लीक की घटनाएँ आम हो गई हैं, महंगाई ने आमजन का जीना मुश्किल कर दिया है।

# 'धरती की धूल से उठी आस्था : रूपौली में जनता और जनसेवक का अनोखा संगम'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रूपौली/पूर्णिया।** रूपौली इन दिनों राजनीति नहीं, बल्कि रिश्ते और विश्वास की एक नई परंपरा गढ़ रहा है। यहां चुनावी नारों से अधिक असर डाल रही है जनता की वह मौन स्वीकृति, जो एक सच्चे जनसेवक के प्रति श्रद्धा में बदल चुकी है। बात हो रही है निर्वतमान विधायक और निर्दलीय प्रत्याशी शंकर सिंह की — जिनके लिए जनता वोट नहीं, विश्वास दे रही है।

शनिवार की सुबह से ही रूपौली की गलियों में एक अनोखा दृश्य दिखा। प्रतिमा कुमारी, जिला परिषद सदस्य और शंकर सिंह की धर्मपत्नी, अपने लोगों के बीच निकलीं— बिना माइक, बिना मंच, केवल भावनाओं की ताकत के साथ। गांव-गांव घूमते हुए उन्होंने कहा — 'यह चुनाव किसी दल या प्रतीक का नहीं, रूपौली के आत्मसम्मान का प्रश्न है। मेरे पति ने 14 महीनों में जो किया, वह जनता की सेवा की मिसाल है। आज यह अभियान नहीं, जनता के हक की पुकार है।' उनकी बातें सिर्फ भाषण नहीं थीं, बल्कि एक स्त्री के उस विश्वास की



गूंज थीं जो अपने पति में जनता की उम्मीद देखती है। भीड़ में महिलाएं भावुक हो उठीं, बुजुर्ग सिर हिलाते रहे, और युवाओं की आंखों में एक नई ऊर्जा थी — 'जनता के बीच रहने वाला जनसेवक ही रूपौली की पहचान है।' दूसरी ओर, शंकर सिंह का जनसंपर्क भी अपने आप में मिसाल बन गया है। धूल भरी पगडंडियों पर बिना किसी सुरक्षा घेरे के चलते हुए वे हर दरवाजे पर पहुंचते हैं, हाथ जोड़कर कहते हैं —'कुछ लोग आसमान से जनता को देखते हैं, मैं जमीन पर चलकर जनता के दिल में जगह बनाना चाहता हूँ। मेरे पास साधन नहीं, बस विश्वास है। मेरे लिए जनता ही भगवान है।' उनकी सादगी और यह संवाद लोगों के मन में उतर रहा है। गांवों की गलियों में अब कोई राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि एक जन-स्वर सुनाई देता है —'कैंची छाप नहीं, यह जनता की पहचान है — जो जनता के संग चला, वही सच्चा नेता कहलाएगा।' रूपौली के मतदाता इस बार किसी आकर्षण या छलावे के शोर में नहीं हैं। वे कहते हैं —'हमारे पास न धन है, न वैभव, पर दिल में भरोसा है। जो हमारे दुख में खड़ा रहा, वही हमारा प्रतिनिधि रहेगा।' 11 नवम्बर को जब मतदान होगा, तो वह सिर्फ एक तारीख नहीं होगी— वह दिन होगा जब रूपौली की मिट्टी अपने बेटे की ईमानदारी को नापेगी, और इतिहास के पन्नों पर लिखेगी एक पंक्ति— 'जनता की जीत, जनसेवा की मिसाल— रूपौली बोलेगा, हम हैं शंकर सिंह के साथ।'

# शाह की गरज से गूंजा बनमनखी : 'इतना दबाइए बटन कि आवाज इटली तक जाए'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** बिहार चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से ठीक पहले पूर्णिया का बनमनखी शनिवार को राजनीतिक उत्साह से थर्रा उठा। गोरेलाल मेहता महाविद्यालय का क्रीड़ा मैदान उस समय जनसमुद्र में बदल गया जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीए प्रत्याशी कृष्ण कुमार ऋषि के समर्थन में मंच संभाला। शाह के मंच पर आते ही माहौल नारों से गूंज उठा— 'फिर एक बार, मोदी सरकार!' और 'नीतीश रहे सरकार में!'

शाह ने कहा कि बिहार की जनता अगर कमल फूल छाप पर बटन दबाएगी, तो जंगलराज की वापसी हमेशा के लिए रुक जाएगी। उन्होंने लालू-राबड़ी के शासनकाल को 'अंधकार का दौर' बताते हुए कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार को उस भय, लूट और अपहरण की राजनीति से निकालकर विकास की राह पर लाने का काम किया है। अपने भाषण में शाह ने पूर्णिया के



विकास कार्यों का ज़िक्र करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने पूर्णिया को नया एयरपोर्ट और बनमनखी को नया रेलवे स्टेशन दिया। उन्होंने कहा कि अबकी बार पूर्णिया की सात नहीं, नौ की नौ सीटें एनडीए के खाते में जानी चाहिए। विपक्ष पर तंज कसते हुए शाह बोले कि लालू यादव और उनके समर्थक 'शहाबुद्दीन ज़िंदाबाद' के नारे लगाकर फिर से वही माहौल बनाना चाहते हैं। कांग्रेस और आरजेडी को निशाने पर लेते हुए कहा, 'लालू जी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री, लेकिन बिहार और दिल्ली दोनों जगह अब कुर्सी खाली नहीं है। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नीतीश बाबू ही रहेंगे।'राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाने के बाद उनकी 'खून की नदियाँ' वाली भविष्यवाणी पूरी तरह झूठी निकली। अब पाकिस्तान की एक गोली का जवाब गोले से दिया जाता है, और वह गोला भी बिहार में बनेगा। शाह ने यह भी घोषणा की कि एनडीए की सरकार बनी तो बिहार में पाँच वर्षों के भीतर पच्चीस चीनी मिलें शुरू की जाएंगी, जिनमें से एक बनमनखी की धरती पर होगी। उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी में सीता माता का मंदिर बनाया जाएगा और उसे अयोध्या से जोड़ने के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू की जाएगी।

जीविका दीदियों का ज़िक्र करते हुए शाह ने कहा कि उनके खातों में दस-दस हजार रुपये भेजे गए हैं और अब उन्हें दो लाख रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यही विकास तेजस्वी यादव को खल रहा है। बिहार में तीन नकाबपोश घूम रहे हैं जो राज्य को फिर से जंगलराज में धकेलना चाहते हैं, लेकिन जनता अब जाग चुकी है और बहरूपियों के छलावे में नहीं आएगी। जनसभा के समापन पर शाह ने जनसमूह में जोश भरते हुए कहा—'11 नवंबर को पहले मतदान कीजिए, फिर जलपान कीजिए, और इतना जोर से बटन दबाइए कि दबे यहाँ और आवाज इटली तक सुनाई दे।'

# मंगुरजान में अग्निकांड : मेहनतकश परिवार का आशियाना राख, स्थानीयों ने की तत्काल सहायता की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा कोठी/पूर्णिया।** प्रखंड के रुस्तमपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 9 स्थित मंगुरजान मुस्लिम टोला शुक्रवार की देर रात आग की भयावह लपटों से दहल उठा। अचानक लगी आग ने मोहम्मद रहमान आलम के छोटे से आशियाने को कुछ ही मिनटों में राख में बदल दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, देर रात चूल्हे में बची चिंगारी ने धीरे-धीरे पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। जब तक घरवाले कुछ समझ पाते, तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। आग में कपड़े, फर्नीचर, बर्तन, जरूरी कागजात, जेवरात और तकरीबन 25 हजार नकद सब कुछ जलकर नष्ट हो गया।

घटना के समय रहमान आलम की पत्नी आमना खातून घर पर मौजूद थीं। उन्होंने बताया कि 'मेरे पति मेहनत-मजदूरी कर बाहर से 25



हजार भेजे थे, जो घर में रखे थे — वो भी जलकर राख हो गया।' आग की लपटें देख आमना खातून के शोर मचाने पर ग्रामीण दौड़े और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना की जानकारी मिलते ही छात्र नेता त्रिभुवन कुमार मौके पर पहुंचे और त्वरित रूप से बड़हरा कोठी के सीईओ एवं आरओ को मामले की सूचना दी। सीओ मोहन लाल शर्मा ने बताया कि 'घटना की सूचना प्राप्त हुई है, कर्मियों को जांच के लिए भेजा जा रहा है। नियमानुसार पीड़ित परिवार को अनुदान राशि दी जाएगी।'इस अग्निकांड में परिवार पूरी तरह बेघर हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को शीघ्र राहत और आवास सहायता प्रदान की जाए, ताकि सर्द रातों में खुले आसमान तले जीवन बिताने की नौबत न आए।

# 'लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने की पहल : केनगर में शिक्षकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**के नगर/पूर्णिया।** जिला शिक्षा पदाधिकारी के निदेर्शानुसार शनिवार को केनगर प्रखंड मुख्यालय से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक अनोखी पहल की गई। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों ने लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने के उद्देश्य से बाइक जुलूस रैली निकाली।

रैली का नेतृत्व शिक्षक मनीष श्रीवास्तव ने किया, जिसमें दर्जनों शिक्षक शामिल हुए। बाइक पर सवार शिक्षकों ने 'पहले मतदान, फिर जलपान', 'सारा काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो' जैसे नारों से पूरे प्रखंड मुख्यालय से लेकर परोरा, बिठनौली पूरब और बिठनौली पश्चिम पंचायतों तक जनजागरण का संदेश पहुंचाया। रैली में शामिल बीआरसी के लेखापाल चंद्र भूषण सिंह और कन्या मध्य विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका सुचित्रा कुमारी ने कहा कि इस रैली का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराना है। लोकतंत्र तभी सशक्त होगा, जब हर मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंचेगा। इधर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केनगर की ओर से बीसीएम कंचन कुमारी के नेतृत्व में झुन्नी इस्तम्ब्रार पंचायत के देवी नगर गांव स्थित मदरसा में भी स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एएनएम, आशा कार्यकर्ता और आशा फेसिलिटेटर ने अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं और पुरुषों को गीत-संगीत, रंगोली और संवाद के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। शिक्षक मनीष श्रीवास्तव ने क्षेत्रवासियों से अपील की— 'लोकतंत्र के इस महापर्व में हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। एक मत न केवल सरकार चुनता है बल्कि क्षेत्र के विकास की दिशा भी तय करता है। अपने आस-पड़ोस के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें और मतदान के दिन उन्हें बूथ तक ले जाने की पहल करें।'

## पूर्णिया मेडिकल कॉलेज में आई बैंक स्थापना की कवायद तेज

# दधीचि समिति ने जगाई उम्मीद की नई लौ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** नेत्रदान और देहदान जैसे महान उद्देश्यों को जनआंदोलन का रूप देने के लिए दधीचि देहदान समिति ने अब चिकित्सा संस्थानों के दरवाजे खटखटाने शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में शनिवार को पूर्णिया मेडिकल कॉलेज अस्पताल (जीएमसीएच) के सभागार में आई बैंक की स्थापना को लेकर एक सार्थक बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता सुपरिटेंडेंट डॉ. संजय कुमार ने की।

बैठक में समिति की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, जिला अध्यक्ष हेना सईद, सचिव रविंद्र कुमार साह और सह सचिव प्रेम कुमार शामिल हुए। वहीं मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग से जुड़े सभी चिकित्सक व कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान दधीचि समिति ने एक औपचारिक निवेदन पत्र सुपरिटेंडेंट को सौंपा, जिसमें आई कलेक्शन सेंटर और आई बैंक की स्थापना के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह



किया गया। इस पर सुपरिटेंडेंट डॉ. संजय कुमार ने समिति की भावनाओं का सम्मान करते हुए कहा कि 'यह सिर्फ एक परियोजना नहीं, बल्कि समाज के लिए आशा की किरण है। हम हर स्तर पर इसकी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' डॉ. संजय कुमार ने बताया कि इस प्रस्ताव को लेकर वरीय अधिकारियों से पटना में भी बातचीत चल रही है और जल्द ही मेडिकल कॉलेज परिसर में आई बैंक की नींव रखी जाएगी। बैठक में समिति के सदस्यों ने भी अपनी भूमिका स्पष्ट करते हुए कहा कि वे प्रशासनिक और दस्तावेजी प्रक्रिया में हरसंभव सहयोग देंगे। सचिव रविंद्र कुमार साह ने सरकारी औपचारिकताओं में सहयोग का आश्वासन दिया, जबकि सह सचिव प्रेम कुमार ने समन्वय की जिम्मेदारी निभाई। जिला अध्यक्ष हेना सईद ने इसे समाजसेवा का पुनीत अवसर बताते हुए समिति की ओर से पूर्ण सहयोग की बात दोहराई। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने कहा — 'पूर्णिया में नेत्रदान की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए यह एक ऐतिहासिक शुरूआत है। यदि मेडिकल कॉलेज के भीतर आई बैंक स्थापित होता है, तो सैकड़ों लोगों की ज़िंदगी में रोशनी लौट सकेगी।'

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के 150 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कटिहार रेलवे रेलमंडल में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीआरएम किरेंद्र नराह की अध्यक्षता में स्थानीय रेलवे मैदान में सामूहिक गायन और राष्ट्रभक्ति का उत्साह के साथ एक भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक वंदे मातरम गायन से हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।जिन्होंने राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत होकर गीत का आनंद लिया।वंदे मातरम के गायन के बाद उपस्थित लोगों ने जोरदार ढंग से भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे भी लगाए। इस कार्यक्रम ने सभी उपस्थित लोगों को अपने देश



और संस्कृति के प्रति गर्व का अनुभव कराया। आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये हुआ।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन लाइव प्रसारित किया गया, साथ ही प्रधानमंत्री का संदेश सुनने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग जमा हुए और पूरी तन्मयता से उन्होंने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना, और इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर उत्साह और जोश का माहौल बना रहा। इस संबंध में कटिहार रेलमंडल के मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नराह ने बताया कि भारतीय रेल और वंदे मातरम का 150 साल का सफर एक साथ रहा है। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर इस उपलक्ष्य में पूरे कटिहार रेलमंडल अंतर्गत सभी रेलवे स्टेशनों पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी इस अवसर पर वंदे मातरम के महत्व को जनता तक पहुंचा रहे हैं और लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना को बढ़ावा दे रहे हैं। वही रेल प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कटिहार शहरवासियों की सहभागिता रही। इस अवसर पर डीआरएम के साथ एडीआरएम मनोज कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह,आरपीएफ कमांडेंट संदीप कुमार पीएस, सीनियर डीपीओ अंजनी कुमार श्रीवास्तव,डीसीएम संगीता मीणा सहित सभी रेल अधिकारी, यूनियन प्रतिनिधि सहित सैकड़ों की संख्या में रेल कभी मौजूद रहे।

## जन सुराज के विधायक प्रत्याशी ने निकाला जनसंपर्क अभियान

**मनसाही/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 67 सुरक्षित मनिहारी विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज के विधायक प्रत्याशी सह फूलहारा पंचायत के मुखिया बबलू सोरेन मनिहारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मनसाही,मनिहारी एवं अमदाबाद में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस कड़ी में विधायक प्रत्याशी बबलू सोरेन डोर टू डोर मतदाताओं से मिले अपनी और मतदान करने की बात कही। इस मौके पर मनिहारी विधानसभा के विधायक प्रत्याशी बबलू सोरेन ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में डोर टू डोर भ्रमण कर रहे हैं। मतदाताओं से मिल रहे हैं एवं आशीर्वाद मांग रहे हैं कि इस बार मनिहारी विधानसभा का बेटा को मतदान करें एवं जीताकर विधानसभा भेजने का काम करें।बबलू सोरेन की जीत पूरे विधानसभा के मतदाताओं की जीत हैं।

# 'शिक्षकों की गूंज से अमौर में जागी मतदाता चेतना, बाइक रैली ने भरी लोकतंत्र की हुंकार'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमौर।** लोकतंत्र की मजबूती और जनभागीदारी को सशक्त संदेश देने के उद्देश्य से अमौर प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को शिक्षा विभाग के तत्वावधान में एक प्रेरणादायी मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकाली गई।

रैली की शुरूआत प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी विश्वनाथ चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर की। इस मौके पर उपस्थित शिक्षकों में गजब का उत्साह देखने को मिला। रैली का नेतृत्व प्रखंड लेखापाल विजय कुमार ने किया। दर्जनों बाइक सवार शिक्षक जब थाना चौक और पलसा चौक होते हुए लोगों को मतदान का महत्व समझाने निकले तो रास्ते भर 'पहले मतदान, फिर जलपान' जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।

रैली के समापन पर शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि मतदान सिर्फ अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक सुभाष चन्द्र विश्वास, नदीम, शंकर प्रसाद, आशीक, जीलानी, सुमन, जयसवाल, निर्देश कुमार समेत कई विद्यालयों के शिक्षक सक्रिय रूप से मौजूद रहे और अभियान को सफल बनाया। इस पहल ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब शिक्षक समाज के मार्गदर्शक बनकर आगे आते हैं, तो लोकतंत्र की रोशनी गांव-गांव तक पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता।

## आईपीओ में ऊंचे भाव पर बेचे गए शेयरों का मामला पकड़ रहा तूल




**नई दिल्ली, एजेंसी।** नायका, पेटीएम और लेंसकार्ट जैसे आईपीओ में ऊंचे भाव पर बेचे गए शेयरों का मामला अब तूल पकड़ रहा है। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश वार्ष्णेय ने कहा, आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का मूल्यांकन कोई नियामकीय कमी नहीं है। लेकिन हमें यह देखना होगा कि खुदरा निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए हम किस तरह से और अधिक सुरक्षा उपाय कर सकते हैं। बृहस्पतिवार को ही सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने भी आईपीओ में शेयरों के ऊंचे मूल्य को लेकर चिंता जताई थी। हालांकि, उन्होंने कहा कि आईपीओ मूल्यांकन में नियामक हस्तक्षेप नहीं करेगा।। इससे पहले विश्लेषकों और बड़े निवेशकों ने भी लेंसकार्ट आईपीओ के ऊंचे भाव को लेकर सवाल उठाया था। लेंसकार्ट का इश्यू 382-402 रुपये के भाव पर आया था। लिस्टिंग के बाद इसकी पूंजी 69,700 करोड़ रुपये होगी। यह 28.26 गुना भरा था। कमलेश वार्ष्णेय ने मुंबई में एक कार्यक्रम में कहा कि बाजार नियामक का पूंजीगत मुद्दे के नियंत्रण से दूर जाना एक सही कदम है, लेकिन एंकर निवेशकों की ओर से मूल्यांकन उचित, प्रभावी और कुशलतापूर्वक हो। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह एक नियामक अंतर है, लेकिन यह विचार के लिए अच्छा है। चाहे इस समय किया जा रहा मूल्यांकन सही हो या नहीं। हमने देखा है कि बहुत सारे आईपीओ आ रहे हैं, जहां खुदरा निवेशक मूल्यांकन को लगातार चुनौती दे रहे हैं। वार्ष्णेय ने कहा, जब एंकर निवेशक मूल्यांकन कर रहे हों, तो सेबी को खुद को इससे दूर रखना चाहिए। जो वह कर रहा है और जो शायद सही भी है, लेकिन इस स्थिति से समझौता किए बिना हम यह कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि एंकर निवेशकों द्वारा मूल्यांकन भी उचित, प्रभावी और कुशलतापूर्वक हो रहा है। हमें अल्पसंख्यक शेयरधारकों से बहुत सारी शिकायतें मिल रही हैं कि उनके हितों से समझौता किया गया है। यह एक और नियामकीय कमी है और मेरी राय में शायद सेबी को भविष्य में इस पर काम करना होगा।

## अमेरिका में एयरपोर्ट्स का दिल्ली से भी बुरा हाल, 1200 से अधिक फ्लाइट्स कैंसिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में सरकारी शटडाउन का असर अब आम लोगों पर भी पड़ने लगा है। शुक्रवार को इसकी वजह से 1,200 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं। इससे यात्रियों को परेशानी हुई। थैंक्सगिविंग हॉलिडे में अब कुछ ही हफ्ते रह गए हैं और अगर शटडाउन जल्दी खत्म नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में यह परेशानी और बढ़ सकती है। यह फ्लाइट कैंसिलेशन धीरे-धीरे होने वाली कटौती का पहला चरण है। यह 4 प्रतिशत से शुरू हुई है और अगले हफ्ते 10 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी अमेरिकन एयरलाइंस ने 220 फ्लाइट्स रद्द कीं। डेल्टा ने भी करीब 170 फ्लाइट्स कम कर दीं जबकि साउथवेस्ट एयरलाइंस ने लगभग 100 फ्लाइट्स कैंसिल कर दीं। फ्लाइट अवेर के अनुसार गुरुवार को 6,800 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट हुईं और 200 फ्लाइट्स रद्द भी हुईं। शटडाउन के कारण कई कर्मचारी बिना सैलरी के काम कर रहे हैं। ट्रंप प्रशासन ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स पर काम का बोझ कम करने के लिए फ्लाइट्स में कटौती करने को कहा था। अटलांटा, नेवार्क, डेनवर, शिकागो, ह्यूस्टन और लॉस एंजिल्स जैसे एयरपोर्ट सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। सरकारी शटडाउन की वजह से कई सरकारी कर्मचारी या तो घर भेज दिए गए हैं या बिना तनख्वाह के काम कर रहे हैं।

# वर्ल्ड बैंक ने भी माना, फाइनेंशियल सिस्टम पहले से ही मजबूत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर भारत को 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनना है, तो उसे फाइनैंशल सेक्टर में सुधारों को और तेजी देनी होगी। साथ ही, निजी पूंजी जुटाने को भी बढ़ावा देना होगा। वर्ल्ड बैंक की फाइनेंस सेक्टर असेसमेंट रिपोर्ट में यह माना गया है कि भारत के वर्ल्ड क्लास डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और सरकारी प्रोग्राम्स ने पुरुषों और



महिलाओं दोनों के लिए वित्तीय सेवाओं की पहुंच को काफी बेहतर बनाया है।

रिपोर्ट में खास तौर पर महिलाओं के लिए बैंक खातों के इस्तेमाल को और बढ़ावा देने के लिए भी सुझाव दिए गए हैं। इसके अलावा आम लोगों और एमएसएमई (छोटे और मझोले कारोबार) के लिए अलग-अलग तरह के फाइनैंशल प्रोडक्ट्स तक पहुंच आसान बनाने की भी बात कही गई है।

### पिटल मार्केट की बड़ी ताकत

वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि 2017 के पिछले असेसमेंट के बाद से भारत का फाइनैंशल सिस्टम ज्यादा मजबूत, डायवर्सिफाइड और समावेशी हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तमाम सुधारों ने भारत को 2010 के दशक की मुश्किलों और कोरोना महामारी के असर से उबरने में मदद की। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत आईएमएफ वर्ल्ड बैंक की जॉइंट टीम द्वारा किए गए फाइनैंशल सेक्टर के इस मूल्यांकन का स्वागत करता है।कि पिछले एफएसएपी के बाद से कैपिटल मार्केट (इक्विटी, सरकारी बॉन्ड और कॉरपोरेट बॉन्ड) जीडीपी के 144 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 175 प्रतिशत हो गया है।

## अनिल अंबानी की एक साल पुरानी कंपनी में इस्तीफों की झड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज उद्योगपति अनिल अंबानी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। उनकी कंपनी रिलायंस पावर के रिन्यूएबल एनर्जी वेंचर रिलायंस एन यू एनर्जीज में हालात ठीक नहीं हैं। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक लॉन्च होने के करीब एक साल के अंदर ही कंपनी के सीईओ मयंक बंसल और सीओओ राकेश स्वरूप ने इस्तीफा दे दिया है। ये दोनों ही रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर की बड़ी कंपनी नवीकरण से आए थे। इन दोनों बड़े अधिकारियों के अलावा, करीब एक दर्जन और एग्जीक्यूटिव्स ने भी कंपनी छोड़ दी है। यह सब तब हो रहा है जब अनिल अंबानी और उनकी कंपनियों पर लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों की कार्रवाई तेज हो गई है। हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 7,500 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति फ्रीज की थी। इसमें ऑफिस, घर और 132 एकड़ से ज्यादा जमीन शामिल है। इंडस्ट्री के एक सूत्र ने बताया कि अनिल अंबानी ग्रुप में चल रही उथल-पुथल के कारण एन यू एनर्जी यूनिट से कई लोगों ने नौकरी छोड़ दी है। ऐसे में नए लोगों को ढूंढने में थोड़ा समय लग सकता है। मयंक बंसल और राकेश स्वरूप ने इस बारे में कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हालांकि रिलायंस पावर के एक प्रवक्ता ने ईमेल के जरिए बताया कि मयंक बंसल और राकेश स्वरूप ने 30 सितंबर को इस्तीफा दिया था ताकि वे अपने खुद के नए बिजनेस शुरू कर सकें।

### विराट कोहली और अनुष्का शर्मा आए हैं खाने, न कोई बिजनेस डिग्री न कोई निवेशक

# अनुभव के बिना खड़ा किया बेन्ने डोसा का साम्राज्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
यह कहानी है फिल्म प्रोड्यूसर अखिल अय्यर और साइकॉलोजिस्ट श्रिया नारायण की। दोनों को डोसा कुछ ज्यादा ही पसंद था। वह कामकाज के सिलसिले में अपना घर छोड़ कर मुंबई शिफ्ट हुए। लेकिन वह अक्सर ऑथेंटिक अपने पसंदीदा डोसे के लिए भटकते रहते थे। उन्हें यह मिला नहीं। बस उन दोनों ने मिल कर मुंबई में ही एक ऐसा डोसा कैफे बना दिया जहां आप ऑथेंटिक बेंगलुरु डोसा का आनंद ले सकते हैं। उनका कैफे इतना फेमस हुआ कि वहां क्रिकेट विराट कोहली, रोहित शर्मा ही नहीं बल्कि फिल्म एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और दीपिका पादुकोण भी डोसा खाने पहुंचे हैं।

इस रेस्टोरेंट की कहानी के पीछे एक ऐसा कपल है जिनके पास मैनेजमेंट की कोई डिग्री नहीं थी, न ही कोई निवेशक उनके पीछे खड़ा था। यहां तक कि उनके पास रेस्टोरेंट चलाने का कोई अनुभव भी नहीं था। उनके पास बस एक ऐसी रेसिपी थी जिसका स्वाद घर जैसा था और एक ऐसा विश्वास था जो उनकी ज़िंदगी बदल सकता था। मुंबई के इस जोड़े ने, जो कभी शहर में अपने पसंदीदा दावणगेरे-स्टाइल डोसा को ढूंढने के लिए संघर्ष करते थे, एक ऐसा फ़ूड ब्रांड बनाया है जो अब हर महीने लगभग 1 करोड़ कमाता है। बिना एमबीए, रेस्टोरेंट के अनुभव या किसी निवेशक की फंडिंग के, अखिल अय्यर और श्रिया नारायण ने अपनी अच्छी-खासी नौकरियां छोड़ीं और एक छोटा सा डोसा कैफे खोला, जो अब एक वायरल सक्सेस स्टोरी बन गया है।



**स्वाद की चाहत जिसने एक आइडिया को जन्म दिया:** शादी के तुरंत बाद, यह जोड़ा मुंबई आ गया। वहां उन्हें बचपन में खाये अपने घर के स्वादिष्ट, कुरकुरे डोसे की याद आने लगी। पूरे शहर में ढूंढने के बावजूद, उन्हें बेंगलुरु-स्टाइल का ऑथेंटिक स्वाद कहीं नहीं मिला। यह निराशा उनके लिए एक टर्निंग पॉइंट साबित हुई। उन्होंने हार मानने के बजाय, खुद ही वह स्वाद बनाने का फैसला किया। अब सवाल उठा कि बचपन में खाये डोसा बनाना सिखाएगा कौन? तब अखिल ने बेंगलुरु का रूख किया। वहां के एवेन्यू रोड स्थित एक सीजंड डोसा मास्टर से इसे बनाने की ट्रेनिंग ली। उन्होंने वहां बेन्ने डोसा बनाने के लिए परफेक्ट बैटर बनाना सीखा, उसमें खमीर उठाने के लिए कितने समय तक रखना होगा, किस टैम्परेचर पर डोसा बनाएं तो करारा बनेगा आदि का लेसन सीखा। उसके बाद मुंबई लौट आए। इस सफलता के दम पर, जोड़े ने अपने पहले आउटलेट, बांद्रा में सफलता के बाद, जुहू में दूसरा आउटलेट भी खोला। इस बात का प्रमाण बन गई है कि साहस और निरंतरता औपचारिक योग्यता और बड़े पूंजी से ज़्यादा मायने रखती है। संस्थापकों का कहना है कि उनकी सफलता एक साधारण विश्वास से आई- घर के स्वाद के प्रति सच्चे रहें और ग्राहक वापस ज़रूर आएंगे।

## किचन के प्रयोगों से एक आरामदायक कैफे तक

मुंबई पहुंच कर तुरंत कैफे शुरू नहीं हो पाए। क्योंकि बिना किसी हॉस्पिटैलिटी अनुभव या औपचारिक ट्रेनिंग के, इस जोड़े ने अपने बैटर और चटनी को परफेक्ट बनाने में ही महीनों लगाए। उन्होंने कर्नाटक से खास भारी कास्ट-आयरन तवे मंगवाए ताकि उस पर डोसा सिंक कर वैसा ही कुरकुरा बन सके, जैसा वे बचपन में खाते थे। बहुत सारे ट्रायल और एरर के बाद, उन्होंने मई 2024 में बेन्ने नाम से 12 सीटों वाला एक कैफे खोला। उनका ध्यान सिर्फ सादे, ताज़े डोसे पर था, बिना किसी फैंसी प्लेटिंग या फ्यूजन ट्विस्ट के। इस रेस्टोरेंट में मेनू छोटा रखा गया, खाना असली स्वाद वाला था, और ग्राहक लाइन लगाकर खड़े रहते थे। वह टेबल खाली होने का इंतजार शांति से करते थे। उनके ग्राहकों में ऑफिस जाने वाले लोग, विद्यार्थी और खाने के शौकीन सभी शामिल थे। ये लोग इस जगह पर उमड़ने लगे, जिससे यह छोटा सा काउंटर एक चर्चा का विषय बन गया। आज, यह कैफे हर दिन लगभग 800 डोसे बेचता है, जिनकी कीमत ?250 से ?300 है। उनकी मासिक कमाई ?1 करोड़ तक पहुंच जाती है। सेलिब्रिटीज़ ने भी इस कैफे पर ध्यान दिया। साल 2024 में, विराट कोहली और अनुष्का शर्मा बेन्ने डोसा कैफे में आए। उनके आने से कैफे की लोकप्रियता और बढ़ गई। इसके बाद क्रिकेटर रोहित शर्मा, फिल्मी सितारे रणबीर सिंह, दीपिका पादुकोण जैसे सेलिब्रेटी की कतार लग गई।

### कंपनी का रेवेन्यू पहली बार 15,000 करोड़ रुपये के पार

# बजाज ऑटो का शेयर 53 प्रतिशत उछला

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दोपहिया और तिपहिया गाड़ियां बनाने वाली कंपनी बजाज ऑटो ने शुक्रवार को अपना दूसरी तिमाही का रिजल्ट घोषित कर दिया। दूसरी तिमाही में कंपनी का प्रॉफिट 53 प्रतिशत बढ़कर 2,122 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल इसी अवधि में यह 1,385 करोड़ रुपये था। इस तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 19 प्रतिशत बढ़कर 15,735 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल इसी तिमाही में यह 13,247 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि उसका रेवेन्यू 15,000 करोड़ रुपये के पार जाकर एक नया रिकॉर्ड बना है। इस दौरान कंपनी की महंगी गाड़ियों की ज्यादा बिक्री हुई और साथ ही स्पेयर पार्ट्स की सेल भी सबसे अच्छी रही।

कंपनी ने कहा कि उसके सभी बिजनेस अच्छा कर रहे हैं। हालांकि पिछली तिमाही के मुकाबले इस तिमाही में कंपनी का प्रॉफिट 4 प्रतिशत कम हुआ है। पिछली तिमाही में मुनाफा 2,210 करोड़ रुपये था। वहीं, इस तिमाही में रेवेन्यू पिछली तिमाही से 20 प्रतिशत बढ़ा है। अप्रैल-जून 2026 की तिमाही में यह 13,133 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि उसका



स्टैंडअलोन ईबीआईटीडीए पहली बार 3,000 करोड़ रुपये के पार गया है। ईबीआईटीडीए मार्जिन बढ़कर 20.5 प्रतिशत हो गया है।

घरेलू मोटरसाइकिल सेगमेंट खासकर स्पोर्ट्स सेगमेंट में कंपनी की बिक्री बढ़ी है। बजाज ऑटो की घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री 5,96,576 यूनिट रही, जो पिछले साल की इसी अवधि के 6,36,801 यूनिट से 6 प्रतिशत कम है। हालांकि, पिछली तिमाही के मुकाबले यह 13 प्रतिशत ज्यादा है। कमर्शियल वाहनों की बिक्री 1,44,217 यूनिट रही, जो पिछले साल की इसी अवधि के 1,39,910 यूनिट से 3 प्रतिशत ज्यादा है।

इस दौरान निर्यात में 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। कंपनी ने दूसरी तिमाही में 5,53,327 गाड़ियां एक्सपोर्ट कीं, जो पिछले साल की इसी अवधि के 4,44,793 यूनिट से 24 प्रतिशत ज्यादा है। पिछली तिमाही के मुकाबले निर्यात में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। शुक्रवार को कंपनी का शेयर बीएसई पर 0.09 प्रतिशत तेजी के साथ 8724.20 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 10,189.95 रुपये और न्यूनतम स्तर 7,088.25 रुपये है।

## 2027 तक भारत कैसे बनेगा 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए कई कदम उठाने होंगे। इनमें प्रमुख रूप से वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को और गति देने व निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत है। विश्व बैंक ने शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत के विश्व स्तरीय डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और सरकारी कार्यक्रमों ने पुरुषों और महिलाओं के लिए वित्तीय सेवाओं तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार किया है। विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र मूल्यांकन (एफएसए) रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत द्वारा सहकारी बैंकों पर नियामक प्राधिकरण का विस्तार करने की जरूरत है। प्रमुख नियमों को कड़ा करना व प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए नियामक और पर्यवेक्षी विभागों का पुनर्गठन किया जाना चाहिए। एजेंसी ने एनबीएफसी के लिए पैमाना आधारित विनियमन का भी स्वागत किया है, जो इस विविध उद्योग की विभिन्न जरूरतों को पहचानता है। बैंकों और एनबीएफसी की बेहतर निगरानी के लिए ऋण जोखिम प्रबंधन ढांचे को और मजबूत करने की सिफारिश की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले एफएसएपी के बाद से पूंजी बाजार (इक्विटी, सरकारी बॉन्ड और कॉरपोरेट बॉन्ड) जीडीपी के 144 फीसदी से बढ़कर 175 फीसदी हो गए हैं। इन लाभों को एक मजबूत पूंजी बाजार बुनियादी ढांचे और विविध निवेशक आधार का समर्थन प्राप्त है। रिपोर्ट में अधिक पूंजी जुटाने के लिए ऋण वृद्धि तंत्र, जोखिम साझाकरण सुविधाएं और प्रतिभूतिकरण प्लेटफॉर्म विकसित करने का सुझाव दिया गया है।

### हर 2 सेकंड में एक कार और हर सेकंड 3 दोपहिया!

## इस फेस्टिव सीजन ऑटो कंपनियों की हो गई चांदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
फेस्टिव डिमांड और जीएसटी रेट्स में कटौती का सबसे ज्यादा फायदा ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को हुआ है। इस त्योहारी मौसम में करीब 7,67,000 पैसेंजर गाड़ियां बिकीं। इनमें कार, एसयूवी और वैन शामिल हैं। 42 दिन के इस फेस्टिव सीजन में करीब 40.5 लाख दोपहिया गाड़ियां भी बिकीं। इनमें मोटरसाइकिल, स्कूटर और मोपेड शामिल हैं। इसका मतलब है कि हर दिन औसतन 18,261 गाड़ियां और 96,500 दोपहिया वाहन बिके।

इंडस्ट्री की एक रिपोर्ट के मुताबिक ऑटो कंपनियों के लिए यह अब तक का सबसे अच्छा त्योहारी सीजन साबित हुआ। हुंडई मोटर्स इंडिया लिमिटेड के होल टाइम डायरेक्टर और सीओओ तरूण गर्ग बताते हैं कि जीएसटी रेट्स में कमी की उम्मीद में लोगों ने खरीदारी रोककर रखी थी। 22 सितंबर को नवरात्रि के पहले दिन से जैसे ही जीएसटी के नए रेट्स लागू हुए, बड़ी संख्या में लोग गाड़ियों के शोरूम पहुंचे। इस कारण डीलरों को अपने शोरूम सामान्य से कहीं ज्यादा देर तक खुले रखने पड़े। हालत यह हो गई कि डीलरों के पास गाड़ियों की डिलीवरी देने के लिए समय कम पड़ गया।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के आंकड़ों के मुताबिक इस साल त्योहारी सीजन में पीवी सेगमेंट में 23 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जबकि



दोपहिया वाहन सेगमेंट में 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। बिक्री में इस उछाल से कमाई भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अनुमान है कि क्क्ष्ठ सेगमेंट से 76,700 से 84,400 करोड़ रुपये का टर्नओवर हुआ। वहीं, दोपहिया वाहन सेगमेंट से 36,500 से 40,500 करोड़ रुपये का टर्नओवर हुआ। कार की कीमत औसत कीमत 10 से 11 लाख रुपये और दोपहिया वाहन की 90,000 हजार से 1 लाख रुपये रही। ग्रामीण बाजारों में गाड़ियों की बिक्री में 3 गुना और दोपहिया वाहनों की बिक्री में 2 गुना ग्रोथ देखी गई। अच्छी बारिश के कारण फसलें अच्छी हुईं और गाड़ियों के लिए फाइनेंस आसानी से उपलब्ध हो गया। इन सब वजहों से ऑटोमोबाइल कंपनियों को ग्रामीण मांग का भरपूर फायदा मिला। वित्तीय वर्ष 2026 में पहली बार ग्रामीण इलाकों से कार और एसयूवी की बिक्री का हिस्सा 40 प्रतिशत को पार कर गया और यह लगभग 42 प्रतिशत पर पहुंच गया। वित्तीय वर्ष 2024 और 2025 में ग्रामीण बाजारों का औसत हिस्सा 38 प्रतिशत था।

# ग्रो के आईपीओ पर टूटे निवेशक, 18 गुना सब्सक्रिप्शन लेकिन घट गया जीएमपी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश के प्रमुख रिटेल इनवेस्टमेंट प्लेटफॉर्म ग्रो के आईपीओ में निवेशकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला है। कंपनी ने अपने आईपीओ के आखिरी दिन 17.6 गुना सब्सक्रिप्शन हासिल किया। इसका मतलब है कि कंपनी ने जितने शेयर बिक्री के लिए रखे गए थे, उससे लगभग 17.6 गुना ज्यादा लोगों ने उन्हें खरीदने की इच्छा जताई। कुल मिलाकर 641.86 करोड़ रुपये के बिड मिले, जबकि 36.47 करोड़ शेयर ही ऑफर पर थे।

रिटेल इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स कैटगरी में इसे 9.43 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। इस कैटगरी में 6.63 करोड़ शेयर रिजर्व थे। नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स में इसे 14.20 गुना सब्सक्रिप्शन




मिला जबकि क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटगरी में 22.02 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। हालांकि, ग्रे मार्केट में ग्रो के आईपीओ का प्रीमियम थोड़ा नरम पड़ गया है। ग्रो आईपीओ का ग्रे मार्केट प्रीमियम अब महज 5 रुपये रह गया है। यह इश्यू प्राइस (100 रुपये) से करीब 5 प्रतिशत ज्यादा है। इससे यह उम्मीद लगाई जा रही है कि शेयर लिस्टिंग के समय लगभग 105 रुपये पर लिस्ट हो सकता है। यह प्रीमियम पहले 14.5 प्रतिशत था। बेंगलुरु की कंपनी ग्रो के आईपीओ में 1,060 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू और 5,572 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल शामिल है। फ्रेश इश्यू से मिले पैसों का इस्तेमाल कंपनी अपने क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, ब्रांड बनाने और मार्केटिंग पर खर्च करने के लिए करेगी। इस आईपीओ को कोटक महिंद्रा कैपिटल, जेपी मॉर्गन, सिटीग्रुप, एक्सिस कैपिटल और मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स मिलकर मैनेज कर रहे हैं। आईपीओ में बोली 4 नवंबर 2025 को शुरू हुई और 7 नवंबर 2025 को बंद हुई। शेयरों के अलॉटमेंट का आधार 10 नवंबर 2025 को फाइनल होने की उम्मीद है। कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई पर 12 नवंबर 2025 को लिस्ट हो सकते हैं। ग्रो की स्थापना 2017 में फ्लिपकार्ट के पूर्व एग्जीक्यूटिव ललित केशरे, हर्ष जैन, ईशान बंसल और नीरज सिंह ने की थी। यह तेजी से भारत का सबसे बड़ा रिटेल इन्वेस्टमेंट प्लेटफॉर्म बन गया है। जून 2025 तक, इसके 47.9 मिलियन (4.79 करोड़) एक्टिव हुस्थ यूजर्स थे।

### वन एवं वन्यजीवन के संरक्षण का अनूठा प्रयास

# आदिवासियों को सुनाई जा रही पूर्वजों के बाघ और हाथियों से जुड़ाव की कहानियां

## 'न लोक सभा, न विधान सभा, सबसे बड़ी ग्राम सभा' का गूंजा नारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** वन क्षेत्र में पशुओं की सुरक्षा और मानव के साथ उनका टकराव टालने के लिए वन विभाग आदिवासी समाज के पारंपरिक ज्ञान का सहारा ले रहा है। धर्मगुरुओं का सम्मान, बुजुर्ग नागरिकों के साथ संवाद कर हाथियों, बाघ समेत दूसरे जानवरों के साथ सह अस्तित्व की कहानियों से लोगों को अवगत कराया जा रहा है।

सामाजिक वानिकी अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि जंगलों में सदियों से रह रहे आदिवासी समाज के पास पेड़-पौधों के संरक्षण के साथ पशुओं से अच्छे संबंध रखने का अनुभव है। इसी पारंपरिक ज्ञान को सम्मान देकर लोगों से उनके अनुभव जाने जा रहे हैं।

पलामू टाइगर रिजर्व, दलमा समेत अन्य वन्यक्षेत्रों में दुर्गापूजा और दीपावली के त्योहार के दौरान पाहन, पुरोहित और दूसरे सांस्कृतिक लोगों का सम्मान किया गया। आदिवासी त्योहारों के दौरान भी यह परंपरा जारी रहेगी।लातेहार के रहने वाले आदिवासी बुजुर्ग सकांत बेदिया इस सम्मान से रोमांचित होकर पुराने दौर की कहानियों से लोगों को अवगत करा रहे हैं।

सकांत बेदिया ने वन अधिकारियों से कहा कि हाथियों के कारिडोर में नए निर्माण हो रहे हैं। वन क्षेत्र की सड़कों पर रात में गाड़ियां चलती हैं तो पशुओं को परेशानी होती है। कारिडोर में छेड़छाड़ से हाथी दूसरे क्षेत्र में चले जाते हैं और उनका मानव के साथ संघर्ष होता है। इसे रोकने के लिए विभाग को सक्रिय होना पड़ेगा।



रणविजय सिंह ने बताया कि ऐसे ही सुझाव के लिए इस तरह के कार्यक्रम उपयोगी हो रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में हिरण, चीतल जैसे जीवों की हत्या पर रोक लगी है। इटकी प्रखंड की कुंदी पंचायत के विंधानी गांव की ग्राम सभा ने अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के अधीन कार्यरत आशा संस्था के तकनीकी सहयोग से आयोजित वन महोत्सव में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। सैकड़ों ग्रामीणों ने वन सुरक्षा की शपथ ली। वन महोत्सव का आयोजन वनों के संरक्षण, संवर्धन, और प्रबंधन को लेकर किया गया। ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी ने यह संदेश दिया कि वे अपने वन को बचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

ग्राम सभा द्वारा तैयार की गई 16-सूत्री नियमावली वनों के अवैध कटाई, अतिक्रमण, और शिकार को रोकने के लिए एक मजबूत ढांचा प्रदान करेगी। समारोह की शुरूआत में गांव के पाहान मनबोध मुंडा, वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष माया कुजूर, और ग्राम प्रधान संजय उरांव द्वारा विधिवत जंगल राजा की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद, ग्रामीणों ने सखुवा के पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्राथमिक विद्यालय विंधानी के बच्चों, ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों ने हाथों में तख्तियां लेकर वन सुरक्षा के नारे लगाए।

इस दौरान 'न लोक सभा, न विधान सभा, सबसे बड़ी ग्राम सभा' का नारा भी जोर-शोर से गूंजा, जो ग्राम सभा की सशक्तता को दर्शाता है। वन महोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के कोर्डिनेटर साकेत कुमार सिंह, राजस्थान के देव कुमार, आशा संस्था के संस्थापक अजय कुमार जायसवाल, अध्यक्ष पूनम टोप्पो, और ललन साहू ने ग्राम सभा के इस अनुकरणीय पहल की जमकर सराहना की।

वक्ताओं ने कहा कि यह सामुदायिक प्रयास देश के अन्य गांवों के लिए एक आदर्श स्थापित करेगा। मौके पर सामाजिक सहयोग का भी प्रदर्शन किया गया। आशा संस्था की ओर से 40 किसानों के बीच सरसों का बीज और वृद्ध-वृद्धाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया।

# बंद खदान में भड़की आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कतरास।** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र स्थित चैतुडीह कोलियरी की बंद पड़ी आठ/नौ नंबर भूमिगत खदान से शनिवार सुबह अचानक आग और काले धुएं की लपटें निकलनी शुरू हो गई। धुआं उठता देख आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए।

सूचना मिलते ही चैतुडीह कोलियरी के प्रबंधक प्रेम कुमार शर्मा पेलोडर मशीन के साथ घटनास्थल पहुंचे और बचाव व भराई कार्य शुरू कर दिया। प्रबंधन ने बताया कि यह भूमिगत खदान वर्ष 1998 से पूर्व पूरी तरह स्पोटिंग कर बंद की गई थी।

अनुमान है कि असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध खनन के दौरान स्पोटिंग को क्षतिग्रस्त कर दिया गया होगा, जिससे ऑक्सीजन के संपर्क में आने पर आग भड़क उठी।



घटना की जानकारी मिलते ही कोलियरी के माइनिंग सरदार रामप्रीत मंडल, सदरूद्दीन अंसारी, सुरक्षा पदाधिकारी अभिषेक कुमार, कतरास थाना पुलिस और सीआईएसएफ के जवान मौके पर पहुंच गए। पेलोडर मशीन से भराई कार्य तेजी से जारी है।

इधर, ग्रामीणों ने बीसीसीएल प्रबंधन और पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि आग और धुएं की सूचना पहले भी कई बार दी गई थी, लेकिन समय पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

ग्रामीणों के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब छह बजे से हल्का धुआं निकलना शुरू हुआ था, जो शनिवार सुबह सात बजे तक लपटों में बदल गया।

## आमसभा में ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**नीमडीह।** सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत नीमडीह प्रखंड के आदरडीह में प्रस्तावित एसएम स्टील कंपनी स्थापना के विरोध में पांच मौजा आदरडीह, गैरिडीह, लोबाबेड़ा, बनडीह एवं गौरडीह के ग्रामीण उतरें। बुधवार को आदरडीह दुर्गा मंदिर परिसर में पांच मौजा के ग्रामीणों ने आमसभा आयोजित की। लोगों ने एक स्वर में आवाज बुलंद करते हुए कहा कि कंपनी द्वारा ग्रामीणों के साथ अनुबंध के विपरीत काम किया जा रहा है तथा प्रदूषण वाले फैक्ट्री लगाने की योजना है। ग्रामीणों ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए किसी भी कीमत में कंपनी की स्थापना करने नहीं दिया जायेगा। आवश्यकता पड़े तो जमीन अधिग्रहण स्थल से लेकर मुख्यमंत्री आवास तक जोरदार आंदोलन किया जायेगा। ग्रामीणों का कहना है कि जमीन को "बंजर" बताकर एस एम स्टील एंड पावर लि. के प्रबंधक राजीव कुमार मुखर्जी के साथ मिलीभगत से चांडिल के एक तथा दर्जनों स्थानीय दलालों ने दलाली कर सौदा पक्का किया और रैयतदारों को उचित मुआवजा नहीं देकर वे लोग करोड़पति बन गए। जमीन मालिकों ने कहा कि अनुबंध कागजात में फर्स्ट पार्टी का नाम तो है।

### भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर

# डाल्फिन संरक्षण-सह-वृहद गंगा स्वच्छता अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** झारखंड निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को साहिबगंज जिले में डाल्फिन संरक्षण-सह-वृहद गंगा स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया।

यह विशेष अभियान 15 नवंबर तक चलेगा। मालूम हो कि झारखंड में गंगा नदी सिर्फ राजमहल से साहिबगंज के बीच बहती है। 2025 के हालिया सर्वे के अनुसार राजमहल से साहिबगंज के बीच लगभग 256 डाल्फिन पाई जाती हैं। यह आंकड़ा भारतीय वन्यजीव संस्थान की रिपोर्ट पर आधारित है।अभियान के तहत गंगा तटवर्ती क्षेत्रों में स्वच्छता, जन-जागरूकता और डाल्फिन संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।



पहले दिन बिजली घाट और शकुंतला सहाय घाट पर बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें एनएसएस, एनसीसी, समाजसेवी संस्थाओं और स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी की।

उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि साहिबगंज झारखंड का एकमात्र जिला है जहां उत्तरवाहिनी गंगा बहती है।

गंगा हमारे जीवन, संस्कृति और पर्यावरण का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि झारखंड स्थापना दिवस की रजत जयंती और बिरसा मुंडा जयंती को खास बनाते हुए 7 से 15 नवंबर तक स्वच्छता एवं जागरूकता पखवाड़ा चलाया जा रहा है।

साहिबगंज में गंगा में गंगेटिक डाल्फिन पाई जाती हैं। गंगा में मिलने वाली यह ताजे पानी की नदी डाल्फिन है। स्थानीय लोग इसे सुसु या शुषुक नाम से जानते हैं। ये लगभग अंधी होती हैं और इकोलोकेशन यानी ध्वनि तरंगों के सहारे दिशा पहचानती हैं।

अधिकारियों ने बताया कि डॉल्फिन पर बढ़ते प्रदूषण, मछली पकड़ने के जाल, रेत खनन, जल यातायात और बांध निर्माण जैसे कारणों से खतरा बढ़ रहा है। इनका संरक्षण गंगा के स्वास्थ्य और जैव विविधता से सीधे जुड़ा है।

कार्यक्रम के तहत मुक्तेश्वर घाट, सरकंडा (राजमहल), सूर्यदेव घाट, सिंधी दलान, श्रीधर (उधवा) समेत कई तटवर्ती क्षेत्रों में सफाई व जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, एसडीओ अमर जान आइंद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, डीपीओ अमित मिश्रा और नगर परिषद के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने सुलझायी हत्या की गुत्थी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी के गिरजा टोली स्थित महावीर कॉलोनी में रहने वाले रंजीत महतो उर्फ टुना नामक युवक की एक सप्ताह पूर्व धारदार हथियार से गला काटकर की गई हत्या मामले में पुलिस ने मृतक की पहली पत्नी सुगी देवी और उसके एक रिश्तेदार सोनू महतो को गिरफ्तार कर इस हत्याकांड की गुत्थी को सुलझा ली है। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि पहली पत्नी के रहते रंजीत महतो ने जब दूसरी शादी कर ली तो गुस्से में आकर पहली पत्नी ने पति रंजीत महतो की हत्या की योजना बना डाली और अपने रिश्तेदार सोनू महतो एवं अन्य दो लोगों के साथ मिलकर 31 अगस्त को इस हत्याकांड को अंजाम दिया।

गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक स्टील का भुजाली (बड़ा चाकू), एक बोतल में पेट्रोल जैसा तरल पदार्थ और घटना के समय आरोपियों द्वारा पहने गए कपड़ों के जले हुए अवशेष को बरामद कर लिया है।

यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। बताया गया कि इस घटना में शामिल अन्य दो आरोपित फिलहाल फरार हैं जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी जारी है। उल्लेखनीय है कि मूल रूप से सोनाहातू निवासी रंजीत महतो उर्फ टुना का शव गत 31 अक्टूबर को शहर के कदमा बस्ती से शांतिपुर अमृतपुर जाने वाली सड़क पर स्थित तालाब के पास झाड़ियों से बरामद किया गया था।

इस संबंध में मृतक की दूसरी पत्नी रेणु देवी के लिखित आवेदन पर खूंटी थाना में हत्या का मामला दर्ज किया गया था। तकनीकी जांच एवं गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मृतक की पहली पत्नी सुगी देवी और उसकी बहन के बेटे सोनू महतो को पकड़ कर जब उससे पूछताछ की तो मामले का खुलासा हो गया।

गिरफ्तार सोनू महतो का अपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ खूंटी थाना में जान से मारने की धमकी देकर फिरौती मांगने का एक मामला कांड संख्या 152/ 11 दर्ज है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## कक्षपालों की नियुक्ति प्रक्रिया स्थगित

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने राज्य की जेलों में कक्षपालों की नियुक्ति को लेकर आयोजित होनेवाली प्रतियोगिता परीक्षा की आवेदन प्रक्रिया स्थगित कर दी है।

झारखंड कक्षपाल प्रतियोगिता परीक्षा-2025 में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू होनेवाली थी, लेकिन आवेदन के लिए पोर्टल पर लिंक जारी नहीं हुआ। आयोग ने शाम में अपरिहार्य करण बताते हुए आवेदन प्रक्रिया स्थगित किए जाने की सूचना प्रकाशित की।

इससे पहले आयोग ने कक्षपाल के कुल 1,733 पदों के विरुद्ध नियुक्ति के लिए बहाली निकाली थी। इसके तहत आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आठ दिसंबर निर्धारित की थी। आयोग के अनुसार, ऑनलाइन आवेदन करने के लिए नई तिथि अलग से प्रकाशित की जाएगी। बताते चलें कि कक्षपाल के कुल 1,733 पदों पर नियुक्ति होनी है, जिनमें 1,698 नियमित तथा 35 बैकलॉग पद सम्मिलित हैं। कुल नियमित पदों में 1634 पद पुरुषों तथा 64 पद महिलाओं के लिए हैं।

# दीपक बिरूआ ने चम्पाई सोरेन पर कसा तंज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर सियासी तापमान चरम पर है। हेमंत सोरेन सरकार के मंत्री दीपक बिरुआ ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन पर मौकापरस्त होने का तीखा आरोप लगाते हुए खूब तंज कसा।

एक्स पोस्ट में बिरुआ ने चंपई को कोल्हान क्षेत्र के तीन पूर्व भाजपाई मुख्यमंत्रियों अर्जुन मुंडा, मधु कोड़ा और रघुवर दास की तरह राजनीतिक पारी के आखिरी पायदान पर पहुंचने की चेतावनी दी। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन की बहुत बड़ी हार की भी भविष्यवाणी कर दी।

## कोल्हान के तीन पूर्व सीएम जैसा होगा हाल

बिरुआ लिखते हैं - आपकी (चंपई सोरेन) व्याकुलता आपकी व्यथा बता रही है। जीवन में आपसे बहुत कुछ सीखा लेकिन आप खुद की जमीर को मार कर सिर्फ पद और पुत्र के लिए अपने राजनीतिक अस्तित्व के अंत की तरफ अग्रसर हो गए। आपकी मजबूरी सिर्फ झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार ही नहीं, अपितु पूरा झारखंड जानता है। आप सदैव सम्माननीय रहेंगे लेकिन आपको लोग सदा मौकापरस्त ही कहेंगे।

चंपई को अनुकंपा से सीएम बनाए जाने का जिक्र कर बिरुआ ने कहा कि उन्होंने मर्यादा का पालन नहीं किया। बहुत बड़ी हार बाबूलाल का इंतजार कर रही है। तीन पूर्व भाजपाई मुख्यमंत्री कोल्हान के अपने राजनीतिक पारी के आखिरी पायदान पर आपका बेसब्री से राह देख रहे, जो 14 नवंबर को स्वतः चरितार्थ हो जाएगा।

उन्होंने पोस्ट के साथ चार तस्वीरें टैग की है, जिसमें चंपई सोरेन दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन और दिवंगत मंत्री रामदास सोरेन के साथ नजर आ रहे हैं।

## महिला ने लगायी बंदर से सुरक्षा की गुहार

**लोयाबाद (धनबाद)।** लोयाबाद थाना क्षेत्र के एकड़ा बासुदेवपुर में इन दिनों एक बंदर का आतंक लोगों के लिए सिरदर्द बन गया है। क्षेत्र में एक आवारा बंदर ने अब तक आधा दर्जन लोगों को काट लिया है। घायल लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है।

शनिवार को एकड़ा बाबू क्वार्टर की रहने वाली एक युवती ने इस समस्या से परेशान होकर पुलिस हेल्पलाइन नंबर 100 पर फोन कर मदद की गुहार लगाई। युवती ने बताया कि बंदर बार-बार लोगों पर हमला कर रहा है और मोहल्ले में आतंक मचा रखा है। सूचना मिलते ही हेलो पुलिस सहायता केंद्र सक्रिय हुआ, लेकिन पुलिसकर्मी असमंजस में पड़ गए क्योंकि बंदर पकड़ने का प्रशिक्षण उन्हें नहीं दिया गया है। इसके बाद पुलिस ने वन विभाग को मामले की जानकारी दी और आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि बंदर बीते कई दिनों से इलाके में घूम रहा है और अचानक लोगों पर झपट्टा मार देता है। लोग भय के कारण घरों से निकलने में भी हिचक रहे हैं।

# दस दिनों से लापता किशोरी की पेड़ से लटकी मिली लाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** थाना क्षेत्र के दिग्घी गांव से 27 अक्टूबर को घर से गायब हुई 17 वर्षीय किशोरी का पुलिस ने गुरुवार को तीनघरा टोला के समीप झाड़ी में पेड़ से लटका हुआ क्षत- विक्षत शव बरामद किया। शव का आधा भाग पेड़ से लटका हुआ था और आधा नीचे जमीन पर पड़ा था।

ग्रामीणों ने बताया कि हत्या कर एक भाग को पेड़ से लटका दिया है। इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। किशोरी के पिता ने थाना में आवेदन देकर बताया था कि बेटी 27 अक्टूबर को सुबह घर से निकलकर कहीं चली गई। वह जब शाम तक घर नहीं लौटी तो सभी रिश्तेदारों एवं आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। बेटी इसी थाना के बरहेट गांव के दिलखुश पासवान से मोबाइल पर बराबर बात किया करती थी। शक जाहिर करते हुए बताया था कि उक्त युवक ने ही बेटी को कहीं भगा ले गया है। मामला दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही थी कि गुरुवार को शव दिखने की जानकारी मिली। थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर पुलिस को अनुसंधान करने में मदद मिलेगी।



वहीं पोस्टमार्टम हाउस के बाहरह मृतक के चाचा ने बताया कि किशोरी पहले से बीमार चल रही थी। जिस युवक पर भगा ले जाने की शंका व्यक्त की गई है, वह किशोरी का रिश्ते में भाई लगता है। भगाने से दो दिन पहले ही दिलखुश मुंबई चला गया था। उसके जाने के बाद ही वह घर से निकली। उसकी हत्या नहीं हुई,उसने स्वयं फांसी लगाकर जान दी है।

# 742 करोड़ की लागत से चक्रधरपुर और कांड्रा स्टेशनों का होगा विस्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने चक्रधरपुर मंडल के तहत सिनी और कांड्रा स्टेशनों को आधुनिक बनाने और दोनों स्टेशनों के बीच तीसरी व चौथी रेल लाइन बिछाकर क्षमता विस्तार करने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है।

इस बड़ी परियोजना को साकार करने के लिए रेलवे ने 742.74 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत का ई-टेंडर जारी कर दिया है। इस परियोजना के पूरा होने से न केवल सिनी और कांड्रा स्टेशन विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होंगे, बल्कि इस महत्वपूर्ण मार्ग पर ट्रेनों की गति बढ़ने के साथ-साथ परिचालन भी पहले से कहीं अधिक सुगम हो जाएगा।रेलवे द्वारा जारी टेंडर के अनुसार, इस परियोजना में सिनी और कांड्रा स्टेशनों पर यार्ड की व्यापक रीमॉडलिंग शामिल है। इसके तहत पुराने ढांचे को हटाकर नई जरूरतों के हिसाब से विकसित किया जाएगा।

साथ ही, दोनों स्टेशनों के बीच प्रस्तावित तीसरी और चौथी रेल लाइन से जुड़े सभी निर्माण कार्य भी इसी टेंडर का हिस्सा हैं। रेलवे ने इस काम को पूरा करने के लिए 24 महीने की समय सीमा तय की है। इच्छुक कंपनियां इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 3.86 करोड़ रुपये की बयाना राशि के साथ 13 नवंबर से अपनी बोली आनलाइन जमा कर सकेंगी। टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि 27 नवंबर दोपहर 12 बजे तक निर्धारित की गई है।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना का दायरा काफी व्यापक है। इसके तहत न केवल नए स्टेशन भवनों, प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज, नालियों और संपर्क सड़कों जैसे प्रमुख निर्माण कार्य किए जाएंगे, बल्कि रेल लाइन बिछाने के लिए बड़े पैमाने पर मिट्टी की भराई और खुदाई का काम भी होगा।

इसके अतिरिक्त, परियोजना में स्टील के नए ढांचे खड़े करने, बोरिंग और ड्रिलिंग के काम के साथ-साथ पुरानी हो चुकी संरचनाओं को सुरक्षित रूप से हटाने की प्रक्रिया भी शामिल है। काम को समग्र रूप देने के लिए केबल रूट सर्वे, बैलास्ट की आपूर्ति और बागवानी जैसे कार्य भी इसका हिस्सा होंगे।

यार्ड रीमाडलिंग और स्टेशन के विकास से यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। नए प्लेटफार्म ऊंचे और आरामदायक बनाए जाएंगे, जिससे ट्रेनों में चढ़ना-उतरना आसान होगा। एक प्लेटफॉर्म से दूसरे पर जाने के लिए सुरक्षित फुट ओवर ब्रिज बनेंगे।इसके अलावा, आधुनिक प्रतीक्षालय, नए टिकट काउंटर, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, स्वच्छ पेयजल और बेहतर प्रकाश व्यवस्था जैसी सुविधाओं से स्टेशनों का कायाकल्प होगा। तीसरी और चौथी लाइन का निर्माण इस परियोजना का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है।

अभी दो लाइनों पर ही यात्री ट्रेनों और मालगाड़ियों का दबाव रहता है, जिससे अक्सर ट्रेनों को आउटर पर रोकना पड़ता है। नई लाइनें बिछने से मालगाड़ियों और यात्री ट्रेनों के लिए समर्पित ट्रैक उपलब्ध होंगे। इससे न केवल ट्रेनों की औसत गति बढ़ेगी, बल्कि वे समय पर अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगी।

इससे क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों के लिए कच्चे माल और तैयार उत्पादों की ढुलाई भी तेज होगी, जिससे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना चक्रधरपुर मंडल के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी, जो इस क्षेत्र के रेलवे नेटवर्क को पूरी तरह से बदल देगी।

## औरंगाबाद में कांटे की टक्कर

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र में इस बार घमासान है। कभी कांग्रेस के गढ़ रहे औरंगाबाद में भाजपा के प्रदेश मंत्री त्रिवक्रम नारायण सिंह एनडीए प्रत्याशी के रूप में चुनौती दे रहे हैं। 1952 से यहां कांग्रेस का गढ़ रहा है। बीच के वर्षों में यहां से भाजपा के रामाधार सिंह विधायक व मंत्री बने। वर्ष 2015 एवं 2020 के चुनाव में कांग्रेस के आनंद शंकर ने भाजपा के रामाधार सिंह को पराजित किया था। 2020 के चुनाव में भाजपा यहां मात्र 2243 मतों से पराजित हुई थी। 11 नवंबर को यहां मतदान होना है। विकास के वादे के साथ जातीय गोलबंदी का प्रयास हो रहा है। इस बार लोजपा रामविलास एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के आने से एनडीए की स्थिति मजबूत हुई है। दोनों उम्मीदवार एक ही जाति से हैं जिस कारण दूसरी जातियों के वोट उनके समर्थक जोड़-घटाव कर रहे हैं।

बसपा से शक्ति मिश्रा व जन सुराज से नंदकिशोर यादव मुकाबला को त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं। ओबरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे नंदकिशोर को जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने औरंगाबाद से टिकट दिया है।

# ट्रेलर ने बाइक सवार को रौंदा, जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजनगर।** हाता-चाईबासा मुख्य मार्ग (एनएच-220) पर सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। शनिवार को बांकसाई के समीप एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को रौंद डाला, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान राजनगर थाना क्षेत्र के चौके गांव निवासी लालटू प्रामाणिक (25) के रूप में हुई है।



वह अपनी मोटरसाइकिल से चाईबासा की ओर जा रहा था।

इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रेलर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कुजू पेट्रोल पंप के पास ट्रेलर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है।

माथे से अत्यधिक खून बहने के कारण लालटू प्रामाणिक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजन और आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा, फरार चालक की गिरफ्तारी और वाहन मालिक को मौके पर बुलाने की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया।

विरोध के दौरान पुलिस टीम को भी लोगों के रोष का सामना करना पड़ा और शव उठाने नहीं दिया गया। इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी हुई।

दो दिन में दो मौतें, हादसे नहीं थम रहे

शुक्रवार को बगराईसाई के पास अज्ञात वाहन ने गमदेसाई निवासी बड़ा राम मुर्मू को कुचल दिया था, जिससे उसकी भी मौके पर मौत हो गई। वहीं दो दिन पहले केशरगढ़िया में हाइवा और बोलेरो की भीषण टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे।

इस मार्ग पर 19 अक्टूबर को बांकसाई के पास कुजू निवासी चोकरो गोडसोरा की सड़क दुर्घटना में मौत हुई थी। तब भी ग्रामीणों ने 20 घंटे तक एनएच-220 जाम रखा था।

ग्रामीणों ने कहा कि इलाके में भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही ही मौतों की बड़ी वजह है। यह क्षेत्र कंपनी जोन में आता है, जहां ट्रक और ट्रेलर तेज रफ्तार से गुजरते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि दिन के समय भारी वाहनों पर नो एंट्री लागू की जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

# महिला वनडे विश्व कप 2029 के लिए आईसीसी ने टीमों की संख्या बढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और श्रीलंका में आयोजित महिला वनडे विश्व कप 2025 में भाग लेने वाली टीमों की संख्या 8 थी। 2029 में होने वाले अगले महिला वनडे विश्व कप के लिए आईसीसी ने टीमों की संख्या बढ़ाने की घोषणा की है। आईसीसी की तरफ से जारी बयान में कहा गया, 卐आईसीसी बोर्ड, महिला विश्व कप 2025 की सफलता को आगे बढ़ाने के लिए अगले टूर्नामेंट में टीमों की संख्या 8 से बढ़ाकर 10 करने पर सहमत है। हाल में संपन्न विश्व कप में लगभग 300000 दर्शकों ने स्टेडियम में जाकर मैच



देखे। यह किसी भी महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में दर्शकों की उपस्थिति का नया रिकॉर्ड है। ऑन–स्क्रीन दर्शकों की संख्या भी दुनिया भर में करीब 50 करोड़ रही, जो नया रिकॉर्ड है।卐 टीमों की संख्या बढ़ाने का फैसला शुक्रवार को दुबई में हुई बोर्ड की बैठक में लिया गया। फैसले का उद्देश्य महिला क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाना है। 2 नई टीमों के आने से निश्चित रूप से प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा और रोमांच बढ़ेगा। साथ ही दर्शकों की संख्या भी बढ़ेगी। टीमों की संख्या बढ़ने से आयरलैंड जैसी टीम को विश्व कप खेलने का मौका मिल सकता है जिसने पिछले कुछ समय में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। महिला विश्व कप 2025 में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका ने शिरकत की। मैच राउंड रॉबिन फॉर्मेट में खेले गए। भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंची थीं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को और दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। 2 नवंबर को खेले गए फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला विश्व कप जीता। भारतीय महिला टीम आईसीसी वनडे विश्व कप जीतने वाली एशिया की पहली टीम है। भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड पूर्व में विजेता रहे हैं।

# अनिसिमोवा को हराकर खिताबी मुकाबले में सबालेंका

## रयबाकिना से होगा सामना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर्यना सबालेंका ने सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6–3, 3–6, 6–3 से शिकस्त दी। इसी के साथ सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल चैंपियनशिप के लिए एलेना रयबाकिना के खिलाफ मुकाबले में जगह बना ली है। अमांडा अनिसिमोवा के खिलाफ शुरुआती दौर में तनावपूर्ण मुकाबले के बाद मैच सबालेंका के पक्ष में झुकने लगा। उन्होंने अपने पहले सेट को 6–3 से जीता। आर्यना सबालेंका दूसरे सेट की शुरुआत में ही लय खो बैठीं,



जिसका फायदा उठाते हुए अनिसिमोवा ने 4–0 की बढ़त बना ली। जल्द ही यह स्पष्ट हो गया कि मुकाबला निर्णायक सेट की ओर बढ़ रहा है। इस सेट को अनिसिमोवा ने 6–3 से अपने नाम किया। सबालेंका ने तीसरे सेट में अपनी लय फिर से हासिल की। उन्होंने लगातार ऐस लगाकर स्कोर 3–3 से बराबर कर दिया था। इसके बाद एक जबरदस्त बैकहैंड लगाकर निर्णायक ब्रेक हासिल किया। सबालेंका को शुरुआत में कुछ दबाव का सामना करना पड़ा, लेकिन शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने तीसरे सेट को 6–3 से अपने नाम करते हुए फाइनल में जगह पक्की कर ली। दूसरी ओर, रयबाकिना ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जेसिका पेगुला को 4–6, 6–4, 6–3 से हराया, जिससे उनका अपराजेय क्रम बरकरार रहा है।

## फीडे विश्व कप शतरंजः मैराथन टाईब्रेक जीतकर प्रज्ञानंदा तीसरे दौर में

# निहाल सरीन हुए बाहर

**गोवा, एजेंसी।** फीडे विश्व कप 2025 के दूसरे दौर के टाईब्रेक मुक़ाबले में कई रोमांचक मुकाबलों के बीच कई दिग्गज खिलाड़ी विश्व कप से बाहर हो गए तो कई नें किसी तरह अपनी जगह अगले दौर में बना ली । आज सबसे ज्यादा नजरे थी भारत के आर प्रज्ञानन्दा पर जो प्रतियोगिता के तीसरे वरीय खिलाड़ी होने के साथ ही पिछले बार के विश्व कप उपविजेता भी है पर आज दो बार समय ऐसा आया जब प्रज्ञानंदा विश्व कप से बाहर होने की कगार पर पहुँच गए थे । औस्ट्रेलिया के टेमुर कुयबोकोरोव से दोनों क्लासिकल बाज़ियाँ ड्रॉ होने के बाद आज पहले टाईब्रेक में 15 मिनट के रैपिड मुक़ाबले में पहली बाजी ड्रॉ रही और दूसरी बाजी में प्रज्ञानन्दा नें सफ़ेद मोहरो से एक भारी भूल की और वह बाजी हारने के बेहद करीब पहुँच गए , पर किसी तरह एंडगेम में एक मोहरो कम होते हुए भी उन्होने अपने घोड़े और वजीर से राजा को ऐसा फसाया की बाजी ड्रॉ पर समाप्त हो गयी और



पहले टाईब्रेक के बाद स्कोर 2-2 हो गया , तीसरे टाईब्रेक में 10 मिनट के दो रैपिड में प्रज्ञानन्दा पपहली बाजी हार गए और 3-2 से पीछे हो गए दूसरी बाजी में करो या मरो की स्थिति में उन्होने जीत दर्ज की और दूसरे टाईब्रेक के बाद स्कोर 3-3 हो गया । अंत में आखिरकार उन्होने तीसरे टाईब्रेक की दोनों 5 मिनट की ब्लिट्ज़ बाज़ियाँ जीतकर 5-3 से टाईब्रेक जीत लिया और तीसरे राउंड में प्रवेश कर गए । भारत के विदित गुजराती नें अर्जेन्टीना के शतरंज के मेसी कहे जाने वाले फ़ौस्तीनों औरो को टाईब्रेक में 2.5-1.5 से पराजित करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया ।

अन्य भारतीय खिलाड़ियों में निहाल सरीन का विश्व कप से बाहर होना सबसे बड़ी खबर रही वह दिव्या देशमुख को पराजित करने वाले ग्रीस के अरदीतिस कोरकोलूस से 1.5-0.5 से टाईब्रेक हार गए और पहले टाईब्रेक के बाद ही विश्व कप से बाहर हो गए ।

# आंध्र प्रदेश ने महिला क्रिकेटर श्री चरणी को दिया बड़ा इनाम

## 2.5 करोड़ रुपए नकद पुरस्कार ये सब भी मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने तेलुगु क्रिकेटर श्री चरणी के लिए एक बड़े इनाम की घोषणा की। श्री चरणी उस भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य हैं जिसने हाल ही में वर्ल्ड कप जीता है। मुख्यमंत्री ने भारत की ऐतिहासिक जीत में उनके शानदार प्रदर्शन और योगदान को देखते हुए उन्हें 2.5 करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार, घर बनाने के लिए कडप्पा में 1,000 स्क्वायर गज जमीन और राज्य सरकार में ग्रुप-1 ऑफिसर का पद देने की घोषणा की। सुश्री श्री चरणी ने मुख्यमंत्री और आईटी और मंत्री नारा लोकेश से सीएम कैंप ऑफिस में मुलाकात की,



जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बातचीत के दौरान सुश्री श्री चरणी ने वर्ल्ड कप जीत के खुशी के पलों को साझा किया और प्रोत्साहन और समर्थन के लिए मुख्यमंत्री और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्हें बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तारीफ की और कहा कि उन्होंने भारतीय महिलाओं की ताकत और काबिलियत दिखाई है। उन्होंने कहा कि उनकी जीत ने देश भर की महत्वाकांक्षी महिला एथलीटों के लिए एक मजबूत मिसाल कायम की है। उन्होंने सुश्री श्री चरणी और टीम को भविष्य के टूर्नामेंट में और भी ज्यादा सफलता की शुभकामनाएं दीं।

## हॉगकॉग सुपर सिक्ससः

# पाकिस्तान से जीत के बाद कुवैत से हारा भारत

- 36 गेंदों पर बनाने थे 107 रन, इस स्कोर पर निपट गई कार्तिक की टीम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने दिनेश कार्तिक की कप्तानी में हॉन्गकॉन्ग सुपर सिक्सेज में अपनी शुरुआत शानदार की थी और पाकिस्तान को पहले मैच में 2 रन से हरा दिया था, लेकिन दूसरे मैच में भारत को कुवैत के हाथों बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा। कुवैत के खिलाफ भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जो सही साबित नहीं हुई। कुवैत ने भारतीय गेंदबाजों की जमकर पिटाई करते हुए 36 गेंदों पर यानी 6 ओवर में ही 5 विकेट पर 106 रन कूट डाले। भारत को जीत के लिए 107 रन का टारगेट मिला था, लेकिन दिनेश कार्तिक की टीम 5.4 ओवर में 6 विकेट पर 79 ही बना पाई और उसे 24 रन से हार मिली।

**भारत की खराब बल्लेबाजी, मिली हार–** कुवैत के खिलाफ भारत की बैटिंग काफी खराब रही और इस टीम के सभी बल्लेबाज आउट हो गए। ओपन करने आए रॉबिन उथप्पा जो पाकिस्तान के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच बने थे इस मुकाबले में डक पर आउट हो गए और इस प्रेशर से भारत निकल ही नहीं पाया।

# महिला क्रिकेटर ने पूर्व चयनकर्ता पर लगाया आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश महिला क्रिकेट में एक बार फिर बवाल मचा है। टीम की अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ जहानारा आलम ने लंबे मौन के बाद कुछ ऐसे खुलासे किए हैं, जिन्होंने पूरे बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को हिला कर रख दिया है। जहानारा का दावा है कि उन्हें वर्षों से टीम मैनेजमेंट के कुछ सदस्यों द्वारा



लगातार अपमान, अनुचित प्रस्ताव और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा।

## वरिष्ठ अधिकारी और दिवंगत तौहीद महमूद का भी नाम

तेज़ गेंदबाज़ ने एक और बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि दिवंगत तौहीद महमूद, जो बीसीबी से जुड़े थे, ने भी उनके प्रति अनुचित व्यवहार किया। जहानारा का कहना है कि तौहीद ने बीसीबी कर्मचारी सरफराज बाबू के ज़रिए उन्हें प्रस्ताव भिजवाया था। उनके मुताबिक, जब मैंने ऐसे प्रस्तावों को नकारा, तो उसी वक्त से मेरे साथ दुर्व्यवहार शुरू हो गया। मुझे नीचा दिखाया गया, अपशब्द कहे गए, और टीम के भीतर मेरा माहौल बिगाड़ा गया।

## मानसिक संघर्ष के बीच चुप्पी तोड़ी

मानसिक स्वास्थ्य कारणों से क्रिकेट से ब्रेक ले चुकीं जहानारा ने पहली बार सार्वजनिक रूप से कहा कि 2022 महिला विश्व कप के दौरान उन्हें टीम के एक अधिकारी द्वारा अश्लील प्रस्ताव मिला था। उनका आरोप है कि पूर्व चयनकर्ता और टीम मैनेजर मंजुरुल इस्लाम ने उन्हें आगे बढ़ने का मौका देने के बदले 'निजी एहसान' मांगने की कोशिश की। जहानारा ने कहा, हम खिलाड़ी हैं, हमारी पहचान हमारे खेल से होती है। लेकिन जब अपने ही संस्थान के लोग आपको असुरक्षित महसूस कराएं, तो बोलना मुश्किल हो जाता है। कई बार चाहकर भी हम विरोध नहीं कर पाते क्योंकि करियर दांव पर होता है।

## विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी

# ताई जु यिंग ने बैडमिंटन से संन्यास लिया

# पीवी सिंधू ने दी मार्मिक विदाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और चीनी ताइपे की महिला बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी ताई जु यिंग ने खेल से संन्यास ले लिया है जिसके साथ उनके शानदार करियर का अंत हो गया है, जिसमें उन्होंने 17 क्व्ब्स्न विश्व टूर खिताब जीते और 12 टूर्नामेंट में उपविजेता रहीं। अपनी कलात्मकता और कलाई के जादू के लिए मशहूर 31 वर्षीय शटलर ने कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें संन्यास का फैसला करना पड़ा। उन्होंने अपना आखिरी बीडब्ल्यूएफ खिताब 2024 में इंडिया ओपन में जीता था। ताई जु ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'एक खूबसूरत अध्याय समाप्त हो गया है। बैडमिंटन, आपने मुझे जो कुछ भी दिया है, उसके लिए आभार। उन्होंने कहा, 'आखिरकार मेरी चोटों ने मुझे कोर्ट छोड़ने पर मजबूर कर दिया। मैं अपने करियर का अंत उस तरह नहीं कर पाई जैसा मैंने सोचा था और मुझे यह बात स्वीकार करने में थोड़ा समय लगा। दक्षिणी ताइवान के शहर काऊशुंग में जन्मी ताई जु पिछले साल से चोटों से जूझ रही थी और अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर वापसी नहीं कर



पाई। विश्व चैंपियनशिप दो बार की पदक विजेता ने कहा कि फिलहाल उनका ध्यान कुछ समय शांति के साथ बिताने पर है। उन्होंने लिखा, 'मैंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि मैं आगे क्या करूंगी, लेकिन फिलहाल मैं अलार्म घड़ियों के बिना जीवन का आनंद लेने जा रही हूं। भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने ताई जु को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर एक मार्मिक संदेश लिखा। सिंधू ने कहा, 'पंद्रह वर्षों से अधिक समय तक आप मेरी ऐसी प्रतिद्वंद्वी रही जिन्होंने मुझे हर बार मेरी सीमा तक धकेला। मेरे जीवन के दो सबसे महत्वपूर्ण पदक रियो 2016 ओलंपिक में रजत और 2019 विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण मैंने आपके साथ उन मैराथन और सांस थाम देने वाले मुकाबलों के बाद हासिल किए। उन्होंने कहा, 'रियो में हमारे बीच प्री-क्वार्टर फाइनल में मुकाबला हुआ था और बासेल में क्वार्टर फाइनल में। इन दोनों अवसरों पर मुझे हमेशा की तरह कड़ी मेहनत करनी पड़ी। और हां, आपने 2021 में मुझे सेमीफाइनल में हरा दिया था और यही नहीं मुझे एशियाई खेलों में मुझे स्वर्ण पदक जीतने से रोक दिया था। इन पलों को याद करके मैं आज भी मुस्कुरा जाती हूं।

सिंधू ने लिखा, 'मैं इस बात नहीं छिपाऊंगी, मुझे आपके साथ खेलना बिल्कुल पसंद नहीं था। आपकी कलाई की कला, आपका चालाकी भरा खेल, आपकी शांत प्रतिभा ने मुझे उससे भी ज़्यादा गहराई तक जाने के लिए प्रेरित किया, जितना मैंने कभी सोचा भी नहीं था। आपका सामना करने से एक खिलाड़ी के रूप में मैं बदल गई। भारतीय खिलाड़ी ने कहा, 'लेकिन प्रतिद्वंद्विता से परे हमारे बीच अच्छी दोस्ती और एक दूसरे के प्रति सम्मान था। आपके संन्यास लेने से ऐसा लग रहा है जैसे मैंने अपने सफर का एक हिस्सा को दिया हो। खेल को और मुझे आपके जादू की कमी खलेगी। मुझे अब यह एहसास होने लगा है कि मेरी पीढ़ी के खिलाड़ी धीरे-धीरे खेल को अलविदा कहने लगे हैं और कोई भी चीज आपको इसके लिए तैयार नहीं करती।



# अनुष्का शर्मा से शादी के बाद बदल गए कोहली !

## मोहम्मद कैफ बोले - अब विराट पहले से ज्यादा शांत दिखते हैं...

नई दिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे के जरिए इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की. कोहली ऑस्ट्रेलिया टूर पर तीन मैचों की वनडे सीरीज में 74 रन बनाए. ये सभी रन उन्होंने सिडनी में हुए वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में बनाए थे. उससे पहले कोहली लगातार दो मैचों में शून्य पर आउट हुए थे. अब कोहली साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में खेलते नजर आ सकते हैं, जिसका शुरुआती मुकाबला 30 नवंबर को रांची में निर्धारित है. विराट कोहली को लेकर अब टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने बड़ा बयान दिया है. कैफ ने कहा है कि शादी के बाद विराट कोहली की सोच और स्वभाव में काफी सकारात्मक बदलाव आया है. कैफ के अनुसार अनुष्का शर्मा से शादी के बाद कोहली पहले से ज्यादा शांत, परिपक्क और संतुलित हो गए हैं. कैफ ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक फैन के सवाल का जवाब देते हुए कोहली को लेकर ये बातें कहीं. मोहम्मद कैफ ने कहा, विराट कोहली अब थोड़े शांत हो गए हैं. वह एक पिता हैं. शादी से पहले और शादी के बाद, दोनों में बहुत अंतर है. मैं उनसे पंजाब किंग्स के खिलाफ एक आईपीएल मैच के दौरान मिला था. उन्होंने उस मैच में कगिसो रबाडा की गेंद पर सामने की ओर चौका लगाया था. शायद उन्होंने अर्धशतक बनाकर मैच जिताया था. वो एक सीमिंग पिच थी. हमारी उनसे तब अच्छी बातचीत हुई थी. वह बहुत शांत थे. उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मैंने शुरुआत में रबाडा पर अटैक नहीं किया होता, तो वह मुझे खेलने नहीं देता.

# कड़कड़ाती ठंड से निपटने दिल्ली सरकार का कोल्ड वेव ऐक्शन प्लान



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में नवंबर आते ही सुबह और शाम का तापमान गिरने लगा है। आज इस मौसम की सबसे ठंडी सुबह रही। न्यूनतम पारा सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस नीचे रेकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग पहले ही इस बार ला नीना के चलते भयंकर ठंड की चेतावनी दे चुका है, ऐसे में दिल्ली सरकार ने भी इससे निपटने के लिए कमर कस ली है। रेखा गुप्ता सरकार ने एक नया कोल्ड वेव ऐक्शन प्लान बनाया है। इसका मकसद कमजोर तबके के लोगों को अत्यधिक ठंड से बचाना है। जल्द ही आधिकारिक रूप से अधिसूचित होने वाली यह योजना, मौसम का पूर्वानुमान, स्वास्थ्य संबंधी तैयारी और आपातकालीन आश्रय प्रबंधन को एक ही रणनीति के तहत लाएगी। यह अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक उपायों पर काम करेगी, जिन्हें मौसम के अनुसार सक्रिय किया जाएगा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमानों से पता चलता है कि अगले सप्ताह दिल्ली में तापमान 10डिग्री से नीचे गिर सकता है, दिसंबर के अंत और जनवरी में न्यूनतम तापमान 2-3 डिग्री तक रहने की संभावना है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस साल ला नीना की स्थिति से इस क्षेत्र में ठंड की लहरें तेज होने की संभावना है, जिससे शीत लहर के दिन अधिक बार आएंगे और रात का तापमान और गिरेगा। समीक्षा किए गए मसौदा योजना में कहा गया है कि ला नीना के दौरान उत्तर भारत में शीत लहरें अधिक गंभीर हो जाती हैं क्योंकि साफ आसमान रात में तेजी से ठंडक पैदा करता है। दिल्ली के लिए इसका मतलब है कि न्यूनतम तापमान सामान्य से 2-4 डिग्री तक नीचे गिर सकता है और जब रीडिंग 5डिग्री से नीचे जाती है, तो शीत लहर की स्थिति कई दिनों तक रह सकती है। इस कार्य ढांचे के केंद्र में दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण है, जो पूरे शहर में शीत लहर हॉटस्पॉट की मैपिंग और उन्हें अपडेट करने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करेगा। इन क्षेत्रों की पहचान जनसंख्या घनत्व, आवास और आजीविका की प्रोफाइल, स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच और अन्य कमजोर संकेतकों के डेटा का उपयोग करके की जाएगी। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण , भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के समन्वय से पांच दिन पहले ही चेतावनी जारी करेगा। ये अलर्ट टेलीविजन, रेडियो, अखबारों और सोशल मीडिया के माध्यम से साझा किए जाएंगे। प्रत्येक जिला आपदा प्रबंधन इकाई तैयारियों की निगरानी करने, आपातकालीन प्रतिक्रियाओं का समन्वय करने और भविष्य के लिए सबक दर्ज करने हेतु समीक्षा बैठकें आयोजित करेगी। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, शहरी स्थानीय निकाय, जिनमें दिल्ली नगर निगम , दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड और लोक निर्माण विभाग शामिल हैं, जमीनी कार्रवाई की रीढ़ हैं। उन्हें तत्काल वितरण के लिए कंबल, भोजन और गर्म कपड़े जैसी आपातकालीन आपूर्ति का स्टॉक करने का निर्देश दिया गया है। एजेंसियां मौजूदा रैन बसेरों का विस्तार या मरम्मत करेंगी, सार्वजनिक भवनों और बसों को इन्सुलेट करेंगी, प्रमुख सड़कों पर फॉग लाइट्स (कोहरे की रोशनी) लगाएंगी और नागरिकों को ठंड के दौरान सुरक्षित रहने में मदद करने के लिए जागरूकता अभियान चलाएंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए वेब ऐप लॉन्च



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र, अभिभावक और शिक्षक अब एक ही प्लैटफॉर्म पर जुड़ सकते हैं। दिल्ली सरकार ने शिक्षा और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए स्कूल वेब ऐप लॉन्च किया है।

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को कहा कि यह सिर्फ एक ऐप नहीं, बल्कि देश की शिक्षा-प्रणाली में एक नया अध्याय है। इस ऐप के माध्यम से टाइम टेबल, होमवर्क, हाजिरी और परीक्षा परिणाम जैसी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां अब घर बैठे उपलब्ध होंगी। तकनीक का यह उपयोग अभिभावकों को भी अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से निरंतर जुड़े रहने का अवसर देगा। साथ ही, स्कूल और अभिभावक के बीच संवाद को और मजबूत करने में मददगार साबित होगा। शिक्षा मंत्री सूद ने कहा कि यह डिजिटल प्लैटफॉर्म विद्यार्थियों में उद्यमिता और नवाचार की भावना को बढ़ावा देगा। स्कूल चलें हम अभियान की शुरुआत : दिल्ली नगर निगम ने इस अवसर पर वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। वहीं, 'स्कूल चले हम' अभियान की भी शुरुआत की गई। कार्यक्रम में महापौर राजा इकबाल सिंह, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, उप-महापौर जय भगवान यादव व शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खड़खड़ी उपस्थित रहे। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद शुक्रवार को एनसीसी निदेशालय की ओर से 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार आधुनिक एनसीसी अकादमी बनाएगी। आशीष सूद ने एनसीसी के अधिकारियों और कैडेट्स को संबोधित करते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 150 साल बाद आज जब भारत अमृतकाल में है तो वंदे मातरम् सिर्फ इतिहास नहीं यह हमारे भविष्य का मंत्र है।

### दिन में फलवाला और रात में लुटेरा, दिल्ली में पकड़ा गया मामू गैंग का गैंगस्टर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि यह लुटेरा दिन में फल की दुकान चलाता था और रात को बैंक लूटता था। आरोपी की पहचान 51 साल के कमरुल उर्फ मामू के रूप में हुई है। कमरुल उत्तर प्रदेश के बदायूं का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि कमरुल फल की रेहड़ी लगाकर रेकी करता था और रात को बैंक का ताला तोड़कर लूट को अंजाम देता था। इस मामले की जानकारी देते हुए डीसीपी क्राइम ब्रांच हर्ष इंदोरा ने बताया कि कमरुल ही कुख्यात मामू गैंग का सरगना है। उन्होंने बताया कि मामू गैंग कई राज्यों में बैंक डकैती को अंजाम दे चुका है। इस मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि बीते 5 नवंबर को सूचना मिली थी कि कमरुल पश्चिमी दिल्ली के महावीर एन्क्लेव इलाके में छिपा हुआ है। सूचना मिलने के बाद क्राइम ब्रांच ने जाल बिछाया और कमरुल को दबोच लिया। सख्ती से पूछताछ करने के बाद आरोपी ने कई राज्यों में संगठित रूप से बैंक लूटने की घटनाओं में शामिल होने की बात कबूल की है। पुलिस ने कमरुल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उसके खिलाफ 18 अक्टूबर, 2025 को कर्नाटक में गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ 1996 से लेकर अब तक 10 से अधिक अपराधिक केस दर्ज किए गए हैं, जिनमें गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि कमरुल पिछले 30 सालों से अपराध की दुनिया में सक्रिय है। डीसीपी हर्ष इंदोरा ने बताया कि गिरोह के सदस्य घटना को अंजाम देने के बाद अलग-अलग शहरों में चले जाते थे, ताकि उन्हें ट्रैक ना किया जा सके।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर ठीक हो रही आफत!



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश के सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डों में से एक, इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पिछले दो दिनों से उड़ानों में आ रही भारी देरी से आखिरकार यात्रियों को राहत मिल गई है। तकनीकी गड़बड़ी के चलते बेपटरी हुए विमानों का संचालन अब धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहा है। एयरपोर्ट प्रशासन ने एक ताजा एडवाइजरी जारी कर इसकी जानकारी दी है।

यह बड़ी दिक्कत ऑटोमेटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम में आई थी। यह सिस्टम एयर ट्रैफिक कंट्रोल की फ्लाइट प्लानिंग को सपोर्ट करता है। ऑटोमेटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम में आई इस खराबी के चलते सिस्टम एयर ट्रैफिक कंट्रोल को काफी काम मैनुअली करना पड़ा, जिससे उड़ानों के संचालन की गति बहुत धीमी हो गई थी। सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को अकेले दिल्ली एयरपोर्ट पर 600 से अधिक उड़ानें लेट हुईं, जिसका असर मुंबई समेत देश के कई अन्य एयरपोर्टों पर भी देखने को मिला। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने पुष्टि की कि देर रात 9 बजे तक यह समस्या ठीक कर ली गई थी। दिल्ली एयरपोर्ट ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा, ऑटोमेटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम से जुड़ी तकनीकी समस्या धीरे-धीरे सुधर रही है। साथ ही बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर एयरलाइन संचालन सामान्य हो रहा है और सभी संबंधित अधिकारी यात्रियों को हुई असुविधा को कम करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

## अमेरिकी खुफिया एजेंसी के पूर्व अधिकारी ने खोली पाकिस्तान की पोल



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी खुफिया एजेंसी ष्ट्ढ के पूर्व अधिकारी रिचार्ड बार्लो ने पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उनका कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति 1989 तक दावा करते रहे कि पाकिस्तान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। यही नहीं, अमेरिका ने जानबूझकर पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमान दिए, जबकि उन्हें पता था कि पाकिस्तान इनपर परमाणु हथियार तैनात कर सकता है। समाचार एजेंसी एएनआई के साथ इंटरव्यू के दौरान रिचार्ड बार्लो ने कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। उनके अनुसार, ष्ट्ढ भी पाकिस्तान के परमाणु संपन्न देश बनने से खुश नहीं था, मगर इसमें वो कुछ नहीं कर सके। रिचार्ड का कहना है, 1989 तक सभी राष्ट्रपति कहते रहे कि पाकिस्तान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। ष्ट्ढ भी इससे खुश नहीं था, लेकिन हम सुझाव देने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकते थे। हम निर्वाचित नहीं थे। हमारा काम सिर्फ वरिष्ठ अधिकारियों को खुफिया जानकारी देना है, वहां हमारा काम खत्म हो जाता है।

# अफगान-पाक वार्ता भी नाकाम, तालिबान ने दिखा दिया ठेंगा, भड़के ख्वाजा आसिफ

**ढाका, एजेंसी।**
अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर चली शांतिवार्ता एक बार फिर बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई। दो दिनों तक चली इस तीसरे दौर की वार्ता में तालिबान सरकार से लिखित प्रतिबद्धता नहीं मिल सकी कि वह पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो अफगान भूमि का उपयोग कर पाकिस्तान पर हमले कर रहा है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शुक्रवार रात एक निजी टीवी चैनल से बातचीत में कहा, वार्ता पूरी तरह ठप हो चुकी है। अब चौथे दौर की कोई योजना नहीं है। आसिफ ने बताया कि मध्यस्थ देश तुर्की और कतर ने दोनों पक्षों के बीच तनाव कम करने के लिए पूरी कोशिश की,वे हमारी बात से सहमत थे, यहां तक कि अफगान प्रतिनिधिमंडल ने भी हमारी स्थिति को समझा, लेकिन वे किसी भी समझौते पर हस्ताक्षर करने को तैयार नहीं थे। उन्होंने कहा कि अफगान पक्ष मौखिक आश्वासनों की बात कर रहा था, लेकिन पाकिस्तान ने लिखित समझौते की मांग पर जोर दिया। अंतरराष्ट्रीय वार्ताओं में केवल मौखिक भरोसे पर निर्णय नहीं होते, आसिफ ने कहा। मंत्री ने चेतावनी दी कि अगर अफगान भूमि से कोई हमला हुआ तो पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई करेगा। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक कोई आक्रामकता नहीं होगी, युद्धविराम बरकरार रहेगा। इसी बीच पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्ला तारार ने कहा कि अफगान तालिबान पर यह जिम्मेदारी है कि वह आतंकवाद नियंत्रण को लेकर अपनी अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय और द्विपक्षीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करे, जिसमें अब तक वह विफल रहा है। उन्होंने कहा,पाकिस्तान को अफगान जनता से कोई दुश्मनी नहीं है, लेकिन वह तालिबान शासन के उन कदमों का समर्थन नहीं करेगा जो अफगान जनता या पड़ोसी देशों के हितों के खिलाफ हों।इन वार्ताओं की शुरुआत 29 अक्टूबर को दोहा में हुई थी, जबकि पिछली बैठकें 25 अक्टूबर को इस्तांबुल में हुईं, जो भी निष्फल रही थीं। 11 से 15 अक्टूबर के बीच दोनों देशों में हुई झड़पों में कई लोगों की मौत हुई थी, जिसके बाद यह बातचीत शुरू की गई थी।




# पाकिस्तान में आतंकवादियों की खुली भर्ती

### भड़काऊ बयान, रैलियों में चिल्ला रहे सरगना- आओ युवाओ आंतकी बनो

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी संगठनों द्वारा खुली रैलियां करके लोगों, खासकर युवाओं और महिलाओं, को सक्रिय भर्ती के लिए भड़काने की घटनाएँ बढ़ रही हैं। बहावलपुर में आयोजित एक हालिया रैली में जैश-ए-मोहम्मद का कट्टर कमांडर मुफ्ती अब्दुल रऊफ असगर ने भी हिंदुस्तान के खिलाफ भड़काऊ बयान दिए और जिहाद को महिमामंत्र के रूप में पेश किया जिसका ऑडियो मीडिया संस्थानों के पास मौजूद है।

रैली में वक्ताओं ने खुले तौर पर जिहादी जीवन के फ़ायदों का बखान किया, गरीब और वंचित वर्ग के युवाओं को इज्जत और मकसद का वादा देकर भर्ती करने की कोशिश की गई। आयोजकों ने धार्मिक ग्रंथों के कुछ संदर्भों का संदिग्ध व्याख्यात्मक इस्तेमाल कर हिंसा और कट्टरता को धार्मिक आदेश के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की जबकि विद्वान और धार्मिक विशेषज्ञ इसे कुरान के सही सन्दर्भ के खिलाफ बताते हैं। धार्मिक भावनाओं का दुरुपयोग और ऑपरेशन सिंदूर का प्रभाव विश्लेषकों के अनुसार ऑपरेशन सिंदूर जैसी सुरक्षा कार्रवाइयों के बाद कुछ आतंकवादी कमानें खुले प्रचार-प्रसार पर ही निर्भर हो गई हैं ताकि नए अनुयायी जुटाए जा सकें। हालांकि जनमानस में बढ़ती नाराज़गी और आतंकवाद के कारण होने वाली मौतों के बाद एक बड़ा वर्ग अब आतंकवाद के प्रति संदेह और विरोध प्रकट कर रहा है। कई नागरिक यह भी मानते हैं कि धर्म के नाम पर किए जा रहे भड़काऊ बयान वास्तविक धार्मिक शिक्षा का विकृत रूप हैं। मुफ्ती अब्दुल रऊफ असगर को जैश-ए-मोहम्मद के कुख्यात नेताओं में गिना जाता है; वह मसूद अजहर का भाई बताया जाता है और भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की 'मोस्ट वांटेड' सूची में भी शामिल रहा है। इतिहास में वह हाई-प्रोफाइल मामलों से जोड़कर देखा जाता रहा है। उसकी सक्रियता और सार्वजनिक रैलियाँ क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई हैं। रैलियों और संगठनों का रिक्रूटमेंट सिर्फ पुरुषों तक सीमित नहीं है मसलन मसूद अजहर की बहन सईदा अजहर जैसी समर्थक-नेतृत्व महिलाओं को निशाना बनाकर गरीब महिलाओं और लड़कियों को भी भड़काने का काम चल रहा है। ये समूह अक्सर सामाजिक सहायता, शिक्षा या राहत कार्यों का आवरण देकर नई भर्ती करते हैं। स्थानीय समुदायों में भय और असुरक्षा का माहौल बढ़ रहा है।



## 54 लोग घायल... नमाज पढ़ते समय मस्जिद में हुआ बम धमाका



**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में शुक्रवार की नमाज के दौरान भयावह बम ब्लास्ट ने पूरे इलाके को दहला दिया। नॉर्थ जकार्ता के एसएमए इलाके में स्थित एक स्कूल परिसर की मस्जिद में हुए इस धमाके में 54 लोग घायल हुए हैं। अधिकतर घायल स्कूल के बच्चे बताए जा रहे हैं, जो नमाज के वक्त वहीं मौजूद थे। स्थानीय प्रशासन ने पुष्टि की है कि यह आतंकी हमला था। हालांकि, हमले का मकसद और टारगेट अभी जांच के दायरे में है। शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि आतंकी बच्चों को निशाना बनाने की साजिश रच रहे थे। विस्फोट के बाद परिसर में अफरा-तफरी मच गई और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस ने घटनास्थल से एक एके-47 राइफल और बुलेटप्रूफ जैकेट बरामद की हैं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि विस्फोट के बाद गोलीबारी की भी योजना थी। पूरी मस्जिद और स्कूल परिसर को सील कर दिया गया है। मौके से मिले वीडियो फुटेज में फर्श पर खून के धब्बे और अफरातफरी का माहौल देखा जा सकता है। इंडोनेशिया में फिलहाल एक प्रमुख आतंकी संगठन 'जमाअह अंशारुत दौलाह ' सक्रिय है, जिसकी स्थापना 2015 में हुई थी। यह संगठन इस्लामिक स्टेट से प्रेरित है और वर्तमान में इसके करीब 2000 लड़ाके देश में सक्रिय बताए जाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम देश इंडोनेशिया में इस तरह का आतंकी हमला बेहद चिंताजनक है। करीब 27.8 करोड़ की आबादी वाले इस देश में 23 करोड़ से ज्यादा मुसलमान रहते हैं।

# घूमने के प्लान में डाल लीजिए दिल्ली जू का नाम

### खुल गया आपका फेवरेट चिड़ियाघर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
अगर आज आप बाहर घूमने क प्लान बना रहे हैं तो लिस्ट में दिल्ली चिड़ियाघर को भी डाल लीजिए। जी हां! दो महीने के लंबे अंतराल के बाद आज से दिल्ली के जू को फिर से खोल दिया जाएगा। बर्ड फ्लू फैलने के बाद से इसे एहतियातन बंद रखा गया था। परिसर में बड़े पैमाने पर साफ-सफाई (सैनीटाइजेशन) और रोकथाम के उपाय किए गए। 2 सितंबर के बाद से कोई भी नया पॉजिटिव सैंपल सामने न आने के बाद अब इसे फिर से खोरला जा रहा है। इसे पर्यावरण मंत्रालय की तरफ से भी हरी झंडी मिल गई है।

अधिकारियों ने बताया कि 30 अक्टूबर को लिए गए सैंपल के लेटेस्ट बैच की रिपोर्ट भी नेगेटिव आई है। इसके बाद चिड़ियाघर को दोबारा खोलने की अनुमति गुरुवार को केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय से मांगी गई और मिल गई। दिल्ली चिड़ियाघर के निदेशक, संजीत कुमार ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की ओर से जारी एवियन इन्फ्लूएंजा की तैयारी, नियंत्रण और रोकथाम के लिए उठाए गए कदम के अध्याय छह के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए, हर 15 दिन में चार बार सैंपल एकत्र किए गए। लेटेस्ट सैंपल की सभी रिपोर्टें भोपाल में स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज में नेगेटिव पाई गईं। दिल्ली चिड़ियाघर के निदेशक, कुमार ने कहा, अब, सक्षम प्राधिकारी से मंजूरी मिलने के बाद, दिल्ली चिड़ियाघर 8 नवंबर से आगंतुकों के लिए फिर से खुल जाएगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि सभी सामान्य सुरक्षा और रोकथाम के उपाय जारी रहेंगे। 12 अक्टूबर को, चिड़ियाघर के अधिकारियों ने घोषणा की थी कि पिछले महीने किसी भी पक्षी में बर्ड फ्लू की रिपोर्ट पॉजिटिव नहीं आई थी, फिर भी और सैंपल लिए जाएंगे और यह 30 अक्टूबर से पहले नहीं खुलेगा। यह हाल के वर्षों में एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) के कारण दिल्ली चिड़ियाघर तीसरी बार बंद हुआ। इससे पहले यह 2016 और 2021 में भी बंद हुआ था। 1959 में स्थापित, यह चिड़ियाघर 176 एकड़ में फैला हुआ है, और इसमें जानवरों, पक्षियों और सरीसृपों की 96 प्रजातियां हैं।



## 15 साल पहले पत्नी का कत्ल करके भागा, गुजरात से फैक्ट्री मैनेजर हुआ गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने एक ऐसी मर्डर मिस्ट्री सुलझाई है जो फिल्मी कहानियों को मात देती है। 15 साल पुराने कत्ल के मामले में राजस्थान के नरेश प्रसाद उर्फ नारोत्तम को अब गिरफ्तार किया गया है। ये शख्स गुजरात के छोटा उदयपुर में कपास फैक्ट्री का मैनेजर बनकर आराम से जिंदगी काट रहा था। लेकिन पुलिस की नजर से बच नहीं पाया। ये घटना 31 मई 2010 की है। जहांगीरपुरी के एक बंद मकान से आ रही बदबू ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। पीसीआर कॉल आई, पुलिस पहुंची, दरवाजा तोड़ा अंदर फर्श पर पड़ी थी 25 साल की एक महिला की आधी सड़ी लाश। पास में सुसाइड नोट भी मिला। शुरुआत में लगा कि ये सुसाइड का केस है। लेकिन दिल्ली पुलिस को कुछ और ही शक हुआ। जांच में पता चला कि मृतका का पति नरेश प्रसाद ही मुख्य संदिग्ध है। शादी के कुछ ही दिनों बाद झगड़े शुरू हो गए थे।

# बोकारो एयरपोर्ट से हवाई सेवा शुरू करने की दिशा में कार्रवाई तेज









## हवाई अड्डा के आसपास अवैध निर्माण व बूचड़खानों पर चला बुलडोजर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो एयरपोर्ट से व्यवसायिक हवाई उड़ान सेवा शुरू करने को लेकर एक बार फिर कवायद तेज हो गई है। भारत सरकार के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की रिपोर्ट के अनुसार, एयरपोर्ट की बाउंड्री के आसपास अतिक्रमण, अवैध बूचड़खाना और झुग्गी-झोपड़ियों की मौजूदगी हवाई सेवा शुरू करने में प्रमुख बाधा बनी हुई थी। इस समस्या के समाधान के लिए बोकारो स्टील लिमिटेड के संपदा



न्यायालय ने पहले ही अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया था, लेकिन लंबे समय तक इस पर अमल नहीं किया गया। शनिवार को बोकारो स्टील के सुरक्षा विभाग ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। सैकड़ों पुलिस जवानों और बीएसएल सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में बुल डोजर चलाकर अवैध निर्माण और बूचड़खानों को हटाया गया। पूरे क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से सख्त व्यवस्था की गई थी। बीएसएल के महाप्रबंधक ए.के. सिंह ने बताया कि बोकारो से हवाई उड़ान सेवा शुरू कराना पूरे क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी है, इसलिए सभी को इसमें सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि कई बार नोटिस देने के बावजूद अवैध निर्माण नहीं हटाए गए, जिसके बाद मजबूरन सख्त कदम उठाना पड़ा।



वहीं, बीएस सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास ने बताया कि कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रति नियुक्त दंडाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस कार्रवाई के बाद बोकारो एयरपोर्ट क्षेत्र काफी हद तक अतिक्रमण मुक्त हो गया है, जिससे हवाई सेवा शुरू करने की दिशा में एक अहम बाधा दूर हो गई है। उम्मीद है कि अब जल्द ही बोकारो से व्यवसायिक उड़ान सेवा शुरू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बोकारो स्टील प्लांट में एक फिर हादसा, ठेका कर्मी झुलसा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट में एक बार फिर हादसा सामने आया है। प्लांट के एसएसडी विभाग में काम कर रहे 31 वर्षीय अमन मरांडी गंभीर रूप से झुलस गए हैं। बताया जा रहा है कि अमन मरांडी ठेका मजदूर हैं और एक निजी कंपनी के अंतर्गत काम करते थे। घटना के दौरान अमन अपने नियमित कार्य में लगे हुए थे, तभी अचानक



वहां आग की चपेट में आ गए। हादसे में उनके हाथ, मुंह और शरीर के अन्य हिस्से जल गए है। घायल मजदूर को पहले प्लांट अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बोकारो जनरल अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि बोकारो स्टील प्लांट में इस तरह की दुर्घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। हाल ही में उपायुक्त द्वारा चास एसडीएम को पूर्व की दुर्घटनाओं की जांच का जिम्मा सौंपा गया था। इस घटना को भी जांच के दायरे में शामिल किया जा रहा है कि आखिर यह हादसा लापरवाही से हुआ या सुरक्षा मानकों की अनदेखी से।

### 75 वर्षीय वृद्धा की जांघ की हडडी का सफल ऑपरेशन किया गया : सिविल सर्जन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन में डॉ सौरभ कुमार एवं डॉ सुनील कुमार की टीम ने सदर अस्पताल में 75 वर्षीय महिला पूर्णिया देवी के जांघ की हडडी का सफल ऑपरेशन किया गया। इस संबंध में सिविल सर्जन ने बताया कि पूर्णिया देवी को मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप होने के बावजूद भी हमारे सदर अस्पताल के डाक्टर की टीम ने हडडी की सफल आप्रेशन किया जोकि बोकारो डाक्टर के टीम के



लिये सराहनीय कार्य है। वहीं, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ एनपी सिंह ने बताया कि बोकारो सदर अस्पताल में आप्रेशन लगातार जारी रहेगा। बोकारो आम जनमानस के लिये सदर अस्पताल सेवा के लिये तत्पर है इसका लाभ बोकारो वासी अवश्य उठायें। सर्जरी के दौरान डॉ एनपी सिंह, डॉ सुनील कुमार, डॉ सौरभ सांख्यान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रविशंकर, अस्पताल प्रबंधक पवन श्रीवास्तव एवं ओटी टकनीशियन शमीम, व अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

### बोकारो में तिथिवार रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने जिले के सभी सरकारी एवं निजी अस्पताल के प्रभारी/प्रबंधको के साथ वर्चुअल मीटिंग की गई जिसमें झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस, 2025 के अवसर पर 11 नवंबर से 29 नवंबर, 2025 तक अपने अपने क्षेत्रों के सभी स्वास्थ्य केन्द्र जैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिकी स्वास्थ्य केंद्र, आयु.आ.मं. में 'हेल्थ शिविर' का आयोजन करेंगें। साथ ही निम्नांकित तिथि को रक्तदान शिविर का शुभारंभ माननीय जनप्रतिनिधि/वरीय पदाधिकारी से करायेंगें। रक्तदान शिविर हेतु प्रभारी ब्लड बैंक, बोकारो डॉ मैथिली ठाकुर, मो.नं0-9431517301 एवं उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, बोकारो डॉ एनपी सिंह, मो0-7909091003 से समन्वय स्थापित करेंगें। सभी प्रभारी /अस्पताल प्रबंधक अपने स्तर से निर्धारित दिवस को कार्यक्रम की तैयारी एवं आम जनमानस में प्रचार प्रसार करें ताकि इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। बैठक में आरसीएच पदाधिकारी डॉ सेलीना टूडू, जिला कार्यक्रम प्रबंधक बोकारो रविशंकर, जिला डेटा प्रबंधक कंचन, सभी सरकारी/गैर सरकारी अस्पताल के प्रभारी/प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

### तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति बच्चों को किया जागरूकता

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के आदेशानुसार डॉ राजेन्द्र प्रसाद पब्लिक स्कूल, सेक्टर-9, रानीपोखर बोकारो के प्राचार्य मुकेश कुमार की अध्यक्षता में स्कूल के बच्चों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तम्बाकू के दुष्प्रभाव से सम्बन्धित चित्रकला प्रतियोगिता, शपथ कार्यक्रम एवं वाद विवाद प्रतियोगिता कराया गया। साथ ही स्कूल प्राचार्य द्वारा बच्चों को तम्बाकू से होने वाले जनित रोगों से अवगत कराया गया साथ ही सभी को तम्बाकू छोडने के परामर्शी सेवा के साथ साथ तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया गया।

# सड़क पर रेसिंग करते पकड़े जाने पर चालक को होगा जुर्माना व तीन महीनें का कारावास

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश एवं जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज के आदेश पर 'ओरवस्पीडिंग जागरूकता सप्ताह' मनाया जा रहा है। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य तेज गति से वाहन चलाने के खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर 'रफ्तार नहीं, जीवन की जिम्मेदारी निभाओ- रफ्तार घटाओ, सुरक्षा बढ़ाओ' का संदेश दिया जा रहा है। इसके तरह आज मोटर वाहन निरीक्षक पदाधिकारी कमल किशोर, अमित कुमार, अभय चौधरी एवं यातायात पुलिस निरीक्षक नीतीश कुमार सहित जिला सड़क सुरक्षा सदस्यों द्वारा बालीडीह स्थित टॉल प्लाजा पर सभी वाहनों पर लोगों चिपकाया कर चालकों को जागरूक



किया गया। उन्हें बताया गया कि आप अपने वाहन को नियंत्रित रफ्तार में चलाए। ताकि बैठे यात्रियों को सुरक्षित पहुंचाया जा सके। मोटर वाहन निरीक्षक पदाधिकारी कमल किशोर ने कहा कि अभियान के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आम नागरिकों, वाहन चालकों और युवाओं को सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व से अवगत कराया जा रहा है कि वाहन को गति सीमा के अंदर ही चलाए। इससे जरूरत पड़ने पर वाहन को रोकने तथा नियंत्रित करने का पर्याप्त समय मिलता है, नियंत्रित गति सीमा से अधिक वाहन चलाने पर मोटरयान अधिनियम 2019 की धारा 183 के तहत आपकों आर्थिक दण्ड भरना पड़ सकता है। सड़क पर रेसिंग करते पकड़े जाने पर चालक को मोटरयान अधिनियम 2019 की धारा 189 के तहत पहले अपराध के लिए 05 हजार /तीन महीनें का कारावास या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। साथ ही दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में नये स्पीड लिमिट बोर्ड, स्पीड ब्रेकर का अधिष्ठापन एवं पुराने जर्जर चेतावनी सूचकों का मरम्मतिकरण किया जा रहा है।

# बन्द चानक में आग लगने से ग्रामीणों में दहशत



**बाघमारा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीसीसीएल एरिया-4 अंतर्गत लकड़का 8 नंबर बन्द चानक में आचनक भयानक आग भड़क गया है.। बन्द चानक कतरी नदी किनारे स्थित है. आग लपटे और काले धुएं का गुब्बार काफी ऊंची उठ रही है. आस पास घनी आबादी है. आग भड़कने से लोगो मे दहशत का माहौल हो गया है. इन दिनों भूमिगत खदान से उठता जहरीला धुआं ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गया है. क्षेत्र में लगातार धुआं निकलने से आसपास का इलाका धुंधली और दुर्गंध से भर गया है, जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है. ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कई दिनों से भूमिगत कोयला परतों में आग सुलग रही है, जिससे काला घना धुआं निकल रहा है. स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि घरों में धुआं भर जाने से बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है. भूमिगत आग को लेकर बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा गम्भीरता नही बरतने से लोगों में नाराजगी है. बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. अगर आग का दायरा बढ़ा, तो नदी किनारे बसा पूरा इलाका खतरे में पड़ सकता है. ग्रामीण बीसीसीएल अधिकारियों और जिला प्रशासन से तत्काल निरीक्षण कर आग धुआं पर नियंत्रण के उपाय करने की मांग की है.

# मलेरिया रोगी की खोज के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण केन्द्र, बोकारो द्वारा फइलेरिया उन्मूलन लक्ष्य की प्रप्ति के निमित जिलान्तर्गत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में माइक्रो फइलेरिया सर्वे हेतु रात्रि रक्त पट्ट संग्रह का कार्य 05 नवंबर तक जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के 8 सेन्टीनल साइट तथा 8 रेण्डम साइट में कराया गया, जिसमें 2250 रात्रि रक्त पट्ट संग्रह 8 सेन्टीनल साइट से



तथा 2030 रात्रि रक्त पट्ट संग्रह 8 रेण्डम साइट से कुल 4280 रात्रि रक्त पट्ट संग्रह किया गया था। उक्त रात्रि रक्त पट्टो का जाँच प्रशिक्षित प्रयोगशाला प्रावैधिक द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर किया जा रहा है। रात्रि रक्त पट्ट जाँच प्रतिवेदन के आधार पर प्रभावित सामुदायिक स्वा० केन्द्रों में जहाँ माइक्रो फाइलेरिया दर 1 से अधिक होगा वहाँ एमडीए कार्यक्रम किया जाएगा। रात्रि रक्त पट्ट संग्रह कार्य की समीक्षा तथा आगामी दिनांक 15 नवंबर से 25 नवंबर तक फीवर सर्वे (मलेरिया रोगी का खोज) का सफल क्रियान्वयन हेतु जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ. रेणू भारती की अध्यक्षता में आज दिनांक 08 नवंबर, 2025 को जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी मलेरिया तकनिकी पर्यवेक्षक को रात्रि रक्त पट्ट जाँच ससमय पूर्ण करवाने एवं फीवर सर्वे जिले के वैसे गांव जहां विगत तीन वर्षों से मलेरिया धनात्मक रोगी पाये जा रहे है पर विशेष ध्यान देते हुए सभी गाँवों में करवाने तथा का निर्देश दिया गया। ज्ञातव्य हो कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति अन्तर्गत फाईलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके अन्तर्गत रात्रि रक्तपट्ट संग्रह एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। रात्रि रक्तपट्ट परिक्षण के द्वारा फाईलेरिया संचरण की वस्तुस्थिति का आकलन किया जाता है, जिसके आधार पर एम डी ए मनाया जाना है अथवा नहीं, का निर्णय लिया जाता है। बैठक के दौरान जिला भीबीडी पदाधिकारी सहित सलाहकार भीबीडी, सभी मलेरिया तकनिकी पर्यवेक्षक, श्रेष्ठ क्षेत्रीय कार्यकर्ता एवं पिरामल फाउन्डेशन के डिस्ट्रिक लीडर एवं पीओसीडी भी उपस्थित थे।

# अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के सदमे से युवक ने दम तोड़ा : कुमार राकेश

## अतिक्रमण हटाना वादाखिलाफी, कड़ी निंदा, पुनर्वास की मांग

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झुग्गी-झोंपड़ीवासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ और आम आदमी पार्टी ने शनिवार को सेल प्रबंधन और जिला प्रशासन द्वारा चलाए गये अतिक्रमण हटाओ अभियान की कड़ी निंदा की है। इसे प्रशासन की वादाखिलाफी बताते हुए प्रशासन से मुआवजा और पुनर्वास की मांग की गयी है। महासंघ के संरक्षक सह आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने कहा है कि पिछले कई दिनों से उपायुक्त बोकारो और अनुमंडल पदाधिकारी चास से वार्ता के दौरान सिर्फ मीट-मुर्गा दुकानों को हटाने की बात कही गयी थी। उन्होंने स्वयं ही दुकानें हटा ली थीं, लेकिन



कारवाई के दौरान कई अन्य दुकानों और लगभग पचास गरीबों की झोंपड़ियाँ भी तोड़ दी गई है। सदमें से कार्रवाई से पूर्व ही एक युवक ओम कुमार ने दम तोड़ दिया। वह अकेला कमानेवाला था, इसलिए प्रशासन को उसकी विधवा माँ को कम से कम पचास हजार रुपए मुआवजा देना चाहिए। राकेश ने कहा कि आगे आंदोलन कर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाया जाएगा। सेल प्रबंधन और जिला प्रशासन की तानाशाही कारवाई की निंदा करने वालों में महासंघ के जिलाध्यक्ष श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, कार्यकारी अध्यक्ष संजय रजक, उपाध्यक्ष सत्येंद्र ठाकुर, बुधनी देवी, सुनीता देवी, रामचंद्र राम, गोविंद जायसवाल, आम आदमी पार्टी के जोनल पर्यावेक्षक विधान चंद्र राय, जिला प्रभारी अरविंद विकाश, धर्मेंद्र शर्मा, अशोक कुमार, मनौवर अंसारी, गयासुद्दीन अंसारी, उत्तम सिंह चौधरी, संजय कुमार सहित अन्य शामिल हैं।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर भोगनाडीह से बोकारो पहुंची 'जस्ट ट्रांजिशन यात्रा'

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड में सिदो, कान्हु की भूमि से शुरू हुई जस्ट ट्रांजिशन यात्रा शनिवार को बोकारो के बिरसा चौक पहुंची। इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात यात्री में शामिल सभी सादस्यो को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया !भोगनाडीह से शुरू हुई यह यात्रा धनबाद होते हुए बोकारो, बेरमो, स्वांग बहादुरपुर तक पहुंची। बोकारो बिरसा चौक में आयोजित कार्यक्रम का संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अधिक को मापने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण जनमानस काफी प्रभावित है और इस संकट से मुक्ति हम सभी के सहयोग से ही संभव है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पर्यावरणविद गुलाब चंद्र ने कहा कि सारथी झारखंड जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क के बैनर तले आयोजित इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य हरित और समावेशी विकास को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाना है। इस




मौके पर वक्ताओं गौतम सागर, मुन्ना झा , महावीर कुमार, विनय कुमार ने कहा कि हमारे आसपास के पर्यावरण के लिए लोगों को खुद की सचेत होना होगा और उसे बचाने के प्रयास करने होंगे। यात्रा के सारथियों ने कहा कि 'जल, जंगल, जमीन ही हमारा साझा भविष्य है। इनका संरक्षण भविष्य का संरक्षण है। सारथी बोकारो में गौतम सागर ने जलवायु परिवर्तन की गंभीरता के बारे में बताते हुए कहा कि हाल ही में बेमौसम बारिश के कारण फसलों को काफी नुकसान हुआ। यह पर्यावरण के साथ हो रही छेड़छाड़ का ही नतीजा है, जिसे समय रहते समझने की जरूरत है। इस क्षेत्र में पिछले कई सालों से सुखाड़ की स्थिति है। उन्होंने कोयला से बचने और पर्यावरण सुरक्षा को लेकर तथा आजीविका को लेकर बातें रखीं। मौके पर विजय कुमार, अनिल कुमार हेंब्रम, अनुनय, नेपाल महतो, अशोक कुमार, पायल कुमारी, प्रतिक,सत्यम, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नुक्कड़ नाटक टीम का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

# बोकारो स्टील प्लांट में तकनीकी पेंटिंगः संयंत्र संरचनाओं और पाइपलाइनों के लिए आधुनिक सुरक्षा कवच

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट में निरंतर आधुनिकीकरण और नई रखरखाव तकनीकों को अपनाना संयंत्र के प्रदर्शन और विश्वसनीयता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. बोकारो स्टील प्लांट के रखरखाव में इन्हीं पहलों में से एक है तकनीकी पेंटिंग जो पारंपरिक रंग-रोगन से आगे बढ़कर इस्पात संरचनाओं और उपकरणों को दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करने वाली एक उन्नत प्रणाली है. संयंत्र की पाइपलाइनों, टैंकों, सपोर्ट स्ट्रक्चर्स और मशीनरी को उच्च तापमान, आर्द्रता, धूल और रासायनिक धुएँ जैसी कठोर परिस्थितियों में काम करना पड़ता है. ऐसी परिस्थितियों में जंग से सुरक्षा की ढाल प्रदान करने हेतु इपॉक्सी, पॉलीयूरेथेन, ज़िंक-रिच, एक्रेलिक पीयू इंटरथेन तथा एल्यूमिनियम कोटिंग्स जैसी आधुनिक पेंटिंग प्रणालियाँ जंग और घिसाव से मजबूत सुरक्षा प्रदान करती हैं. इससे संयंत्र की परिसंपत्तियों का जीवन बढ़ता है तथा संचालन अधिक सुरक्षित होता है और उत्पादन निर्बाध बना रहता है. तकनीकी



पेंटिंग की सबसे बड़ी विशेषता इसकी लंबे समय तक टिकाऊ क्षमता है, जिससे बार-बार पेंटिंग और रखरखाव की आवश्यकता कम हो जाती है. परिणामस्वरूप संयंत्र को कम रखरखाव लागत और अधिक परिचालन दक्षता का लाभ मिलता है. साथ ही, लो-वीओसी और जल-आधारित पेंट्स पर्यावरण के अनुकूल हैं, जो वायु प्रदूषण और सॉल्वेंट उत्सर्जन को कम करते हैं जिसके कारण अनुरक्षण लागत में कमी और दक्षता में वृद्धि होती है. इस प्रक्रिया में सॉल्वेंट और हाइड्रो-जेट क्लीनिंग द्वारा सतह की प्रारंभिक सफाई की जाती है, इसके बाद मैकेनिकल पावर टूल्स से सतह तैयार की जाती है और एयरलेस स्प्रे सिस्टम से कोटिंग की जाती है, जिससे समान मोटाई, बेहतर गुणवत्ता नियंत्रण और न्यूनतम पेंट की बबार्दी सुनिश्चित होती है. गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक कोट के बाद वेट फिल्म थिकनेस मापना, ड्राई फिल्म थिकनेस का परीक्षण मानकों के अनुसार करना, तथा प्रत्येक कार्य पर क्रॉस हैच कटर द्वारा एडहेशन टेस्ट करना आधुनिक परीक्षण विधियाँ अपनाई जाती हैं. इस प्रकार के सभी नियंत्रण उपाय कोटिंग की मजबूती और दीर्घकालिक प्रदर्शन की गारंटी देते हैं. संयंत्र में पाइपलाइनों और संरचनाओं पर रंग-कोडिंग आधारित पेंटिंग न केवल सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करती है, बल्कि संयंत्र के वातावरण की सौंदर्यात्मकता और अनुशासन को भी बढ़ाती है. स्वच्छ और सुसज्जित कार्यस्थल संगठन की उत्कृष्टता को दशार्ता है और कर्मचारियों के मनोबल को सशक्त बनाता है. तकनीकी पेंटिंग बोकारो स्टील प्लांट की आधुनिकीकरण, दक्षता और सतत विकास की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बनकर उभरी है. यह नवाचार, सुरक्षा और प्रगति का प्रतीक है जो न केवल इस्पात संरचनाओं की सतह की रक्षा करती है बल्कि संयंत्र की दीर्घकालिक मजबूती और विश्वसनीयता की गारंटी भी देती है.

# आयुक्त उतरी छोटानागपुर प्रमंडल भूमि अभिलेख रखरखाव कार्यशाला में हुए शामिल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार का शनिवार को एक दिवसीय बोकारो भ्रमण के दौरान बोकारो निवास पहुंचे। जहां उपायुक्त अजय नाथ झा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका



स्वागत किया। इसके बाद पुलिस जवानों द्वारा आयुक्त महोदय को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड के अंतर्गत भूमि अभिलेखों और किरायेदार धारक अभिलेखों के रखरखाव से संबंधित कार्यशाला में भाग लिया। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो तेनुघाट मुकेश मछुआ, भूमि सुधार उप समाहर्ता चास श्री प्रभास दत्ता सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार ने राजस्व अधिकारियों को भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण, अभिलेखों के अद्यतन एवं पारदर्शी रखरखाव से जुड़ी प्रक्रियाओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भूमि रिकॉर्ड के रखरखाव में पारदर्शिता और तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग आवश्यक है ताकि आम नागरिकों को समय पर सही जानकारी उपलब्ध हो सके। आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों से लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर भी बल दिया। कार्यशाला में जिले के सभी राजस्व पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com